समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 61,275.09 | 18,015.85 |

तापमान
अधिकतम 29 ℃
न्यूनतम 15 ℃

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



जातिगत जनगणना सामाजिक न्याय के लिए आवश्यकः निषाद पेज-02
अब पार्टी का कोई भी नेता मानस पर बयान नहीं देगा : शिवपाल पेज-08

वर्ष 10 | अंक 183 | लखनऊ, 20 फरवरी, सोमवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com , Email : samradhinews@gmail.com

**विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे मौजूद : सर्वदलीय बैठक में सदन चलाने का मांगा सहयोग, सीएम योगी बोले-**

# चर्चा ऐसी हो जिससे प्रदेश का विकास हो

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सर्वदलीय बैठक में राज्य के संसदीय परम्पराओं के अनुरूप राज्यपाल के अभिभाषण व बजट सत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी दलीय नेताओं से सहयोग की अपेक्षा की जिस पर सभी नेताओं ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह सदन के संचालन में पूरा सहयोग करेंगे।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने आग्रह किया कि सदस्य सदन में केवल हाजिरी न लगाए बल्कि सदन में उपस्थिति भी रहें जिससे प्रदेश का विकास हो सके। सदन में हम सभी को मिलकर जनहित में सामूहिक चर्चा करनी चाहिए।

**विधानसभा का साल 2023 में पहला सत्र है एक सार्थक चर्चा होनी चाहिए : सीएम योगी**

नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलीय नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य के आय-व्यय की चर्चा हम सब वर्ष 2023 के प्रथम सत्र में करने जा रहे हैं, जो संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप होगा। उन्होंने कहा कि सदन एक सार्थक चर्चा का माध्यम होता है।

उन्होंने कहा कि हम सब लोगों ने कोराना काल में सदन को बढ़ चढकर चलाने का काम किया। जिसे देश दुनिया सराहा गया। उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है जो दिन प्रतिदिन प्रगति के पथ पर है।



### गुड गवर्नेस की वजह से दोबारा सदस्य चुनकर आए : सुरेश खन्ना

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि हम अच्छी तरह जानते हुए कि गुड गवर्नेस की वजह से ही दुबारा चुनकर आये हैं। सभी लोग सदन चलाने में सहयोग करेंगें, यह एक अच्छी परम्परा है। उन्होने कहा कि सदन चलने पर ही सभी समस्याओं का निदान होता है तथा उसी से प्रदेश विकास पथ पर होगा। खन्ना ने कहा कि नेता सदन की मंशा के अनुरूप चर्चा कर ऐतिहासिक रूप से परम्पराओं का निर्वाहन किया जायेगा। सत्र सुचारू रूप से चलाने के आश्वासन का हम स्वागत करते हैं।

### ये नेता रहे है बैठक में मौजूद

बैठक में नेता प्रतिपक्ष की जगह समाजवादी पार्टी के सचेतक मनोज कुमार पाण्डेय ने बजट सत्र में अपने दल का पूरा सहयोग करने तथा सकारात्मक चर्चा किये जाने पर अपनी सहमति जताई। नेता अपना दल रामनिवास वर्मा, नेता लोकदल राजपाल बालियान, नेता सुहेलदेव पार्टी ओम प्रकाश राजभर, नेता निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के अनिल कुमार त्रिपाठी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा, (मोना), जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के नेता रघुराज प्रताप सिंह, राजा भईया एवं नेता बहुजन समाज पार्टी उमाशंकर सिंह सहित सभी दलीय नेताओं ने मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष को सदन चलाने में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में समिति के सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे। एक अन्य बैठक में विधानसभा सत्र के दौरान इसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विधान सभा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया गया।

**मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं**

## हर संभव मदद का दिया आश्वासन

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने दिग्विजय नाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब 300 लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने इलाज के लिए वित्तीय सहायता की फरियाद लेकर पहुंचे लोगों से कहा जन स्वास्थ्य और सभी लोगों की समस्याओं का निदान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। धन के अभाव में किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। सरकार उपचार पर होने वाले खर्च का अनुमान प्राप्त होने के बाद जरूरतमंदों को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। आदित्यनाथ ने फरियादियों से निवेदन पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को सौंपे और समयबद्ध तथा संतोषजनक निदान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर लोगों की समस्याएं सुनीं और आश्वासन दिया कि उन्हें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

**दूसरा टेस्ट : तीसरे दिन**




# भारत ने दी कंगारुओं को मात

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने मेजबान टीम को तीसरे ही दिन छह विकेट से मात दे दी है। इस सीरीज में भारतीय टीम अब 2-0 से आगे हो गई है। इस जीत के हीरो रवींद्र जडेजा रहे जिन्होंने दूसरी पारी में धमाकेदार गेंजबाजी करते हुए सात विकेट चटकाए। रवींद्र जडेजा की पॉवरफुल गेंदबाजी के आगे कंगारु टीम टिक न सकी और सुबह के सेशन में ही 113 रन बनाकर नौ विकेट गंवा गई। दूसरी पारी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से भारत को 115 रनों का टारगेट मिला।

### सीरीज में 2-0 से आगे

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज महज 49 रनों के अंदर ही अपने नौ विकेट गंवा बैठे। रवींद्र जडेजा के अलावा तीन विकेट अश्विन ने लिए। इस पूरे मैच में रवींद्र जडेजा ने कुल 10 विकेट झटके। वहीं ऑस्ट्रेलिया द्वारा मिले इस छोटे से टारगेट को कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। टीम के लिए अपना 100वां टेस्ट खेल रहे चेतेश्वर पुजारा 31 रन पर नाबाद रहे। कप्तान रोहित शर्मा ने भी 20 गेंद की आक्रामक पारी में 31 रन बनाये।

## संक्षिप्त समाचार

### वीडियो कॉल पर अश्लील हरकतें करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। 30 से ज्यादा महिलाओं से वीडियो कॉल कर अश्लील हरकतें करने के आरोप में फिलपकार्ट डिलीवरी एजेंट को पुणे से गिरफ्तार किया गया है। फेसबुक पर नौकरी के विज्ञापन देखने के बाद वह व्हाट्सएप ग्रुप्स में शामिल होता था। इसके बाद ग्रुप से महिलाओं के नंबर निकालकर उन्हें वीडियो कॉल करता था।

### हार्दिक पंड्या पहली बार करेंगे वनडे में कप्तानी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी 2 टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी गई है। टेस्ट टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, हार्दिक पंड्या पहली बार वनडे फॉर्मेट में भारत की कप्तानी करेंगे। रोहित पारिवारिक कारणों से पहला वनडे नहीं खेलेंगे। वह दूसरे वनडे से टीम के साथ जुड़ेंगे और कप्तानी करेंगे। वनडे टीम में रवींद्र जडेजा की वापसी हुई है और जयदेव उनादकट को पहली बार मौका मिला है।

### ओल्ड पेंशन स्कीम की मांग कर रहे कर्मचारियों को पुलिस ने पीटा

नई दिल्ली। हरियाणा में बजट सत्र से पहले ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर बवाल हो गया है। ओपीएस की मांग को लेकर रविवार को प्रदेशभर के कर्मचारियों ने पंचकूला से चंडीगढ़ कूच किया। चंडीगढ़ पुलिस ने इन कर्मचारियों को बॉर्डर पर रोक लिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर झड़प हुई। कर्मचारियों ने बैरिकैडिंग हटाकर चंडीगढ़ में घुसने की कोशिश की तो पुलिस ने उनसे धक्का-मुक्की शुरू की।

### जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड से पांच घरों को नुकसान

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के रामबन में को लैंडस्लाइड से पांच घरों को नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अधिकारियों ने इसकी जानकारी रविवार को दी। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया गया है। घटना रामबन जिले से 45 किलोमीटर दूर संगलदान के दुक्सर दल गांव की है।

**कांग्रेस और पूर्व की सरकारों पर भड़के अमित शाह**

# भ्रष्टाचार और आतंकवाद के मुद्दे पर भी बरसे

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के गृहमंत्री अमित शाह इन दिनों महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर है। शिवाजी महाराज की जयंती और दौरे के दूसरे दिन शाह ने कोल्हापुर का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व की सरकारों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियों पर निशाना साथा। कोल्हापुर में बोलते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सत्ता में हर मंत्री खुद को प्रधानमंत्री मानता था। हर तरफ भारी भ्रष्टाचार था। किसी सरकार में इस भ्रष्टाचार को रोकने की हिम्मत नहीं थी। कोई इसे हटाने के लिए काम नहीं कर रहा था। उन्होंने कहा कि आलम ये था कि पाकिस्तानी आतंकवादी हमारे सेना के अधिकारियों की हत्या करते थे। इस आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने



की किसी में हिम्मत नहीं थी। देश हो या राज्य हर तरफ कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही थी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि बच्चों को स्कूल में अपने जीवन के लक्ष्यों को निर्धारित कर उन्हें हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। कोल्हापुर में एक स्कूल के छात्रों से बात करते हुए शाह ने कहा कि उनकी पत्नी पश्चिमी महाराष्ट्र शहर से हैं और यहीं एक स्थानीय स्कूल में पढ़ी हैं। उन्होंने कहा, ''स्कूल के दिनों में जीवन के लक्ष्यों को निर्धारित करना चाहिए। यह आपको अपने जीवन की चुनौतियों से पार पाने में मदद करेगा।'' शाह ने कहा कि अगर कोई जीवन में बहुत ऊंचा लक्ष्य निर्धारित करता है, तो उसे अच्छी आदतों से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को नियमित व्यायाम, योगाभ्यास और स्वस्थ आहार लेने की सलाह देते हुए कहा कि अक्सर आलस के कारण इन पहलुओं की उपेक्षा की जाती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''लगातार 21 दिन तक कोई एक काम करने से उसकी आदत बन जाती है। और अगर आप इसे 90 दिनों तक करते हैं, तो यह आदत जीवन भर रहती है। यह मनोविज्ञान का सिद्धांत है।

## हम सभी हिंदू, नहीं करें किसी से भेदभाव : भागवत



**जात-पात का भेदभाव छोड़े हम सब हिंदू हैं। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जिसमें कोई जातियां न हों। जो दूसरी जातियां व अलग-अलग धर्म अपनाए हैं उनके पूर्वज भी हिंदू थे। — मोहन भागवत**

बरेली, समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन कार्यकर्ता परिवार मिलन को संबोधित किया। उन्होंने पत्नी व बच्चों संग पहुंचे संघ के कार्यकर्ताओं को आपसी भेदभाव खत्म कर एकजुट होकर सामाजिक समरसता बढ़ाने का मंत्र दिया। संबोधन में शामिल होकर निकले कार्यकर्ताओं के अनुसार संघ प्रमुख ने जात-पात का भेदभाव छोड़ने को कहा। कहा हम सब हिंदू हैं। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जिसमें कोई जातियां न हों। जो दूसरी जातियां व अलग-अलग धर्म अपनाए हैं उनके पूर्वज भी हिंदू थे। पूजा पद्धति अलग-अलग हो सकती है लेकिन जातियां सब एक ही हैं। समय के साथ थोड़ा परिवर्तन हुआ है। हम सभी को राष्ट्र प्रथम के भाव से आगे बढ़ना है।

# गाजियाबाद में निर्माणाधीन फैक्ट्री गिरी, कई मजदूर दबे

गाजियाबाद, समृद्धि न्यूज़

लोनी कोतवाली क्षेत्र के रूप नगर औद्योगिक क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब तीन बजे निर्माणाधीन फैक्ट्री की शटरिंग अचानक भरभरा कर गिर गई। उसके नीचे करीब आठ कामगार दब गए। जिला प्रशासन की ओर से बचाव कार्य जारी है। मलबा हटाकर पांच घायल कामगारों को निकाला जा चुका है। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, आकाश शर्मा रूप नगर औद्योगिक क्षेत्र में चार सौ गज के प्लाट में फैक्ट्री का निर्माण करा रहे हैं। रविवार को 20 फीट पर लेंटर डालने के लिए कामगार शटरिंग लगा रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे शटरिंग अचानक गिर गई। करीब आठ कामगार उसके नीचे दब गए। चीख-पुकार मच गई। सूचना स्थानीय पुलिस, अग्निशमनकर्मी, नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तीन जेसीबी के मदद से मलबा हटाना शुरू किया। करीब एक घंटे में पांच घायल कामगारों को बाहर निकाला। उनकी पहचान बलराम नगर के सन्नी, बलकेश, सुनील, शमीम व राजेश के रूप में हुई।

### आलाधिकारी पहुंचे

सूचना पर पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण रवि कुमार सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे गए। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची है। शटरिंग को कटर से काटा जा रहा है। डाग स्क्राड की भी मदद ली जा रही है। अधिकारियों की निगरानी में बचाव कार्य चल रहा है।

### अफरा-तफरी का माहौल

हादसे के बाद से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। मौके पर भारी भीड़ जुटी है। उन्हें संभालने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि स्थानीय लोग मदद भी कर रहे हैं। इस मामले में अब तक किसी भी अधिकारी का कोई बयान नहीं आया है।

**दूसरे दिन भी दिल्ली की हवा रही बेहद खराब**

# 300 के पार पहुंचा एक्यूआई

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में वायु की गुणवत्ता दूसरे दिन भी बहुत खराब की श्रेणी में बनी हुई है। शनिवार को दिल्ली का एक्यूआई 300 से ऊपर था, जो रविवार को भी दोपहर बाद इतना ही बना हुआ है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के अनुसार, रविवार को राजधानी दिल्ली का एक्यूआई 312 दर्ज किया गया।

### दो दिन बाद राहत के आसार



हालांकि, मंगलवार से हवा की गुणवत्ता में सुधार होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दक्षिण-पूर्वी हवा की दिशा में बदलाव के कारण हवा की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली नमी में वृद्धि हुई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि हवा की गति 16 फरवरी से अचानक धीमी हो गई थी। हालांकि, सोमवार तक हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी, लेकिन मंगलवार से खासा सुधार होने की उम्मीद है।

# बड़बोले बयानों से अव्यवस्था को छुपाया नहीं जा सकता

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाली के स्तर पर पहुंच गई हैं। अस्पतालों में दवा और इलाज दोनों का अभाव है। मुख्यमंत्री जी के तमाम दावों के बावजूद अस्पतालों की दशा सुधरने का नाम नहीं ले रही है। विज्ञापनों या बड़बोले बयानों से अव्यवस्था को



छुपाया नहीं जा सकता है। कन्नौज में जिला अस्पताल की ऐसी दुर्दशा है कि यहां के लोग दूसरे जिलों में इलाज के लिए जाने लगे हैं। यहां भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के समय की व्यवस्था को बर्बाद कर जनता को बीमार रहने को बाध्य कर दिया है। राजधानी लखनऊ में, जहां पूरा शासन-प्रशासन सिर पर है, अस्पतालों में बीमार लोगों को समय से सही इलाज नहीं मिल पाता है। दिल के कई मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ चुके हैं। पीजीआई में चार दिनों से भर्ती होने के लिए गाजीपुर की महिला भटक रही थी।

### हटाए गए शुद्र व रामचरितमानस को प्रतिबंधित करने वाले पोस्टर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता व विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य के रामचरितमानस को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद उनकी बातों का समर्थन करते हुए जब सपा प्रमुख ने खुद को शुद्र बताया तो उनके समर्थकों ने पार्टी कार्यालय के बाहर खुद को शुद्र बताते हुए कई रामचरित मानस के कई पंक्तियों को हटाने के लिए पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगवाना शुरु कर दिया।

**हिमाचल में गर्मी ने तोड़ा 52 साल का रिकॉर्ड**

**फरवरी में ही देश के कई राज्यों में गर्मी बढ़ी**

# दिल्ली-पंजाब-हरियाणा से ज्यादा गर्म हिमाचल, राजस्थान में पारा 37 डिग्री पार

नई दिल्ली/पटना/लखनऊ। फरवरी में ही देश के कई राज्यों में मौसम गर्म हो चुका है। राजस्थान, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हिमाचल, बिहार, छत्तीसगढ़ से सर्दी का दौर लगभग जा चुका है। इन राज्यों में दिन में तेज गर्मी पड़ रही है, तो रातें ठंडी हो रही हैं। उत्तर भारत में दिल्ली-पंजाब-हरियाणा से ज्यादा गर्म हिमाचल है। शिमला में शनिवार को फरवरी की सबसे गर्म रात 14.4 डिग्री तापमान के साथ दर्ज की गई। धर्मशाला में दिन में 28.5 तापमान रिकॉर्ड होने के साथ 52 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा है। वहीं राजस्थान में गर्मी फरवरी से ही रिकॉर्ड तोड़ने पर आमादा है। यहां के बाड़मेर में दिन का तापमान 37.6 डिग्री दर्ज किया गया।

हिमाचल प्रदेश में सूरज फरवरी महीने में ही आग उगलने लगा है। बीते 24 घंटे के दौरान तापमान ने कई दशकों के रिकॉर्ड तोड़े हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आज से अगले 3 दिन वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो रहा है। धर्मशाला में 52 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा है, फरवरी में धर्मशाला में दिन का तापमान 28.5 रिकॉर्ड हुआ। इससे पहले साल 1971 में 28 डिग्री तापमान था।

**मध्यप्रदेश : 26 फरवरी से मौसम में बढ़ेगी तपिश**

उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रदेश में भी पहुंचने की संभावना है। इस कारण चार-पांच दिन



बाद रात के तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। इसके बाद 26 फरवरी के बाद दिन और रात का तापमान बढ़ने का ट्रेंड रह सकता है। राजधानी भोपाल में शनिवार को महाशिवरात्रि की सुबह 9 साल बाद सबसे ठंडी रही।

**दिल्ली: तापमान आज 30 डिग्री पार होने की संभावना**

दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान औसत से पांच डिग्री ज्यादा 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि न्यूनतम तापमान औसत से एक डिग्री ज्यादा यानी 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को बादल और कोहरे के कारण अधिकतम तापमान 31 डिग्री रहने की संभावना है।

**राजस्थान : बाड़मेर में मौसम सबसे ज्यादा गर्म, तापमान 37.6 डिग्री**

राजस्थान में गर्मी मार्च से ही नए रिकॉर्ड बना सकती है। इस बार फरवरी में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा चल रहा है, कई शहरों में 12 साल का रिकॉर्ड टूटा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस साल जून तक भीषण गर्मी रहेगी। गर्मी में तापमान कंट्रोल करने वाली छिटपुट बारिश भी न के बराबर होने की आशंका है।

**छत्तीसगढ़ : एक-दो दिन में बदल सकता है मौसम, बढ़ने लगी गर्मी**

छत्तीसगढ़ की ऊपरी हवा में चक्रवात बना हुआ है। प्रदेश में मौसम शुष्क है। रात का तापमान बढ़ने से ठंड कम होने लगी है। दिन में भी पारा सामान्य से ऊपर होने के कारण हल्की गर्मी बढ़ने लगी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि प्रदेश में अगले एक-दो दिन तक मौसम में? विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। तापमान में थोड़ा बदलाव हो सकता है।

**पंजाब और हरियाणा : सुबह-रात घनी धुंध, दिन में गर्मी**

इस बार 2 हफ्ते पहले ही दिन का टेंपरेचर शीर्ष पर पहुंच गया। शनिवार को अधिकतम तापमान लुधियाना में सबसे अधिक 30 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हरियाणा में मौसम में बदलाव के चलते कोहरा लौटने से शुक्रवार रात को गहरी धुंध के कारण कई सड़क हादसे हुए। दोनों राज्यों के कई जिलों में सुबह 10 बजे तक कोहरा रहा।

# भाजपा ने उत्तर प्रदेश में सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए रणनीति बनाई

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**सत्तारूढ़** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है और इस कड़ी में पहली प्राथमिकता उन 14 सीटों को जीतने की है जिसे भाजपा 2019 में जीत नहीं सकी थी। इन 14 क्षेत्रों में पार्टी के दिग्गज नेताओं के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 14 सीटें ऐसी हैं जिसे 2019 में भाजपा जीत नहीं सकी थी, लेकिन उपचुनावों में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रभाव वाली आजमगढ़ और रामपुर जैसी सीटों को जीतने के बाद पार्टी का उत्साह बढ़ा है। राज्य की 80 सीटों में बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, रायबरेली, घोसी, लालगंज, जौनपुर, अंबेडकर नगर, गाजीपुर, श्रावस्ती, मैनपुरी, सहारनपुर और नगीना सीटों पर अभी गैर भाजपा दलों का कब्जा है। इनमें 10 सीटों पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा), तीन सीटों पर सपा और रायबरेली सीट पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का प्रतिनिधित्व है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि हारी हुई सीटों पर पार्टी ने अपनी ताकत, कमजोरी, चुनौतियों और खतरों का आकलन करने के लिए चार केंद्रीय मंत्रियों नरेन्द्र सिंह तोमर, अन्नपूर्णा देवी, अश्विनी वैष्णव और जितेन्द्र सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है और ये मंत्री पहले चरण में इन क्षेत्रों का आकलन कर पार्टी को रिपोर्ट दे चुके हैं। इन 14 सीटों पर संगठन और सरकार के बीच समन्वय बनाने के लिए संगठन के तजुर्बेकार भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य को अधिकृत किया गया है। पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार, नरेन्द्र सिंह तोमर को लालगंज, अंबेडकर नगर, श्रावस्ती और रायबरेली, अन्नपूर्णा देवी को जौनपुर, गाजीपुर, घोसी, जितेन्ध्द्र सिंह को मैनपुरी, संभल, मुरादाबाद और अमरोहा और अश्विनी वैष्णव को सहारनपुर, नगीना तथा बिजनौर लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी की तैयारियों को परखने और निगरानी की जिम्मेदारी मिली है। पिछले महीने लखनऊ में हुई भाजपा की कार्यसमिति में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने राज्य की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी। इस कड़ी में राजनीतिक, सामाजिक समीकरण साधने के साथ ही पार्टी ने केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी समूहों के साथ बैठक करने और कोर कमेटी, बूथ कमेटी से लेकर समाज के सक्रिय वर्गों से संवाद शुरू किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कार्यकाल बढ़ाये जाने के बाद 20 जनवरी को अपनी पहली उत्तर प्रदेश यात्रा गाजीपुर संसदीय क्षेत्र में की, जहां उन्होंने पूर्व सैनिकों से लेकर बूथ कमेटी और समाज के प्रमुख वर्ग के लोगों से सीधा संवाद किया। इस सीट पर बाहुबली मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी ने मनोज सिन्हा (जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल) को पराजित किया था। पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नड्डा का दौरा होगा और गृह मंत्री अमित शाह समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी हारी हुई सीटों पर दौरा करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा, ''वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जिन बूथों पर राजनीतिक परिणाम हमारे अनुकूल नहीं आए, वहां हम बूथ सशक्तिकरण के माध्यम से उन बूथों की पहचान कर जनता से संवाद स्थापित कर रहे हैं एवं भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे लोकहित कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुंचा रहे हैं। अपना दल (सोनेलाल) के साथ गठबंधन कर वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 80 में से 64 सीटें जीतीं जबकि कांग्रेस ने एक, सपा ने पांच और बसपा ने 10 सीटें जीती थीं। तब सपा-बसपा ने मिलकर गठबंधन में चुनाव लड़ा था। हालांकि, पिछले वर्ष हुए उपचुनावों में आजमगढ़ और रामपुर सीट भाजपा ने सपा के कब्जे से छीन ली लेकिन मैनपुरी सीट बचाने में सपा कामयाब रही।

## जातिगत जनगणना पर सकारात्मक निर्णय लेगी मोदी सरकारः आशीष

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री और अपना दल सोनेलाल के नेता आशीष पटेल सुल्तान पुर पहुँचे। सबसे पहले वे कलेक्ट्रेट पहुँचकर आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और दिशा निर्देश दिए।आज रविवार को उन्होंने विश्वास जताया कि पिछड़े वर्ग के लिये ऐतिहासिक निर्णय लेने वाली केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार निकट भविष्य में जातिगत जनगणना पर सकारात्मक फैसला करेगी। मीडिया से मुखातिब श्री पटेल ने बातचीत में जातिगत जनगणना की मांग के जिक्र पर कहा,मेरी पार्टी प्रारम्भ से जातिगत जनगणना की मांग करती चली आयी है। जहां तक पिछड़ों की बात है, तो चाहे नीट की परीक्षा हो या केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूल हो, उनमें प्रवेश परीक्षा में पिछड़ों को आरक्षण देने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने किया है।

## जातिगत जनगणना सामाजिक न्याय के लिए आवश्यकः निषाद

लखनऊ। जनगणना किसी देश या देश के एक सुपरिभाषित हिस्से के व्यक्तियों के एक विशिष्ट समय पर जनसांख्यिकीय, आर्थिक और सामाजिक आँकड़ा एकत्र करने, उसके संकलन, विश्लेषण और प्रसारित करने की प्रक्रिया है। यह जनसंख्या की विशेषताओं पर भी प्रकाश डालती है। भारतीय जनगणना दुनिया में किये जाने वाले सबसे बड़े प्रशासनिक अभ्यासों में से एक है।दशकीय जनगणना का संचालन महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय,गृह मंत्रालय द्वारा किया जाता है। ब्रिटिश हुकूमत ने पहली बार 1872 में जातिवार जनगणना कराया जो 1931 तक होती रही। भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ.लौटनराम निषाद ने जातिगत जनगणना को संवैधानिक मुद्दा बताते हुए सामाजिक न्याय के लिए नीति बनाने हेतु आवश्यक बताते हुए कहा किसामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना संवैधानिक व लोकतांत्रिक है। स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1951 तक प्रत्येक जनगणना के लिये तदर्थ आधार पर जनगणना संगठन की स्थापना की गई थी। जनगणना का कार्य जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत किया जाता है। इस अधिनियम को बनाने हेतु विधेयक भारत के तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा पेश किया गया था। भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ का विषय है।यह संविधान की सातवीं अनुसूची के क्रमांक 69 में सूचीबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनगणना, समानुपातिक हिस्सेदारी, लेटरल इंट्री व कॉलेजियम के मुद्दे पर उठ रही मांगों को दबाने के लिए धार्मिक मुद्दों को तूल दिया जा रहा है।संविधान के अनुच्छेद-15(4),16(4) व 16(4-ए) की मूल भावना के अनुसार जातिगत आधार पर जनगणना आवश्यक है।

## खबरें एक नजर में

### एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट की लिखित परीक्षा आयोजित

लखनऊ। लखनऊ एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के तत्वाधान में एनसीसी की 10 बटालियनों के एनसीसी कैडेटों की (सी) सर्टिफिकेट लिखित परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। लखनऊ एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के 2000 से भी अधिक कैडेटों ने इस लिखित परीक्षा में भाग लिया। एनसीसी ग्रुप लखनऊ के कार्यकारी ग्रुप कमांडर कर्नल नरेश चंद्र ने बताया कि लिखित परीक्षा लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर में संपन्न हुई। कर्नल नरेश चंद्र ने बताया कि पूरे उत्तरप्र देश में 11 एनसीसी ग्रुप मुख्यालयों के लगभग 30,000 कैडेटों ने इस लिखित परीक्षा में भाग लिया। ट्रेनिंग अफ्सर लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन सहाय ने बताया कि इस परीक्षा में (ए) और (बी) ग्रेडिंग से उत्तीण एनसीसी स्पेशल एंट्री द्वारा सीधे सर्विस सिलेक्शन बोर्ड में जा सकेंगे। ट्रेनिंग अफ्सर ने आगे बताया कि प्रतिवर्ष 140 एनसीसी कैडेट भारतीय सशस्त्र बलों में अफ्सर बनते हैं जिन्हें 9 माह अफ्सर ट्रेनिंग अकैडमी चेन्नई में गहन सैन्य ट्रेनिंग से गुजरना होता है। कर्नल नरेश चंद्र ने बताया कि लिखित परीक्षा से पहले (सी) सर्टिफिक्केट के लिए कैडेट को 10 दिवसीय दो प्रशिक्षण शिविरों में कैंप करना अनिवार्य होता है। जहां उन्हें हथियारों की फायरिंग, हैंडलिंग, मानचित्र अध्ययन, फिजिकल और मानसिक ट्रेनिंग दी जाती है। सामूहिक ड्रिल, हथियारों से ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट आदि सैन्य विषय सिखाए जातेहै ताकि सैन्य सेवा में बेहतरीन सेवा दे सके। परीक्षा के दौरान सभी बटालियन के कमान अधिकारी, एडमअफ्सर, कॉलेजों के एनसीसी एसोसिएट अफ्सर और सेनाओं के प्रशिक्षक उपस्थित थे।

### पावर कारपोरेशन ने की 2278 मिलियन यूनिट बिजली बैंकिंग,गर्मी में राहत देगी पावर बैंकिंग

**लखनऊ।** पावर कारपोरशन ने ऐतिहासिक रिकार्ड बनाते हुए 2278 मिलियन यूनिट बिजली बैकिंग की है। आने वाली गर्मी में राज्य के लगभग 3 करोड 26 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को सुचारू विद्युत आपूर्ति करने के लिए ज्यादा महंगी बिजली खरीदने के बजाय पावर कारपोरेशन द्वारा बैंकिंग की बिजली खरीद की रणनीति निश्चित ही सराहनीय और उपभोक्ता हित में है। आगामी गर्मी के लिए पावर कारपोरेशन ने बैंकिंग की जो रणनीति का खुलासा किया है कि पावर कारपोरेशन ठंडक में लगभग 2278 मिलियन यूनिट बैंकिंग की है। उपभोक्ता परिषद एक बार फिर पावर कारपोरेशन से मांग कि है कि उसे महंगी बिजली खरीद की दिशा में बिल्कुल प्रयास नहीं करना चाहिए। जरूरत पडने पर महंगी बिजली खरीद पर पावर कारपोरेशन पुनर्विचार भी करें। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्षअवधेश कुमार वर्मा ने कहा बैंकिंग से पूरे देश में अनेकों राज्य अपने उपभोक्ताओं को अच्छा फायदा दे रहे और लगातार बैंकिंग को बढावा दे रहे हैं। उसी के तहत विगत वर्ष में पावर कारपोरेशन ने ठंडक में जब उसके पास बिजली सरप्लस थी। तब उसने अपनी बिजली जम्मू कश्मीर तमिलनाडु और राजस्थान को बैंकिंग के माध्यम से उपलब्ध कराया। अब जब उत्तर प्रदेश को अप्रैल मई-जून जुलाई अगस्त में डिमांड बढने पर ज्यादा बिजली की आवश्यकता होगी तब उसे इन्हीं राज्यों से बिजली वापस मिल जाएगी। इस प्रकार की रणनीति से महंगी बिजली खरीदने से बचा जा सकता है।

### डीआरएम इलेवन एवं मीडिया इलेवन के मध्य फ्रेंडली मैच खेला गया

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वावधान में आज ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में डीआरएम इलेवन एवं मीडिया इलेवन के मध्य फ्रेंडली मैच खेला गया। डीआरएम इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मीडिया इलेवन ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 08 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाए। जिसमें विकास बाजपेई ने सर्वाधिक 24 रन, राजेश श्रीवास्तव ने 21 रन तथा रवि गुप्ता ने 10 रनों का योगदान दिया। डीआरएम इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए बलराम ने 04 विकेट, बालेंद्र पाल ने 03 विकेट तथा आदित्य कुमार ने 01 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीआरएम इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 106 रन बना लिए। डीआरएम इलेवन की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए बलराम ने नाबाद 21 रन, राहुल यादव ने 18 रन, शिशिर सोमवंशी ने 14 रन व अनूप सिंह ने नाबाद 12 रनों का योगदान दिया। मीडिया इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए तिलक ने 04 विकेट व रवि गुप्ता ने 02 विकेट प्राप्त किये। डीआरएम इलेवन ने रोमांचक मुकाबले में मीडिया इलेवन को 02 विकेट से हरा दिया।

### रियल रूट्स एकेडमी का वार्षिकोत्सव सम्पन्न बच्चों ने नृत्य कर लोगों का मन मोहा

लखनऊ। वृंदावन विहार कॉलोनी में स्थित रियल रूट्स एकेडमी का वार्षिकोत्सव मंथन 2023 रविवार को आईआईएसई कॉलेज के ऑडीटोरियम में मनाया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी सीतापुर के पवन सिंह चौहान ने दीप प्रज्जवलित कर शुरुआत की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय की परंपरानुसार सर्वप्रथम सभी अतिथियों का विद्यालय प्रबन्धक संतोष मिश्रा द्वारा स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह देकर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत में शिवतांडव, स्वागत गीत, पहाड़ी गीत राजस्थानी गीत, देशभक्ति गीत, पंजाबी गीत, विभिन्न गीतों पर विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। केजी, नर्सरी तथा प्लेग्रुप के नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा राधा-कृष्णा, चक धूम-धूम, लुंगी डांस, फैंसी ड्रेस तथा मैने कहा फूलों से गीतो पर प्रस्तुत किए गए। मन मोहने वाले नृत्य की सराहना मुक्त कंठ से की गई। अंत में होली डांस करके सभी बच्चों ने अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अथर्व, दीसी, ईशान, श्याम, अहाना, अनमोल दिव्य प्रताप, सान्वी, समृद्धि, आध्या, आकाश गुप्ता, अद्वैत, जाहन्वी इकरा इवान, वैदिक, अनुप्रिया, अग्रिम, शौर्य तथा अन्य सभी विद्यार्थियों का प्रयास अत्यन्त सराहनीय था। कार्यक्रम का समापन करते हुए विद्यालय के निर्देशक संतोष मिश्रा ने अभिभावकों को सम्बाधित करते हुए कहा कि हमारे बच्चे बहुत ही प्रतिभाशाली है और में उनके भविष्य की कामना करता हूँ। हमार विद्यार्थी अपने शहर, प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में नाम रोशन करेंगे।

## डिप्टी सीएम का एक्शन सोनभद्र के सीएमओ सस्पेंड

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोनभद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी रमेश सिंह ठाकुर को दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने के चलते निलंबित कर दिया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक कहते हैं कि जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं। गलती मिली तो एक्शन तय है।सीएमओ के निलंबन की जानकारी डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने ट्वीट करके दी है। डिप्टी सीएम द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर की गई कार्रवाई के बाद सोनभद्र जिले में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों में हड़कंप मचा है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक 6 फरवरी को सोनभद्र में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए आए थे। बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने के अलावा जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने समीक्षा बैठक की थी। समीक्षा बैठक के दौरान सोनभद्र जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था में भारी अनियमितताएं देखने को मिली थी। बताया जा रहा है कि जिले में कई फर्जी अस्पताल संचालकों द्वारा धड़ल्ले से अस्पताल चलाए जा रहे हैं और सीएमओ से इसकी शिकायत करने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की जा रही थी। सोनभद्र दौरे के दौरान भारतीय जनता पार्टी से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं तथा अन्य लोगों द्वारा डिप्टी सीएम से शिकायत की गई थी। शिकायत सही पाए जाने के बाद डिप्टी सीएमओ के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। पूर्वांचल के जनपदों में इस समय काफी संख्या में फर्जी चिकित्सालय संचालित हो रहे हैं। पिछले साल वाराणसी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी संदीप चौधरी द्वारा जिले के दर्जनों फर्जी चिकित्सालय पर कार्रवाई की गई। इसके बावजूद भी वाराणसी में फर्जी चिकित्सालय चलाने वालों द्वारा मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।

## उप्रः स्कूल छोड़ चुके बच्चों को वापस स्कूल लाने के लिए चलेगा अभियान

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



**योगी** आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश के हर बच्चे को शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। हर तबके के बच्चों को स्कूल लाने के साथ-साथ सरकार का फोकस उन बच्चों को भी स्कूल वापस लाने का है, जो किसी न किसी वजह से बीच में ही स्कूल छोड़ देते हैं। अब योगी सरकार इसके लिए अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत नीदरलैंड्स के अर्ली वार्निंग सिस्टम को उत्तर प्रदेश में लागू किए जाने की रूपरेखा बनाई जा रही है। नीदरलैंड्स के इस सिस्टम को समझने के लिए बेसिक शिक्षा मंत्री समेत 12 लोगों की टीम मार्च में नीदरलैंड्स जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग के सर्वे के अनुसार 2020-21 में 4.81 लाख, 2021-22 में 4 लाख से अधिक और 2022-23 में 3.30 लाख बच्चे बीच में स्कूल छोड़ गए। 6 से 14 वर्ष की आयु वाले इन बच्चों का दोबारा स्कूल में दाखिला कराया गया है और अब प्रदेश सरकार ऐसे सिस्टम पर काम कर रही है ताकि बच्चों के स्कूल बीच में छोड़ते ही 40 दिन के अंदर इसकी ट्रैकिंग शुरू हो जाए और उनकी समस्या का निराकरण करते हुए उनकी जल्द से जल्द स्कूल में वापसी कराई जा सके। उत्तर प्रदेश के स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद ने बताया कि नीदरलैंड के अर्ली वार्निंग सिस्टम की तर्ज पर यूपी के परिषदीय स्कूलों में भी अनुपस्थित रहने वाले बच्चों अर्थात आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। जो बच्चे किसी भी कारण स्कूल में लगातार अनुपस्थित रह रहे हैं, उनके अभिभावकों से बात करके उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे अपने बच्चों को स्कूल ज़रूर भेजें। उत्तर प्रदेश के बेसिक स्कूलों में जल्द से जल्द इस सिस्टम को शुरू करने के लिए बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के नेतृत्व में शिक्षाधिकारियों के साथ-साथ यूपी में पुरस्कार विजेता टीचर्स की 12 सदस्यीय टीम शैक्षिक भ्रमण के लिए नीदरलैंड जाएगी। यह टीम वहां अर्ली वार्निंग सिस्टम के बारे में जानने व नवाचार के अभ्यास से जुड़ेगी। पूरे सिस्टम को समझने के बाद जब टीम वापस लौटेगी तो देखा जाएगा कि इसे किस तरह उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में लागू किया जा सकता है।



निराला नगर के सरस्वती कुंज में स्वावलंबी भारत समर्थ भारत योजना के अंतर्गत मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का किया शुभारंभ, चयनित बेरोजगारों को स्वरोजगार में लगाने के लिए नारियल ठेलों का वितरण समृद्धि न्यूज

## सीएजी को भेजा गया जीएसटी में सब्ज्यूम्ड टैक्स का विवरण

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

▸ वर्ष 2017-18 और 2018-19 में प्रदेश को कोई धनराशि प्राप्त होना शेष नहीं

**वाणिज्य** कर आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद 05 वर्षों की अवधि तक जीएसटी की प्रतिपूर्ति भारत सरकार से प्राप्त होने का नियम रहा है। इसके अंतर्गत जुलाई, 2017 से जून, 2022 तक की अवधि में उत्तर प्रदेश के निर्धारित वर्ष 2015-16 के प्रोटेक्टेड राजस्व पर 14 प्रतिशत की वृद्धि से कम राजस्व प्राप्त होने पर भारत सरकार द्वारा जीएसटी प्रतिपूर्ति की जाती रही है।

आयुक्त ने बताया कि भारत सरकार से जीएसटी प्रतिपूर्ति अंतिम रूप से प्राप्त करने हेतु नियमानुसार महालेखाकार कार्यालय से प्राप्त सत्यापित विवरण भारत सरकार को उपलब्ध कराने के संदर्भ में उत्तर प्रदेश से भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप पर वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 तक के जीएसटी में सब्ज्यूम्ड टैक्स यथा-वैट, मनोरंजन कर, पर्यटन इत्यादि के प्राप्त राजस्व का विवरण सीएजी को सत्यापित करने हेतु भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019-20 और 2020-21 की सीएजी में सत्यापन अंतिम चरण में है और 2021-22 का प्रारंभिक चरण में है। मिनिस्ती एस. ने बताया कि अकाउंटेंट जनरल एजी के अनुसार वर्ष 2022-23 में जून तक का ऑडिट माह दिसंबर में डाटा क्लोजिंग के बाद होगा। महालेखाकार कार्यालय से वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक का सत्यापित राजस्व प्राप्त होना है, जिसके पश्चात् भारत सरकार से अवशेष प्रतिपूर्ति प्राप्त होगी।

## इण्डियन ऑर्थोडॉण्टिक सोसायटी के 26वें सम्मेलन का समापन

लखनऊ। उतरेटिया रायबरेली रोड के सरदार पटेल पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल एंड मेडिकल साइंसेज में 16 फरवरी से चल रहे इण्डियन ऑर्थोडॉण्टिक सोसायटी के 26वें नेशनल पीजी कन्वेंशन का आज चर्चा-परिचर्चा के बाद समापन हो गया। ये पहला मौका था जब लखनऊ और संस्थान को इस सम्मेलन का आयोजन सम्भाला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरदार पटेल चिकित्सा संस्थान के प्रबंध निदेशक डा.आरोहण सिंह ने आयोजन की भरपूर सराहना की। सम्मेलन के अंतिम दिन आज सुबह डा.अमित रेवंकर ने आर्थोडॉण्टिक्स में आर्टिफीशियल इण्टेलीजेंस के भविष्य पर रोचक तथ्य रखे। डा.रोहित कुलश्रेष्ठ ने एनाइनर थेरेपी के प्रयोग की वर्तमान वस्तुस्थिति पर और डा.टीपी चतुर्वेदी ने में साक्ष्य आधारित आर्थोडॉण्टिक्स पर बात की। डा.सूर्यकांत दास ने बायोमैकेनिक्स पर, डा.शैलेश देशमुख ने एनाइनर्स पर प्रस्तुति दी तो डा.सरबजीत सिंह ने क्लिनिकल सूत्र बताए। डा.पी हरिकृष्णन ने आर्थोडॉण्टिक सामग्री के अनुसंधान की जरूरतों के बारे में बताया। डा.जिग्नेश कोठारी, डा.आशीष गर्ग, डा.जी षणमुगम, डा.अमनीष सिंह, डा.वैभव मिश्रा, डा.एवी अरुण, डा.राजीव आहलूवालिया, और डा.सुभाषचन्द्र नायक ने दंत चिकित्सा के नये आयामों पर प्रेजेण्टेशन देते हुए विद्यार्थियों के सामने अपना नजरिया पेश किया। समापन सत्र में आयोजन चेयरमैन डा.सुधीर कपूर, इण्डियन ऑर्थोडॉण्टिक सोसायटी के अध्यक्ष डा.बलविंदर सिंह ठक्कर और सचिव डा.संजय लाभ ने क्रमशः अपनी बात रखते हुए आयोजन को सफल बताया।

## लखनपुरी में 21 से धूमधाम से मनाया जाएगा तीन दिवसीय श्री श्याम निशानोत्सव

▸ रविवार को उत्सव स्थल पर हुई प्रेसवार्ता में दी गई जानकारी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**




**श्री श्याम** ज्योत मंडल की ओर से लखनपुरी के ऐशबाग के तिलक नगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में 40वां श्री श्याम निशानोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी रविवार को आयोजक संस्था की ओर से हुई प्रेसवार्ता में दी गई। वार्ता में मंडल समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल और मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 21 और 22 फरवरी को सांवरे की महफिल सजाने के लिए पंजाब के नरेन्द्र चंचल नाम से विख्यात विशाल शैली, कोलकाता के मशहूर विकास कपूर, कानपुर से कुमार मुकेश और श्री धाम वृंदावन बरसाना की ब्रज रस अनुरागी साध्वी पूर्णिमा दीदी श्याम भजनों की वर्षा से भक्तों को सराबोर करने आ रही है। संरक्षक भारत भूषण, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल और सुरेश कंछल ने बताया कि इस बार उत्सव में 75 फिट चौड़े और 45 फिट ऊंचे खाटू मंदिर में कलयुग के अवतारी बाबा श्याम अवतरित होंगे। प्रथम दिन श्वेत रंग और दूसरे दिन रंग बिरंगे रंगों से बाबा श्याम का भव्य दरबार सुशोभित होगा। श्याम दरबार का निर्माण कार्य कोलकाता के असीम भाई और उनके सहयोगी कारीगारों द्वारा पिछले 15 तैयार किया जा रहा। मुकेश अग्रवाल और विवेक गोयल ने बताया कि 23 फरवरी, गुरुवार को श्री श्याम सतरंगी ध्वजा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो तिलकनगर से प्रारंभ होकर बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटूधाम मंदिर पर समाप्त होगी। यात्रा में श्याम भक्त विशाल शोभायात्रा झूमते नाचते गाते श्याम निशान को लहराते हुए खाटू श्याम मंदिर में बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे। इस बार शोभायात्रा में कानपुर के शिव शनि ग्रुप के राधा कृष्ण सभी भक्तों के संग कन्हैया की रासलीला करते हुए दिखाई देगें। इस दो दिवसीय सांवरे की महफिल का संजीव प्रसारण मंडल की फेसबुक आईडी एवं यूट्यूब पर किया जाएगा। भक्तों सेल्फी विद सांवरिया के संग फोटो खींचवाकर तुरंत अपनी मेल आईडी पर प्राप्त कर सकेगें। सचिन और मुकेश ने बताया कि शनिवार 25 फरवरी को बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू धाम मंदिर से भक्तगण बाबा श्याम का निशान लेकर बस से खाटू धाम यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां बाबा श्याम को निशान चढ़ाया जाएगा। अशोक ने बताया कि सामाजिक सेवा कार्यों के क्रम में मंडल समिति ने मंगलवार 22 अप्रैल को महाराजा अग्रसेन विद्यालय, मोतीनगर में सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# अब पार्टी का कोई भी नेता मानस पर बयान नहीं देगा : शिवपाल

## विधायक दल की हुई बैठक

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी कार्यालय में रविवार को विधायक दल की बैठक हुई। शिवपाल सिंह यादव करीब 7 साल के बाद इस बैठक में शामिल हुए। उन्होंने विधायकों से कहा कि अब आजीवन समाजवादी पार्टी के लिए ही काम करूंगा। हम सबको मिलकर 2024 का चुनाव मजबूती से लड़ना है। लोकसभा चुनाव में सपा जीतेगी। इस दौरान हिदायत दी कि रामचरित मानस पर कोई भी नेता बयान नहीं देगा। शिवपाल सिंह यादव ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार हर मुद्दे पर विफल है। उनके राज में कही पर भी जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। हम लोग इन्हीं मुद्दों को उठाते हुए सरकार को घेरेंगे। हम लोग इस तरह लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतेंगे। इस लक्ष्य को पाने के लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने विधायकों को निर्देश दिए सभी नेता विधानसभा सत्र के दिन सुबह 9 बजे विधानसभा में पहुंच जाएंगे। उसके बाद सभी लोग चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर धरना प्रदर्शन करने पहुंचेंगे। अगर उन्हें रास्ते में रोक लिया जाता है तो वे वहीं पर धरना देंगे। उसके बाद 11 बजे सदन की कार्यवाही में शामिल होंगे। उन्होंने ये भी कहा कि जो भी मुद्दे हैं, उसको प्रमुखता से उठाया जाए। समाजवादी पार्टी से वरिष्ठ विधायक अवधेश प्रसाद ने बताया कि इस बार का बजट सत्र सरकार पूरी तरीके से विफल रहेगा। राज्यपाल के अभिभाषण से लेकर सरकार के द्वारा आयोजित किए गए सभी कार्यक्रम



सीमित समय के लिए किए गए हैं जो कि सही नहीं है। वही लखनऊ के मध्य से विधानसभा विधायक रविदास मल्होत्रा ने कहा कि सरकारी अभिभाषण के तरीके से राज्यपाल का भाषण होगा क्योंकि सरकार के द्वारा पहले से ही उन्हें विज्ञप्ति भेज दी गई होगी। जौनपुर जिले के मछली शहर की विधायक रागिनी सोनकर ने कहा कि एक बार फिर से विधानसभा सत्र की कार्यवाही कम चलाई जाएगी। विधानसभा बजट सत्र की कार्रवाई अमूमन 90 दिन की होती है। ऐसे में जिस तरीके से 20 फरवरी से लेकर 10 मार्च तक कि विधानसभा सत्र के चलाया जाएगा। वह बहुत ही कम है। इस तरीके से सत्य की कार्रवाई में पिछली बार भी हम लोगों की बात सामने नहीं रखी गई। और इस बार भी महिलाओं दलित वंचित और सामाजिक मुद्दों को ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विधायक दल की बैठक से पहले रामचरितमानस और जाति जनगणना को लेकर लगाए गए बैनर पोस्टर समाजवादी पार्टी से पहले हटा दिए गए। एक तरफ समाजवादी पार्टी के विधायक दल की बैठक होने जा रही थी उससे पहले सभी होल्डिंग ओं को हटा दिया गया। सपा के विधायक रविदास मल्होत्रा का कहना है कि जाति जनगणना को लेकर जो भी समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर बैनर लगवाई गई थी वह भाजपा सरकार के द्वारा हटा दी गई।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव की ओर से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने आज महान समाजवादी नेता एवं विचारक आचार्य नरेन्द्र देव जी की 67वीं पुण्यतिथि पर लखनऊ में गोमती तट स्थित उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### आरएसएस, बीजेपी विघटनकारी नीतियों के दम पर दो हिंदुस्तान बनाना चाह रही: उदित राज

**लखनऊ।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज ने आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 3 वर्षों से करोना की आर्थिक मार झेल रहे गांवों में श्रमिकों का सबसे बड़ा सहारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) में न सिर्फलगातार श्रम दिवस कम हो रहे हैं बल्कि औसतन 10 फीसदी लोगों को मांग के अनुरूप रोजगार और उनका भुगतान भी नहीं दिया जा रहा है। श्री उदित राज ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा के मद में बीते वित्त वर्ष के संशोधित बजट 89000 करोड़ रुपए में करीब 34 फीसदी की कटौती की गई है। जिसका सबसे पहले विरोध कांग्रेस पार्टी ने किया हैं।सड़कों से लेकर सदन तक कांग्रेस पार्टी ही केन्द्र की मोदी सरकार से मनरेगा बजट में हुई कटौती के खिलाफलगातार आवाज उठा रही है। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज ने बीजेपी आरएसएस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आरएसएस, बीजेपी अपनी विघटनकारी और जटिल आर्थिक नीतियों के दम पर दो हिंदुस्तान बनाना चाह रही है ,एक अमीरों का,एक गरीबों का हिंदुस्तान। सच्चाई यह है कि आज विदेशी इशारों पर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। श्री उदित राज ने कहा कि कांग्रेस की यूपीए गवर्नमेंट ने देश को फूड सिक्योरिटी बिल के तहत मुफ्त राशन मुहैया कराने का संवैधानिक अधिकार दिया था। परंतु आज मुफ्त राशन के नाम पर उनके आर्थिक वैचारिक सोच को मारकर आज बीजेपी अति पिछड़े दलितों को उनके सामाजिक राजनैतिक उत्थान से वंचित रखना चाहती है।बीजेपी के नेता लगातार वोट की राजनीति करते है और अति पिछड़ों दलितों गरीबों का मजाक उड़ाते हैं। आज की प्रेसवार्ता में पीसीसी प्रशासन प्रभारी दिनेश कुमार सिंह, मीडिया संयोजक अशोक सिंह प्रवक्ता हमाम वाहिद मौजूद रहें।

### समाजसेवा के क्षेत्र से जुड़ी विभूतियां हुई फक्र ए अवध और अवध गौरव सम्मान से सम्मानित

लखनऊ। राजधानी की चर्चित सामाजिक संस्था सलाम लखनऊ आईना ए सकाफत दी मिरर आफकल्चर सोसाइटी ने फक्र ए अवध एवं अवध गौरव सम्मान समारोह में पेश की इंसानियत और गंगा जमुनी तहजीब की शानदार मिसाल। इस सम्मान समारोह की मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के रूप में इस्लाहुल मुस्लिमीन के इंचार्ज बिलाल नूरानी, वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा,शास्त्रीय गायक उस्ताद गुलशन भारती, मदरसा इरफानिया के मैनेजर कारी इम्तियाज अहमद, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक मिश्रा, समाजसेवी अब्दुल वहीद,होम्योपैथी चिकित्सक डॉ उमंग खन्ना, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ आदर्श त्रिपाठी, कथक गुरु डॉ रुचि खरे, वरिष्ठ समाजसेवी मारूफखान शफी खान,शबी हैदर, डॉ सलीम अहमद, मो आरिफइमरान कुरेशी पीरजादा शेख राशिद अली मिनाई,मो अली साहिल, डॉ अनीस अम्मार नगरानी, आसिम जहीर रफीक अहमद पूर्व सभासद,पत्रकार जुबेर अहमद, नजम हसन, मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों के सम्मान के बाद फख्र ए अवध सम्मान से नसीर अहमद नसीर, सय्यद जावेद हुसैन, राफे खघन जामीं, तनवीर अहमद सिद्दीकी,अलीम खान एडवोकेट, मुख्तार अहमद,फुरकान अहमद डॉक्टर मसीहुद्दीन,अख्तर रजा इलियास खान,सोहेल अहमद खान, यासीन कुरेशी,आफाक मंसूरी,इस्लाम खान,मोहम्मद कमालुद्दीन को सम्मानित किया गया। अवध गौरव सम्मान से मोईद सिद्दीकी,सर्वजीत फैसल मुजीब,आदिल अहमद, मोहम्मद सुफ्यिान,शौर्य पंडित अभिनव मिश्रा,मोहम्मद रिजवान, प्रिंस आजाद ,मोहम्मद अराफात को सम्मानित किया गया।

## यूपी में कोरोना के 13 एक्टिव केस, 24 घंटे में मिला एक नया संक्रमित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 24 घंटे में कोरोना संक्रमण का महज एक नया संक्रमित सामने आया हैं। रविवार सुबह आई रिपोर्ट में राज्य के 11 जनपदों में कोरोना संक्रमण के मरीज पाए गए हैं। फिलहाल प्रदेश में सक्रिय मामलों की संख्या 13 हैं। 24 घंटे में कुल 19 हजार 40 सैंपल की जांच हुई हैं। एक दिन पहले यानी शनिवार सुबह आई रिपोर्ट में राज्य में 35 हजार 585 सैंपल की जांच की गई थी। 24 घंटे में प्रदेशभर के जिला अस्पतालों में 9 हजार 830 जांच हुई हैं। वही मेडिकल कॉलेज में 4 हजार 254 सैंपल की जांच की गई। जबकि प्राइवेट लैब में 105 सैंपल की जांच की गई हैं। सबसे ज्यादा जांच पीलीभीत में की गई हैं। यहां 24 घंटे में 1169 सैंपल की जांच हुई।

# प्राइमरी स्कूलों में लागू होगा अर्ली वार्निंग सिस्टम

- शिक्षा से वंचित नहीं होगा यूपी का कोई छात्र
- बेसिक शिक्षा मंत्री के साथ सिस्टम समझने नीदरलैंड जाएगी टीम

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के हर बच्चे को शिक्षित करने को प्रतिबद्ध है। अवेयरनेस कैंपेन चलाए जा रहे हैं। अभिभावकों को बच्चों के जीवन में शिक्षा का महत्व समझाया जा रहा है। हर तबके के बच्चों को स्कूल लाने के साथ सरकार का फोकस उन बच्चों को भी स्कूल वापस लाने का है, जो किसी न किसी वजह से बीच में ही स्कूल छोड़ देते हैं। सूबाई सरकार इसके लिए अभियान शुरू करने जा रही है जिसके अंतर्गत नीदरलैंड्स के अर्ली वार्निंग सिस्टम को उत्तर प्रदेश में लागू किए जाने की रूपरेखा बनाई जा रही है। नीदरलैंड्स के इस सिस्टम को समझने के लिए बेसिक शिक्षा मंत्री समेत 12 लोगों की टीम मार्च में नीदरलैंड्स जाएगी। सिस्टम को समझने के बाद जब टीम वापस लौटेगी तब इसे परिषदीय स्कूलों में लागू करने पर गहन विमर्श होगा। इस साल के अंत तक इस सिस्टम के माध्यम से स्कूल बीच में छोड़ने वाले बच्चों की मॉनीटरिंग और ट्रैकिंग शुरू हो जाएगी। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग हर वर्ष हाउसहोल्ड सर्वे कराता है। सर्वे के अनुसार 2020-21 में 4.81 लाख, 2021-22 में 4 लाख से अधिक और 2022-23 में 3.30 लाख बच्चे बीच में स्कूल छोड़ गए। 6 से 14 वर्ष की आयु वाले इन बच्चों का दोबारा स्कूल में दाखिला कराया गया है और अब प्रदेश सरकार ऐसे सिस्टम पर काम कर रही है ताकि बच्चों के स्कूल बीच में छोड़ते ही 40 दिन के अंदर इसकी ट्रैकिंग शुरू हो जाए और उनकी समस्या का निराकरण करते हुए उनकी जल्द से जल्द स्कूल में वापसी कराई जा सके। स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद के मुताबिक नीदरलैंड के अर्ली वार्निंग सिस्टम की तर्ज पर यूपी के परिषदीय स्कूलों में अनुपस्थित रहने वाले बच्चों अर्थात आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। जो बच्चे किसी भी कारण स्कूल में लगातार अनुपस्थित रह रहे हैं, उनके अभिभावकों से बात करके उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे बच्चों को स्कूल भेजें। एक निर्धारित समय तक स्कूल न आने या स्कूल में कम समय देने वाले बच्चों की जानकारी जुटाई जाएगी। महनिदेशक ने कहा कि 40 दिन तक अगर कोई बच्चा विद्यालय में अनुपस्थित रहता है तो तुरंत उसकी ट्रैकिंग शुरू की जाएगी। बेसिक स्कूलों में जल्द से जल्द इस सिस्टम को शुरू करने के लिए बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह के नेतृत्व में शिक्षाधिकारियों के साथ-साथ यूपी में पुरस्कार विजेता टीचर्स की 12 सदस्यीय टीम शैक्षिक भ्रमण के लिए नीदरलैंड जाएगी। यह टीम वहां अर्ली वार्निंग सिस्टम के बारे में जानने व नवाचार के अभ्यास से जुड़ेगी। पूरे सिस्टम को समझने के बाद जब टीम वापस लौटेगी तो देखा जाएगा कि इसे किस तरह उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में लागू किया जा सकता है। यूपी की परिस्थितियों के अनुसार यदि इस पूरे सिस्टम को जस का तस लागू किया जा सकता है तो इस पर विभाग द्वारा मंथन किया जाएगा। यदि इसमें कुछ बदलाव किए जाने की संभावना होगी तो इसके लिए भी टीम गठित कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। टीम के एक सदस्य के अनुसार अभी इस सिस्टम को लागू किए जाने की कोई टाइमलाइन तय नहीं है, लेकिन इस साल के अंत तक या उससे पहले इसे लागू किया जा सकता है।अर्ली वार्निंग सिस्टम के अंतर्गत, यदि कोई बच्चा लगातार 40 दिनों तक स्कूल में अनुपस्थित रहे तो उसकी ट्रैकिंग शुरू कर दी जाती है और उसके अभिभावकों से सम्पर्क करके बच्चे के स्कूल न जाने के कारण पता लगाया जाता है।

# महिला इंस्पेक्टर को कुत्ते ने काटा

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**कुत्तों** का आतंक लखनऊ में कम नहीं हो रहा है। पीजीआई वृंदावन कॉलोनी में अब नया मामला आया है। इसमें कोऑपरेटिव सेल में तैनात महिला इंस्पेक्टर को कुत्ते ने काटा है। महिला के हाथ में चोट आई है। इस दौरान महिला के पास भी एक पालतू कुत्ता था उसको भी पड़ोसी के कुत्तें ने काट लिया है। अब इस मामले में महिला इंस्पेक्टर की तरफ से पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वृंदावन सेक्टर-14 निवासी इंस्पेक्टर अमित दूबे गोरखपुर में तैनात हैं। उनकी पत्नी नंदा शुक्ला को भी कोऑपरेटिव सेल में इंस्पेक्टर हैं। शुक्रवार शाम नन्दा कुत्ते डुग्गू को टहला रही थीं। वासुदेव यादव और उनकी पत्नी भी कुत्ता टहला रहे थे। आरोप है कि वासुदेव यादव ने जानबूझ कर कुत्ते का पट्टा खोल दिया। जिससे पड़ोसी का कुत्ता हिंसक होकर उन पर झपट पड़ा। नन्दा के मुताबिक वासुदेव के कुत्ते ने उनके कुत्ते पर हमला कर दिया। वह अपने कुत्ते को बचाने का प्रयास करने लगीं। इस पर पड़ोसी के कुत्ते ने नन्दा के हाथ पर दांत गड़ा दिए। वह दर्द से चीख उठीं। इसके बाद भी वासुदेव व उसकी पत्नी ने अपने कुत्ते को संभालने का प्रयास नहीं किया। घर के सामने करता था गंदगी नन्दा के मुताबिक वासुदेव यादव अक्सर अपने कुत्ते को टहलाने के लिए घर के सामने लाते हैं। कई बार कुत्ता घर के सामने गंदगी कर चुका है। इस बात पर नन्दा ने विरोध दर्ज कराया था। जिसके बाद से ही वासुदेव व उसकी पत्नी काफी तैश में रहने लगे। गोसाईगंज में भी कुत्तें के काटना का मामला सामने आया है। बसरहिया गांव में शिवांश को कुत्ते ने काट कर घायल किया है। जहां गांव वालों को सीएचसी में उसका इलाज कराया। बताया जारहा है कि शिवांश सुबह गांव के मन्दिर पर जल चढ़ाने गया था। उसी समय उसके ऊपर हमला हुआ था। गांव में कुत्तों के काटने का कई मामला सामने आयाा है। यहां पहले भी कुत्ते जाह्नवी, ओम, अंकित सहित कई बच्चें और बड़ों को काट चुके हैं।

# लोक निर्माण मंत्री ने किया शील्ड डिफेंस कॉलेज हॉफ मैराथन लखनऊ के विजेताओं को सम्मानित

- देश और प्देश को सफलता की जिम्मेदारी युवाओं पर, युवाओं का फिट रहना बहुत जरूरी: जितिन



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**उत्तर** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद आज 1090 चौराहे पर महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से शो नवाब्श फाउंडेशन द्वारा आयोजित शील्ड डिफेंस कॉलेज हॉफ-मैराथन लखनऊ के समापन समरोह में सम्मिलित होकर मैराथन के विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने मैराथन का आयोजन करने वाली पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि देश और प्रदेश को सफलता के शिखर पर ले जाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है, जिसके लिए युवाओं का फिट रहना बहुत जरूरी है। जितिन प्रसाद ने प्रतिभागियों और विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में जीतना और हारना बाद की बात है सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है खेल में प्रतिभाग करना। मैराथन में शामिल हुए प्रतिभागियों से कहा कि आप प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे फिट इण्डिया अभियान के सशक्त भागीदार हैं। शील्ड डिफेंस कॉलेज हॉफमैराथन, लखनऊ में काफी संख्या में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस मैराथन में 21 किमी0, 10 किमी0, 05 किमी0 और 03 किमी0 कुल 04 श्रेणी की दौड़ का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। हॉफ मैराथन के समापन समारोह के अवसर पर विधायक श्री बृजभूषण राजपूत सहित मैराथन में शामिल हुए हजारों की संख्या मेंप्रतिभागी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## गुल फाउंडेशन ने गरीब जरूरतमंदों के लिए लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ।** गुल फाउंडेशन की अध्यक्ष गुल राना सईद व टीम एवं डॉक्टर जया पाण्डेय टीम ने मिल कर गोमती नगर उजरियाव गाँव मे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर मे आए सभी का स्वास्थ्य जांच किया और खून जांच के दौरान नि:शुल्क कोलेस्ट्राल की जांच भी की। जांच के उपरांत सभी को दवा का वितरण किया गया शिविर में आए हुए सभी लोग खुश थे और गुल फाउंडेशन के कार्यों की सराहना भी की। यह कैंप सुबह 10.00 बजे से ही लोगों की लंबी कतारें लगने लगी और शाम 4.00 बजे तक डॉक्टर जया व टीम गुल फाउंडेशन के सभी मेंबर से आए हुए सभी मरीजों और आसपास के लोगों की बातों को ध्यान से सुना और उनकी बीमारी को देखते हुए उन्हें दवा और उनकी नि:शुल्क जांच भी कराई गुल फाउंडेशन की अध्यक्ष ने कहा कि वह हमेशा ही बाल विकास और महिलाओं के विकास और स्वास्थ्य के लिए कार्य करती आ रही है और आगे भी ऐसे ही निरंतर करती रहेंगी।

# राज्यमंत्री कारागार मंत्री ने किया उद्योग बन्धुओं के साथ बैठक कर विचार-विमर्श

- निवेशक निवेश धरातल पर उतारें, प्रदेश सरकार हर सम्भव मदद करेगी: सुरेश राही

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**प्रदेश** के राज्यमंत्री कारागार,प्रभारी मंत्री कौशाम्बी सुरेश राही ने उद्योग बन्धुओं के साथ बैठक कर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उ0प्र0 में निवेश के लिए बहुत अच्छा माहौल बना है, प्रदेश में देश व विदेश के निवेशकों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किये जा रहें है। जनपद कौशाम्बी में भी लक्ष्य रूपये 300 करोड़ के सापेक्ष अब तक 110 निवेशकों द्वारा रूपये 1394 करोड़ निवेश के प्रस्ताव प्रस्तुत किये जा चुकें है। श्री राही ने कहा कि सरकार का दायित्व केवल कार्यकाल पूरा करना नहीं होता, बल्कि एक अच्छी सरकार का दायित्व युवाओं को रोजगार व समाज के सभी वर्गों के साथ ही प्रदेश का सर्वांगीण विकास करना होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्तमान सरकार सभी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के साथ ही युवाओं को रोजगार कैसे मिलें, इसके लिए निरन्तर चिन्ता करती है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर निवेश के प्रस्ताव प्राप्त किये गये है, इससे रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे। सुरेश राही ने उपस्थित निवेशकों से निवेश धरातल पर उतारने से संबंधित आ रही समस्याओ को सुनते हुए कहा कि निवेश को धरातल पर उतारें, प्रदेश सरकार हर सम्भव मदद उपलब्ध करायेंगी तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा आपकी सभी समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निवेश मित्रों की भर्ती की जा रही है, जो निवेशकों की सहायता करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि निवेशकों व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय, लापरवाही पाये जाने पर सम्बनिधत अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए सख्त कार्यवाही की जायेगी। निवेशकों से कहा कि वे अपने प्रोजेक्ट की पूर्ण रिपोर्ट तैयार कर धरातल पर उतारें, कहीं पर भी समस्या आती है, तो तत्काल अवगत करायें, त्वरित निस्तारण किया जायेगा। जनपद कौशाम्बी में उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे तथा जनपद का तेजी से विकास भी होगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि उ0प्र0 को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा हैं। कानून व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने के साथ ही विद्युत आपूर्ति एवं आधारभूत संरचना-सड़क आदि विकास के कार्य किये जा रहें है। कौशाम्बी की ओडीओपी-केला को बढ़ावा एवं प्रोत्साहित करने के लिए भी अनेक कार्य किये जा रहें है। प्रदेश में नई औद्योगिक निवेश नीति के अन्तर्गत निवेश करने वाले नव उद्यमियों को स्टाम्प ड्यूटी में छूट बुन्देलखण्ड एवं पूर्वांचल में 100 प्रतिशत, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, पूॅंजीगत सब्सिडी एवं ब्याज सब्सिडी, एमएसएमई सेक्टर में गुणवत्ता सुधार को प्रोत्साहन, एमएसएमई सेक्टर में पर्यावरण सुधार के लिए उपायों को प्रोत्साहित करना, इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी में छूट, तकनीकी उन्नयन योजना में छूट, प्रदेश में स्थापित होने वाले नये सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को उनके द्वारा किये गये स्थायी पूंजी निवेश के आधार पर सूक्ष्म इकाईयों को 25 प्रतिशत, लघु इकाईयों को 20 प्रतिशत निवेश प्रोत्साहन सहायता दिया जायेगा एवं प्रदेश में स्थापित होने वाले नये सूक्ष्म उद्योग के लिए पूंजीगत ब्याज उपादान के सम्बन्ध में ऋण पर देय वार्षिक ब्याज का 50 प्रतिशत अधिकतम रू0 25 लाख प्रति इकाई 05 वर्षों के लिये सुविधायें प्रदान की जा रही हैं।निवेशकों द्वारा प्रभारी मंत्री से जनपद में औद्योगिक क्षेत्र को शीघ्र विकसित कर भूखण्ड आवंटित किये जाने, जनपद में यू0पी0 सीडा का कार्यालय खोले जाने एवं विद्युत की बेहतर आपूर्ति आदि सुविधा उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया, जिस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि निवेशकों को हर सम्भव सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

## उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने हाफ मैराथन दौड़ कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

लखनऊ। प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह रविवार को 1090 चौराहा लखनऊ पर आयोजित हाफ मैराथन दौड़ कार्यक्रम में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने पहुँचे। उन्होंने दौड़ में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों से मुलाकात भी की। उद्यान मंत्री ने झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को शुरू किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव खेलकूद नवनीत सहगल भी उपस्थित रहे। शील्ड डिफेन्स कॉलेज हाफमैराथन के अवसर पर प्रात: 6 बजे से 08 बजे शो नवाबस् फाउण्डेशन द्वारा शील्ड डिफेन्स कॉलेज हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन 1090 चौराहा गोमती नगर, लखनऊ में किया गया। प्रतिभागियों ने मैराथन दौड़ की चार श्रेणियों 21 किमी0, 10 किमी0, 05 किमी0, 03 किमी0 में प्रतिभाग किया। जिसमें किशोर वर्ग से लेकर वयोवृद्ध के सम्मानित नागरिकों द्वारा भागीदारी की गयी।

# लोक संस्कृति की धरोहर को दिखा कर विदा हो गया मुनाल महोत्सव

- अंतिम दिन रविवार को हुआ प्रमाण पत्र वितरण

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



**लखनपुरी** के गोमती तट स्थित पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में चल रहे लोक संस्कृति की धरोहर मुनाल कार्यक्रम प्रमाण वितरण के साथ विदा हो गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। शाम को हुई सांस्कृतिक संध्या में भरतनाट्यम नृत्यांगना लवली घिल्डियाल व कथक नृत्यांगना आरती शुक्ला दीक्षित ने नृत्य प्रस्तुत किए। वरिष्ठ लोक गायिका ऋचा जोशी के साथ देवेश्वरी पवार गीता शुक्ला, हर्षिता चतुर्वेदी ने सामूहिक अवधी भोजपुरी, गढ़वाली, राजस्थानी, पंजाबी गीत प्रस्तुत किया। गायिका ऋचा जोशी ने सूफी गीत 'दमा दम मस्त कलंदर के साथ 'ऊंचा ऊंचा पहाड़....' गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने गढ़वाली नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन मेनका श्रीवास्तव व मोहन बिष्ट ने किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक मुनालश्री विक्रम बिष्ट व आकांक्षा आनंद थे। प्रदेश में लुप्त हो रही लोक संस्कृति के संवर्धन संरक्षण में राजू भैंसोंड़ा के निर्देशन में गढ़वाली नृत्य को दमयंती नेगी, राधा, सुशीला नेगी, मधु नेगी कलाकारों ने प्रस्तुत किया। इसके अलावा महोत्सव में हुई विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में मिस्टर, मिस एंड मिसेज का फिनाले हुआ। महोत्सव के दौरान कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रेम सिंह बिष्ट नीलम जोशी, हेमा डोबरियाल, आशू नौटियाल, राजू भैंसोड़ा व कलाकारों को प्रतीक चिन्ह दिए गए। महोत्सव स्थल पर भारत के विभिन्न प्रांतों की लोक संस्कृति के साथ भारतीय हस्तशिल्प के स्टॉल खानपान झूले आदि लगे हैं। उत्तराखंड का खानपान, बाल मिठाई सब को बहुत पसंद आ रहे थे।

# होली के मद्देनजर आहूत की गई पीस कमेटी की बैठक

मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

मनकापुर गोंडा आगामी होली त्यौहार को लेकर थाना कोतवाली मनकापुर में सामाजिक समरसता कायम रखने के परिपेक्ष्य में पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई।कमेटी में सभी धर्म संप्रदाय के प्रमुख लोगों के साथ बैठकर त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने विषयक व्यापक विचार विमर्श किया गया।

कोतवाली मनकापुर में आगामी होली त्यौहार को लेकर सामाजिक समरसता बनी रहे और किसी प्रकार की अराजकता ना फैले इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मनकापुर चितवन कुमार ने रविवार की दोपहर 2¬00 बजे पीस कमेटी की बैठक आहूत की बैठक में थाना अंतर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं के संभ्रांत लोगों सहित बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष चंद्र किशोर पाठक,समीम खान सहित स्थानीय कस्बा मनकापुर वअगल बगल क्षेत्र से दर्जनों लोग मौजूद रहे। मौजूद लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रभारी निरीक्षक से रूबरू हुए तथा प्रभारी



निरीक्षक मनकापुर चितवन कुमार ने बताया कि किसी भी प्रकार से होली के दिन हुड़दंग में शराब को शामिल न किया जाए।अबीर गुलाल व प्राकृतिक रंग के साथ समरसता पूर्वक व्यवहार किया जाए। जिन्हें रंग गुलाल से विशेष आपत्ति हो उनके ऊपर रंग गुलाल का प्रयोग न करें। सामान्य रूप से समरसता पूर्वक त्यौहार मनाए।

उन्होंने कहा कि हर वक्त पुलिस आप लोगों के साथ है, समस्या होने पर त्वरित सूचना दी जाए सहयोग निश्चित होगा।मौके पर प्रधान प्रतिनिधि कुडाशन बाजार अन्नी सिंह, विजय कुमार द्विवेदी, संजय, धर्मेंद्र, विवेक आनंद सिंह, रिक्की सिंह पूर्व जेष्ठ ब्लाक प्रमुख के के सिंह सहित कस्बे के मुख्य मुख्य लोग मौजूद रहे।

# बौद्धिक विकास के लिए बच्चों को कराया चिड़ियाघर की सैर

करनैलगंज /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

नगर में संचालित एक किड्स मांटेसरी स्कूल के बच्चों को बौद्धिक विकास के लिए चिड़ियाघर की सैर कराया गया और विभिन्न प्रजाति के जीव जंतुओं के बारे में उन्हें अवगत कराया गया।

नगर के सनराइज किड्स कान्वेंट स्कूल द्वारा लखनऊ प्राणी उद्यान चिड़ियाघर में तरह-तरह के पशु - पक्षियों को बच्चों ने देखकर खूब मजे लूटे और उत्साहित होकर उसके बारे में अध्यापकों से चर्चा भी करते रहे। विद्यालय के प्रोटोकॉल के



अंतर्गत प्रार्थना एवं राष्ट्रीय गान के साथ उद्यान के अंदर कराया गया। बच्चों ने बड़ी उत्सुकता के साथ मछलियों एवं जंगली सांपों के प्रदर्शनी को देखा।

विद्यालय के प्रबंधक केएल वर्मा की अगुवाई में यह टूर कराया गया। बच्चों के देखभाल के लिए आवेश सिद्दीकी, पंकज जायसवाल, शुभम मिश्रा, शिवम मिश्रा, शैली गुप्ता, आदिती सोनी, लीना गुप्ता, शिवानी श्रीवास्तव, आयशा, रुचि सिंह, सिमरन सोनी, लक्ष्मी पांडे आदि को लगाया गया था।



## बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया 87वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव

**करनैलगंज /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की करनैलगंज शाखा पर 87वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के मोहल्ला बालकराम पुरवा में स्थित शाखा पर शिव जयंती का पर्व का शुभारम्भ विधायक अजय सिंह ने शिव ध्वज फहरा कर किया। उसके बाद रंगारंग धार्मिक कार्यक्रम सनराइज गार्डन में रखा गया। जिसकी शुरुआत तिलक, चंदन व बैज लगाकर किया गया। विधायक अजय सिंह, पूर्व चेयरमैन रामजीलाल मोदनवाल व बहन सुनीता ने संयुक्त रूप से भगवान शिव व माता पार्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया। बीके सुनीता बहन ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि तुम भगवान का ध्यान करोगे तो वह तुम्हारा ध्यान रखेगा। विधायक ने कहा कि हिन्दू धर्म सर्वश्रेष्ठ है। हमें जाति पांति को भूलकर एक होकर रहना चाहिए। इस अवसर पर बीके सुनीता बहन द्वारा केक भी काटा गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया तथा विशाल शिवलिंग के पास शिव ध्वज भी फहराया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्र प्रकाश शुक्ला ने किया। इस मौके पर अमित सिंघानिया, गणेश प्रसाद तिवारी, आशीष गिरी, जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह, चंद्रशेखर गोस्वामी, राजू सोनी, विशाल कौशल, आयुष सोनी, पंडित उमेश मिश्रा, संजय यज्ञ सैनी, बहन सुमित्रा आदि सहित भारी संख्या में पुरुष और महिलायें मौजूद रहे।

# शिव बारात का जगह जगह हुआ स्वागत

▸ मंदिरों पर प्रसाद के वितरण के साथ भंडारे का भी हुआ आयोजन

करनैलगंज /गोंडा, समृद्धि न्यूज़

करनैलगंज नगर में शनिवार की देर रात्रि निकली शिव बारात का जगह जगह स्वागत व आरती पूजन, प्रसाद वितरण हुआ। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में भगवान शिव की बारात बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गयी जिसका विभिन्न मंदिरों पर भव्य स्वागत किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के गुड़ाही बाजार स्थित शिव मंदिर से भगवान शिव की बारात निकाली गयी। भगवान शिव की प्रतिमूर्ति बग्गी पर सवार, डीजे, रोड लाइट के साथ शिव बारात निकाली गई। बारात के साथ श्रद्धालु झूमते, नाचते चल रहे थे। गुड़ाही बाजार के शिव मंदिर से प्रारम्भ हुई यह बारात नगर के तमाम शिव मंदिरों पर गयी जहां भगवान



शिव की आरती की गयी तथा बारातियों का स्वागत किया गया। नगर के कई शिव मंदिरों पर प्रसाद का वितरण किया गया तो कुछ जगहों पर भंडारे में भोजन की भी व्यवस्था की गयी थी। म

ंदिरों पर प्रसाद के साथ ही ठंडाई की भी व्यवस्था की गयी थी। बारात में अशोक कुमार सिंघानिया, अमित सिंघानिया, आशीष शुक्ला, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, जोगेंद्र सिंह जानी, चंद्रशेखर गोस्वामी, संतोष सोनी, संजय साहू, हरिगोपाल वैश्य, अरुण कुमार वैश्य, बबलू सोनी, विश्वनाथ साह, रामजी गुप्ता, हरीश गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, आयुष सोनी, संजय यज्ञसेनी, सोनू पुरवार, अरमान पुरवार, कन्हैया लाल वर्मा, मुकेश वैश्य आदि सहित भारी संख्या में लोग चल रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय सिंह, कोतवाल सुधीर कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज आशीष कुमार वर्मा, अंकित सिंह, अजय सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए थे।

# ट्रक और डंपर की भिड़ंत में चालक समेत तीन घायल

▸ हादसे में कानपुर निवासी चालक वाहनों के बीच फंसा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

सीतापुर बहराइच सड़क मार्ग पर सुबह में ट्रक और डंपर में आमने सामने की भिंड़त हो गई। जिसमें ट्रक चालक बीच में ही फंस गया। पुलिस ने मशक्कत कर उसे बाहर निकाला। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया गया है।

बहराइच सीतापुर मार्ग पर हरदी थाना क्षेत्र के गंगापुरवा गांव के पास सुबह ट्रक और डंपर में भिड़ंत हो गई। भीषण हादसे में ट्रक संख्या यूपी 25 सीटी 6071 सीतापुर जा रही थी। जिसके चालक कानपुर जनपद के घाटमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उरिया निवासी रामवीर पुत्र भगवान दीन गाड़ी में ही फंस गया। हादसे की सूचना पाकर हरदी थाने की पुलिस



पहुंची। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि चालक को बाहर निकलवाया गया। जबकि सीतापुर से बहराइच जा रही डंपर संख्या यूपी 18 जीएन 8132 के चालक और क्लीनर घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी रामपुरवा पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर तथा अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी तरबगंज गोण्डा के निर्देशन में जनपद गोण्डा में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध कच्ची शराब की बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्षो को दिए थे। उक्त के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक के कुशल निर्देशन में थाना तरबगंज पुलिस टीम को दिनांक 19.02.2023 को बड़ी सफलता प्राप्त हुई । तरबगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण में रवाना थी 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 01 नफर अभि0 कालीदीन पुत्र राम लौटन निवासी खानपुर नयका पुरवा थाना तरबगंज जनपद गोंडा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# खबरें एक नजर में

## तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर एम वी म्यूजिकल ग्रुप ने किया सम्मानित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** यू पी जनर्लिस्ट एसोसिएशन उपजा के तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर एम वी म्यूजिकल ग्रुप के मोनू सिंह,मुरली मनोहर,देवेन्द्र कुमार, मनीष श्रीवास्तव, राम फेर प्रजापति एडवोकेट,वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार श्रीवास्तव ने डॉ? जी सी श्रीवास्तव का सरस्वती चित्र,अंगवस्त्र बुके भेंट कर सम्मानित किया।

## मेढ़ के विवाद में पिता पुत्र को पीटा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कौड़िया थाना क्षेत्र में मेड़ के विवाद को लेकर पिता पुत्र को मार पीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कौड़िया थाना क्षेत्र के 50 वर्षीय राम जियावन पांडेय और उस के पुत्र अजीत कुमार को लाठी डंडे से मार पीट कर घायल कर दिया गया। घायल अवस्था मे अजित कुमार ने बताया की उस के खेत के मेड़ को गाँव के कुछ लोग काट रहे थे। जिस का विरोध करने पर मारा पीटा गया। घटना की तहरीर कौड़िया थाने पर दी गई है।

## गाजे-बाजे के साथ निकली भोले की बारात



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार की रात शिव मंदिर परिसर में शिव और माता पार्वती के विवाह का आयोजन हुआ। मंदिर को दुल्हन की भांति सजाया गया। शिव मंदिर की छटा के बीच हर हर महादेव बोल बम के गगनचुंबी नारों तथा माताओं बहनों द्वारा बिना रुके थके शिव महिमा के मनोहारी गीत संगीत के वातावरण से पूरा परिसर शिवमय हो गया। भगवान भोलेनाथ की बारात में शामिल बारात के बाराती वर कन्या पक्ष के लोग भगवान के विभिन्न स्वरूपों में सजीव झांकियों के साथ गाजे–बाजे के बीच जरवल रोड बाजार के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए सब्जी मंडी, किसान इंटर कॉलेज, अलीनगर, तूफानी चौराहा गल्ला मंडी होते हुए पुनः शिव मंदिर परिसर में पहुंची। जहां पर बारातियों का शानदार स्वागत किया गया। परिसर में आयोजित भंडारे का प्रसाद भी शिव भक्तों ने ग्रहण किया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक नीरज अग्रवाल, संजय गुप्ता, रामू गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, सत्येंद्र शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, कुंवर आनंद प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख जरवल विपेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश अवस्थी,कृष्ण कुमार गुप्ता, विवेक कुमार मिश्रा, चंद्र कुमार जैन,शरद पोरवाल, डॉ रामू सैनी, जीतू श्रीवास्तव, राहुल सिंहफ़्राजाफ़, विष्णु गुप्ता, शिव सिंह यादव, सुरेश सिंह, बबलू यादव, आलोक अग्रवाल, राधेश्याम यज्ञ सैनी सहित जरवल रोड पुलिस बल के जवान भी मौके पर मौजूद रहे।

# सिपाही के शव को एसपी और एएसपी ने दिया कंधा

▸ ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से हुआ था निधन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के मिहीपुरवा चौकी में तैनात सिपाही की शनिवार को ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक पड़ने से निधन हो गया था। रविवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद पुलिस लाइन में सलामी दी गई। एसपी और एएसपी ने मृतक सिपाही के शव को कंधा दिया।

संतकबीर नगर जनपद के थाना महुली के ग्राम देईसड़ निवासी मस्तराम शर्मा 2018 बैच के सिपाही थे। उनकी तैनाती मोतीपुर थाना क्षेत्र



के मिहीपुरवा चौकी में थी। शनिवार को महा शिवरात्रि के मौके पर कस्बे के श्रीराम जानकी मंदिर से शिव बारात निकलना था। जिसके लिए सिपाही की ड्यूटी सुरक्षा में लगाई गई थी। शिव बारात निकलने के दौरान मंदिर के सामने खड़ा सिपाही अचानक बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा। साथी पुलिस कर्मी उठाकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर ले गए। यहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर रोहित कुमार ने बताया कि सिपाही को दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई है।

रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद शव लेकर पुलिस लाइन लाए। यहां पर सिपाहियों ने सलामी दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने शव को कंधा दिया। इसके बाद परिवार के लोग शव लेकर गांव के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मोतीपुर के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह, सीओ राहुल पांडेय, नगर राजीव सिसोदिया समेत अन्य मौजूद रहे।

## 64 बोतल नेपाली शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत नेपाल सीमा पर गश्त के दौरान एक नेपाली महिला तस्कर को शराब के साथ पकड़ा है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के उप कमांडेंट तपन दास के निर्देश पर एसएसबी के जवान भारत नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे थे। एसएसबी जवान सीमा पर पिलर संख्या 649 के पास पहुंचे। तभी एक महिला भारतीय सीमा में प्रवेश करती दिखी। उसे रोक कर तलाशी ली गई बोरी में 64 बोतल नेपाली शराब बरामद हुई। बरामद शराब और महिला को एसएसबी जवानों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि महिला नेपाल की निवासी है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद शराब को सीज कर दिया गया है। इस दौरान उप निरीक्षक समेत अन्य मौजूद रहे।

# जीडी में अंकन के साथ अपराध की दें सूचना

▸ कैसरगंज में सीओ ने की बैठक

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

कैसरगंज कोतवाली में आसन्न त्योहारों को लेकर रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सीओ ने कहा कि अपराध पर पुलिस अंकुश लगाए। अगर अपराध होता है तो उसका अंकन जीडी में करने के साथ सूचित भी करें। कैसरगंज कोतवाली परिसर में रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। सीओ ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देश को सभी



पुलिस अधिकारियों को बताया। उन्होंने कहा कि आसन्न त्योहार होली, शबे बरात व बोर्ड परीक्षा तथा अपराध के संबंध में बैठक हुई। सीओ ने चेक लिस्ट दिया। जिसमे बीपीओ द्वारा मुताबिक अधिकारीगण के आदेश सप्ताह में दो बार अपने अपने बीट में जाने के बाद चेक लिस्ट को भरकर वापसी में मुताबिक चेक लिस्ट जीडी में सूचना देने के साथ-साथ अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान कोतवाल दद्दन सिंह, सभी उप निरीक्षक, महिला सिपाही और अन्य शामिल रहे।

# पुलिस लाइन में पारिवारिक मामलों की हुई काउंसिलिंग



▸ परिवारों में विघटन न हो इस कारण से परामर्शदाताओं का सहयोग लेकर कराया जाता है समझौता : शीला यादव

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बहराइच समृद्धि न्यूज पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन परिवार मे परामर्श केन्द्र पर रविवार को काउंसलर फहीम किदवई, डी पी सिंह, सर्वजीत सिंह, अनुराधा श्रीवास्तव,रंजना उपाध्याय, व प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव ,महिला आरक्षी निहारिका वर्मा, किरण देवी, शशि शुक्ला व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलाह समझौते का प्रयास किया। महिला थाना पर प्रत्येक रविवार को परिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों में परामर्शदाताओं के माध्यम से परिवारों को पुनः जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव ने बताया कि उनके समक्ष काफी ऐसी शिकायत थाने पर एवं उच्च अधिकारियों से प्राप्त होती हैं, जिनमें पति-पत्नी में घरेलू कलह होने कारण मुकदमें शुरू हो जाते है। पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा , साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। परिवारों में विघटन न हो इस कारण से परामर्शदाताओं का सहयोग लेकर प्रत्येक रविवार को थाना परिसर में पक्षकारो के मध्य समझौता कराया जाता है। इस रविवार लगभग 07 मामलों में पति पत्नी उनके सगे संबंधियों को बुलाया गया था।प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव व टीम के अथक प्रयास से 04 परिवारों को बिखरने से बचाया गया हैं और उनकी साथ में विदाई करायी गयी है। 03 परिवारों में अधिक मनमुटाव होने कारण उन्हें अगले रविवार को बुलाया गया है। जिन पति पत्नी की विदाई करायी गयी उनको भी अगले रविवार को कुशलक्षेम पूछने के लिए पुन¬ बुलाया गया है जिससे सुलह की स्थिति से अवगत करा सकें। इस तरह से सुलह कराने से परिवारों को बिखरने से बचाने के लिए किये जा रहे प्रयास का सराहनीय कार्य किया गया है।

# सज्जन व्यक्ति की सक्रियता से ही हो सकती है देश की रक्षा एवं सुरक्षा : प्रशांत

▸ फखरपुर के रामलीला मैदान में आयोजित हुआ शाखा संगम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फखरपुर खंड के तत्वधान में शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन रामलीला मैदान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत कार्यवाह प्रशांत शुक्ला उपस्थित रहे। शाखा संगम में फखरपुर खंड की 20 शाखाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत कार्यवाह प्रशांत ने कहा कि भारत की सनातन सांस्कृति एवं धार्मिक अस्मिता को समाप्त करने के लिए



अनेकों बार आक्रमण कर विभिन्न शासकों ने यहां अपनी सत्ता स्थापित की, किंतु भारत में मौजूद सनातनतत्व के कारण विदेशी आक्रांता भारत को पूर्णरूपेण गुलाम बनाने में कभी सफल नहीं हो सके। यही कारण था कि भारत कभी भी पूर्णरूपेण परतंत्र नहीं रहा देश के अंदर हमेशा अपनी अस्मिता एवं स्वतंत्रता के लिए महापुरुषों द्वारा समाज को साथ लेकर संघर्ष किया गया। भिन्न भिन्न कालखंडो मे महापुरुषों द्वारा समाज जागरण कर भारत को एक बनाए रखने हेतु कार्य किया गया। इसी में छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि देश की सज्जन व्यक्ति की सक्रियता से ही देश की रक्षा एवं सुरक्षा की जा सकती है। इसी बात को ध्यान में रखकर संघ संस्थापक पूज्य डॉक्टर हेडगेवार ने सन 1925 में संघ की स्थापना की। उन्होंने कहा की शाखा व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला है शाखा में खेल खेल के द्वारा व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है और ऐसा व्यक्ति देश व समाज के संस्कृतिक सामाजिक विकास के लिए हमेशा अग्रेसर की भूमिका में खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि भारत का सनातन समाज जब तक जागृत रहेगा कोई भी शक्ति भारत को गुलाम नहीं बना सकता। कार्यक्रम में जिला संघचालक कृष्णानंद शुक्ल, विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद, जिला प्रचारक दीनानाथ, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, विभाग धर्म जागरण प्रमुख जितेश्वर, जिला प्रचार प्रमुख अतुल गौड़, सह जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख जितेंद्र ,खंड विस्तारक अविनाश, गंगोत्री प्रसाद त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद यादव, रत्नेश शुक्ल,हृदय राम गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह वरुण कुमार शुक्ल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सह खंड कार्यवाह सौरभ ने किया। कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख अमर श्रीवास्तव जी रहे ।

## विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है आरएसएस : दीनानाथ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महसी खंड का शाखा संगम कार्यक्रम बैकुंठा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिसर में आयोजित हुआ ।शाखा संगम में खंड की 13 शाखाओं के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। शाखा संगम कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के जिला प्रचारक दीनानाथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिला प्रचारक दीनानाथ ने कहा कि संघ संस्थापक पूज्य डॉक्टर हेडगेवार ने सन 1925 में कुछ बाल स्वयंसेवकों को साथ लेकर संघ की स्थापना की थी जो आज विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। उन्होंने कहा कि शाखा के माध्यम से व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है और व्यक्ति मानसिक, शारीरिक रूप से मजबूत बनता है। संघ की शाखा में होने वाले खेल व्यक्ति के मन में सामाजिक समरसता का भाव जागृत होता है संघ में की शाखा में आने वाले व्यक्ति के अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना बढ़ती है । उन्होंने कहा कि संघ संस्थापक पूज्य डॉक्टर ने कहा था कि जिस समय शहरों में तीन प्रतिशत और गांव में एक प्रतिशत संघ के स्वयंसेवक हो जाएंगे उस दिन भारत परम वैभव के शिखर को छुएगा, आज देश के अंदर ऐसा होता हुआ दिख रहा है। शाखा संगम कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह टीका राम ने किया। कार्यक्रम में खंड संघचालक डॉ मनोज, जिला कार्यवाह भूपेंद्र सिंह, सह जिला व्यवस्था प्रमुख ओम प्रकाश सक्सेना, नगर प्रचारक आशुतोष, खंड विस्तारक अभिषेक, सह खंड कार्यवाह बृजेंद्र, भाजपा नेता अखंड प्रताप सिंह, प्रदीप मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# संघर्ष समिति की द्वितीय बैठक संपन्न

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के मोहल्ला नई बस्ती बक्शीपुरा के निवासियों ने रविवार को बैठक की। लोगों ने जनप्रतिनिधियों से रेलवे क्रॉसिंग 41 सी व सीवेज लाइन की मांग रखी है। बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी मनीराम वर्मा ने कहा कि हमारे मोहल्ले में 17 हजार आबादी का जीवन नरक हो चुका है। कहा कि बच्चों को स्कूल जाने व मरीजों को अस्पताल जाने में काफी चक्कर लगाना पड़ता है। रेलवे क्रॉसिंग 40 सी भी बंद होने जा रही है। आगे और समस्या बढ़ने जा रही है। मोहल्ले के समाजसेवी रमेश त्रिपाठी ने कहा कि हम अपनी समस्याओं को लेकर पीआइएल दाखिल करेंगे। मोहल्ले में जनजागरूकता अभियान चलायेंगे। आगामी दिनों में हर जनप्रतिनिधियों



▸ बख्शीपुरा के निवासियों ने रेलवे क्रासिंग 41 सी व सीवेज लाइन की रखी मांग

से मिलकर समस्या के समाधान हेतु चर्चा की जाएगी। बैठक में मनीराम वर्मा को जनसंपर्क अभियान और अधिवक्ता रमेश पाठक को पीआइएल की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सभासद दुर्गेश पांडेय, शिवांकर शुक्ला, अरुण कुमार मिश्र, राधेश्याम सिंह, बृजेश शर्मा, मनीष पाठक, दीनानाथ, मिन्टू, राधाकृष्ण पाठक, अभिषेक त्रिपाठी, जनार्दन प्रसाद मिश्र, अमरेंद्र प्रताप सिंह, सत्यदेव मिश्र सहित कई समाजसेवी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष की स्कार्पियों को ट्रक ने पीछे से ठोका

▶ भ्रामक खबरों को लेकर, घायल अवस्था में जीसी सिंह चौहान ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करते हुए पत्रकारों से बताया कि वह किसी खड़े ट्रक वाहन से नहीं टकराए थे बल्कि बिगड़े खड़े ट्रक के पीछे जैसे ही उन्होंने अपने वाहन को रोका मौके की नजाकत को जानने का प्रयास किया तभी पीछे से तेज रफ्तार यूपी 32 ईएन 9198 भी डीसीएम ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, लंबा जाम होने के बावजूद मौके पर कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था, सूचना पर चौहान गुट के महिला पदाधिकारी बबिता व मो उमर मौके पर पहुंचे जबकि इससे पूर्व समाजसेवी गुड्डन श्रीवास्तव सर्वप्रथम मौके पर पहुंचते हुए मदद की और जिला अस्पताल भेजवाया वही नशे में धुत ड्राइवर व कंडक्टर को 112 बुलाकर पुलिस को सौंपा। ज्ञात हो कि कल बीती रात एक कार्यक्रम से अपने घर प्रगतिपुरम वापस लौटते समय गोल चौराहा ओवर ब्रिज पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान के स्कार्पियो वाहन को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से ठोक दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। इसकी सूचना जैसे महिला जिलाध्यक्ष बबिता व मो उमर को लगी तो वह मौके पर पहुचे, किसी तरह वाहन से उन्हें बाहर



निकलकर राणा बेनी माधव जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि हाइवे ओवर ब्रिज पर बिगड़े खड़े ट्रक को देखने के लिए स्कार्पियो को रोकते ही पीछे से नशे में धुत तेज मेटाडोर ट्रक के टक्कर मारने से उनका वाहन आगे बिगड़े खड़े ट्रक में जा घुसने से यह हादसा हुआ, मौके से मिल एरिया पुलिस ने वाहन व चालक को गिरफ्तार कर लिया। प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट के प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान अपने घर प्रगतिपुरम जा रहे थे कि गोल चौराहा निकट ओवरब्रिज पर चढ़ते समय आगे बिगड़े खड़े ट्रक को देखने के लिए जैसे ही उन्होंने अपनी स्कार्पियो को रोका तभी तेज रफ्तार नशे में धुत मेटाडोर संख्या यूपी32 ईएन 9198 ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे आगे खड़े ट्रक से जा टकराए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये जिनका जिला अस्पताल में इलाज किया जा है, मेटाडोर वाहन को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है। श्री चौहान ने बताया कि गोल चौराहे से रतापुर जाते समय ओवर ब्रिज पर एक बिगड़ा ट्रक खड़ा था, बगल से वाहनों को निकालने में लोगों को दिक्कत हो रही थी, जैसे ही वह अपनी स्कार्पियो से पुल पर चढ़ने लगे तो वाहनों की भीड़ देख जानकारी करने के लिए उन्होंने अपने वाहन को उसी खड़े ट्रक के ठीक पीछे रोक कर उतरने के प्रयास के पहले ही पीछे से आ रहे नशे में धुत तेज रफ्तार मेटाडोर ने पीछे से जोरदार टक्कर मारकर मुझे व मेरे वाहन को खड़े ट्रक में टकरा दिया। मेरा वाहन न रफ्तार में था न किसी से टकराया था, मैने मौके की नजाकत को समझने के खड़े ट्रक के ठीक पीछे अपने वाहन को रोका था तभी यह हादसा हुआ। फिर हाल उनका इलाज जारी है। वही घटना को सुनकर अस्पताल में मिलने वालों का तांता लगा हुआ।

# गरीबों की सेवा करने से बड़ा कोई धर्म नहीं : शिवानी सिंह



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिव दुर्गा कैलाश महावीर सिंह सेवा समिति की ओर से विगत 11 वर्षों की भांति महाशिवरात्रि के पर्व पर ग्राम सभा दौतरा मे विधवा महिलाओं वृद्ध असहाय गरीब को वस्त्र वितरित किए गए। एवं महादेव के मंदिर पर पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह रहे। अध्यक्ष शिवानी सिंह ने बताया गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है इसकी प्रेरणा मुझे मेरी मां की मां (नानी) से मिली कि गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है इसी बात की प्रेरणा लेकर गरीबों की सेवा करने में बड़ी संतुष्टि मिलती है। और जीवन भर गरीब व्यक्तियों की सेवा शिव दुर्गा कैलाश महावीर सिहं सेवा समिति द्वारा की जाती रहेगी वही अंग वस्त्र पाकर गरीबों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और लोग काफी प्रसन्न नजर आए। इस मौके पर पूर्व प्रधान अतुल सिंह अशोक सिंह ज्ञानू सिंह अनिल सिंह मंटू सिंह शिवम सिंह रामखेलावन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### कोल्ड स्टोर का विधायक ने किया उद्घाटन



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने क्षेत्र के ग्राम ताजपुर के निकट एक निजी कोल्ड स्टोरेज का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक श्री कटियार ने कहा कि कोल्ड स्टोर स्थापित होने से किसान आलू भंडारित कर खुले बाजार में ऊंची दर पर बिक्री कर सकेंगे। उद्घाटन अवसर पर विधायक श्री कटियार ने कहा कि यह क्षेत्र बीते कई दशक से आलू फसल का प्रमुख उत्पादन केंद्र रहा है किंतु भारी मात्रा में आलू उत्पादन को देखते हुए क्षेत्र में भंडारण की व्यवस्था नहीं थी। ऐसी विषम परिस्थिति के चलते क्षेत्र के किसान सीमावर्ती जनपद कानपुर और कन्नौज स्थित कोल्ड स्टोर में भंडारण करने को मजबूर थे। जिससे किसानों को भाड़े के रूप में भारी धनराशि खर्च करनी पड़ती थी। अब आलू उत्पादन क्षेत्र में ही एक और कोल्ड स्टोर स्थापित हो जाने से भंडारण क्षमता में इजाफा होगा। जिसका सीधा लाभ आलू उत्पादक किसानों को मिलेगा। उन्होंने कोल्ड स्टोर के मालिक निराला कटियार को इस किसान हितैषी कार्य के लिए बधाई भी दी। उद्घाटन अवसर पर अपना दल एसके जिलाध्यक्ष अमरेश पटेल सहित गुड्डन कटियार, विवेक कटियार, अशोक कुमार, श्रीकृष्ण, धर्मेंद्र राजपूत व मोनू कटियार आदि सैकड़ों आलू उत्पादक किसान मौजूद रहे।

### भाईयो के बीच पनपा सम्पत्ति विवाद ले रहा विकराल रूप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर सरांय निवासी रिंकू बाजपेई और उनके बड़े भाई सुभाष बाजपेई के बीच जमीन को लेकर हुआ विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। रिकू बाजपेई ने बताया कि उन्होंने और उनकी पत्नी ने पिता की सेवा की जिससे रिकू के पिता ने 2012 में लगभग दो बीघे जमीन रिकू की पत्नी के नाम बैनामा कर दिया था। 2015 में रिंकू के पिता का स्वर्गवास हो गया। जमीन पर रिंकू का कब्जा है। रिंकू बाजपेई के बड़े भाई सुभाष बाजपेई लगातार अपना कब्जा करने की कोशिश कर रहे और न्यायालय में मुकदमा भी दायर कर रखा है जब न्यायालय में मुकदमा दायर है तो यथास्थिति रहनी चाहिए फिर कब्जा करने का क्या कारण है। पहले भी रिंकू बाजपेई के बड़े भाई सुभाष बाजपेई दस से पंद्रह लोगो को लेकर कब्जा करने की नियत से आए थे लेकिन कब्जा नही कर पाए। इसी तरह कब्जा करने की कोशिश करके झूंठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। रिंकू बाजपेई ने बताया कई बार पुलिस प्रसाशन को लिखित शिकायत की पर कोई भी सुनवाई नही हुई। अब सवाल ये उठता है कि क्या पुलिस किसी बड़ी घटना होने का इंतजार कर रही या फिर किसकी शय पर बार बार कब्जा करने की कोशिश की जा रही रिंकू वाजपेई के बड़े भाई कई बार पीड़ित रिंकू और उसके परिवार को झूंठे मुकदमे में भी फंसाने की कोशिश कर रहा है। दर-दर भटक रहा पीड़ित कहीं नही हो रही सुनवाई।

### ससुराल गये युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** ससुराल गए युवक का शव बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर स्थित ग्राम अतरधनी के निकट संदिग्ध अवस्था में पड़ा पाया गया। सूचना पर पहुंचे पिता ने अपने पुत्र की दुर्घटना में मौत होने की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पड़ोसी जनपद हरदोई के कस्बा मल्लावां अंतर्गत मोहल्ला बंदीपुर निवासी वकील अहमद पुत्र शकील अहमद की ससुराल जिले के थाना आसीवन अंतर्गत ग्राम मियागंज में है। बीते शनिवार को वकील अहमद अपनी ससुराल मियागंज गया था। आज सुबह ग्रामीणों ने 35 वर्षीय युवक का शव कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर स्थित ग्राम अतरधनी के निकट सड़क के किनारे लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर जा पहुंची। जामा तलाशी लेने पर मृतक की जेब से मोबाइल सेट बरामद हुआ। मोबाइल के आधार पर पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना पर मृतक के पिता शकील अहमद आनन-फानन घटनास्थल पर आ पहुंचे और मृतक की पहचान अपने पुत्र वकील अहमद के रूप में की। पिता ने अपने पुत्र की दुर्घटना में मौत होने की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली और शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पिता के अनुसार उनका पुत्र वकील अहमद जरदोजी का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता चला रहा था। मृतक की पत्नी सबा और 4 वर्षीय पुत्र रहमान घर पर हैं। मृतक के पिता अपने पुत्र के रात में ही पैदल वापस लौटने की वजह नहीं बता सके किंतु घटना में यह जांच का विषय अवश्य है। जबकि घटनास्थल से मृतक के ससुराल की दूरी करीब 14 किलोमीटर है। हालांकि मृतक के पिता ने बताया कि उसकी अथवा उसके पुत्र की किसी से दुश्मनी नहीं है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### डीसीएम से भिड़ी स्कूटी, युवक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित नार्मल स्कूल के पास एक तेज रफ्तार स्कूटी सड़क पर खड़ी डीसीएम से जा भिड़ी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को सूचना पर पहुंची पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली के दुपरापुर मोहल्ला निवासी अमन (18) पुत्र राजेश त्रिपाठी दही थाना क्षेत्र की एक फैक्ट्री में काम करता है। रविवार की छुट्टी पर वह खाना खाने के बाद घर से स्कूटी लेकर भरत मिलाप जाने की बात कहकर निकला था। तेज रफ्तार स्कूटी शहर के नार्मल स्कूल के पास सड़क पर खड़ी डीसीएम से जा टकराई। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के पास से बरामद हुए मोबाइल के जरिए परिजनों को घटना की जानकारी दी गयी। उसकी मौत की सूचना से मां मधुलिका समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मुकेश कम्प्यूटर्स द्वारा शिव बारात का हुआ भव्य स्वागत



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी शिवरात्रि के अवसर पर निकली शिव बारात का कोतवाली रोड पर स्थित प्रसिद्ध प्रतिष्ठान मुकेश कम्प्यूटर्स द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम रस्तोगी परिवार द्वारा महान औघड़ सन्त परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम एवं परमपूज्य गुरूपद बाबा सम्भव राम जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात् शिव बारात के आयोजक भक्तों को माला पहनाकर अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। बारातियों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजक मण्डल द्वारा स्वागतकर्ताओं को मन्दिर के प्रसाद के रूप में अंगवस्त्र भेंट किये गये।

# निराला जयंती पर साहित्यकारों का हुआ सम्मान ग्रंथों का हुआ विमोचन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



हिंदी जगत के महान कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी की जयंती के अवसर पर निराला स्मृति संस्थान डलमऊ द्वारा साहित्यकार सम्मान समारोह एवं ग्रंथ विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के साथ-साथ गैर जनपद से आए हुए साहित्यकारों को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में साहित्यकारों द्वारा विभिन्न ग्रंथों का विमोचन भी किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ निराला स्मृति संस्थान के संरक्षक स्वामी देवेंद्र आनंद गिरी की अगुवाई में माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न किया गया प्रथम चरण में साहित्यकारों को सम्मानित किया गया तथा द्वितीय चरण में ग्रंथ विमोचन और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान से सम्मानित साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य को साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया डॉ ओम प्रकाश सिंह वरिष्ठ गीतकार डॉ विनय भदौरिया एवं पूर्व प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह महेंद्र सिंह डब्लू के साथ गैर जनपद से आए साहित्यकारों को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह के साथ माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया गयासाहित्यकार सम्मान के क्रम में निराला स्मृति सम्मान से फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली के प्रोफेसर डॉ संजय कुमार सिंह को तथा सरोज स्मृति सम्मान से लखनऊ की मीनू खरे को एवं मुरला दाऊद स्मृति सम्मान लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ पवन अग्रवाल को मनोहरा देवी स्मृति सम्मान से नवाजा गया जनपद एवं गैर जनपद से आए कवियों के द्वारा कविताओं का पाठ किया कार्यक्रम का आयोजन निराला स्मृति संस्थान के संरक्षक स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि जी महाराज अध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी महाराज उपाध्यक्ष ललित भारतीय संयोजक सचिव रामनिवास पंथी संयोजक मंत्री तथा कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया

# शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद हुआ विशाल भंडारा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद हुआ विशाल भंडारा। क्षेत्र के पूरे फेरू सिंह मजरे पहरेमऊ गांव मे विजय राज सिंह द्वारा शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया उसके उपरांत मंदिर पर महाशिवरात्रि के दिन शुरू हुई ओम नमः शिवाय की जाप का समापन रविवार को हुआ उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय लोगों सहित ग्रामीणों ने पहुंचकर महादेव के मंदिर का प्रसाद ग्रहण किया और भोलेनाथ से अपने और अपने परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा इस मौके पर विजय राज सिंह दुर्गेश विश्वकर्मा भाजपा नेता शंकर सिंह राज्य मंत्री प्रतिनिधि दौलत सिंह दल बहादुर सिंह आदर्श सिंह विकास सिंह अमन सिंह पूर्व प्रधान अशोक बबलू सिंह राजकुमार चौरसिया सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रविवार को लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बहाई के पास दो बाइकों की आपस में हुई




जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें बाईक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को दी सूचना मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों घायल को लालगंज समुदाय स्वास्थ्य केंद्र जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जमीनी विवाद में ग्राम प्रधान की धमकी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कसना गांव का है जमीनी विवाद को लेकर ग्राम प्रधान कृष्णचंद ने गांव के ही मंसाराम पुत्र परसादी उम्र 35 वर्ष को कुछ दिन पहले ग्राम प्रधान कृष्ण चंद्र ने धमकी दी थी मामले को बढ़ता देख पुलिस ने दोनों पक्षों में सुलह समझौता करवा दिया था लेकिन प्रधान ने फिर युवक को प्रताड़ित किया जिससे आजिज होकर युवक छत में लगे कुंडे से लटककर अपनी जान दे दी मृतक मृतक की पत्नी ने अपने पति की मौत का जिम्मेदार ग्राम प्रधान को मानते हुए कहा कि ग्राम प्रधान की बार-बार धमकी से अजीज होकर मेरे पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में प्रथम प्रवेश परीक्षा संपन्न

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बगहा स्थित न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सलोन, रायबरेली में सत्र 2023-24 के लिए प्री-प्राइमरी से कक्षा 9 तक की प्रथम प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

प्रवेश परीक्षा आरंभ होने से पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन- अर्चन किया। इस अवसर पर आए हुए सभी अभिभावक भी उपस्थित रहे। विद्यालय के ग्रीन पार्क में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, कला, खेल व संगीत विभाग की ओर से लैब इग्जिविशन का आयोजन किया गया, जिसका संचालन छात्रों द्वारा किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित उपकरणों की तथ्यात्मक जानकारी अभिभावकों को दी गई। अभिभावक बच्चों के बौद्धिक कौशल से



प्रभावित दिखे, उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और गार्जियन ओपिनियन शीट पर अपने अनुभव भी लिखे।

कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बहुत से अभिभावकों द्वारा कार्यालय से नए प्रवेश फार्म लिए गए हैं, जिनकी प्रवेश परीक्षा अगले माह 19 मार्च 2023(रविवार) को आयोजित की जाएगी।

## एक्सयूवी की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** बछरावां थाना के अंतरगत चुरवा मंदिर के पास अनियंत्रित बिना नंबर की एक्सयूवी कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयीं। घटना आज दोपहर 1 बजे के आस पास की है। स्कूटी सवार संजय सिंह पुत्र मुन्नीलाल निवासी चुरवा थाना बछरावां किसी आवश्यक कार्य से बछरावां कस्बे आ रहे थे। चुरवा मंदिर से थोड़ा आगे बढ़ने पर पेट्रोल पंप के पास रक्खी गुमटियों के नज़दीक पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे संजय सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक संजय सिंह की पत्नी अंजली सिंह बछरावां विकास खंड के ग्राम खैरहनी में एनम पद पर कार्यरत है। मूलतः लखनऊ जिले के निवासी संजय सिंह विगत 6 वर्षों से बछरावां थाना क्षेत्र अंतरगत ग्राम चूरूवा में रह रहे थे। उनकी पत्नी की पोस्टिंग चूरूवा में थी तभी से वह अस्पताल परिसर में बनी कॉलोनी में रह रहे थे। मौके पर पहुँचे परिजनों का रो रोके बुरा हाल है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# निधि से निर्मित विद्यालय कक्ष का सांसद ने किया उद्घाटन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



सांसद निधि की पांच लाख से तैयार माधव हाल का डा0 साक्षी महराज ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विद्यालय संरक्षक पूर्व मंत्री मस्तराम की मांग पर अधूरे कक्षों की मरम्मत के लिए सांसद ने तीन लाख और देने की घोषणा की।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को साढ़े ग्यारह बजे डा0 हरि सचिदानंद साक्षी महराज ने हसनगंज ब्लॉक के हंसेवा गाँव में विद्या भारती द्वारा संचालित गोखले सिंह रामजानकी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पहुँचकर सबसे पहले सरस्वती माता की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्वलित किया तथा पांच लाख सांसद निधि से निर्मित माधव हाल का उद्घाटन किया। सांसद साक्षी महराज ने अपने सम्बोधन में पहले भारत माता व वंदेमातरम् का उद्घोष कर कहा कि स्व देशे पूज्यते सभी को भारत देश की पूजा करना चाहिए।

आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह संघ चालक गुरुजी माधव सदाशिव गोलवलकर की जयंती है उनकी जयंती के अवसर पर उनके नाम से पूर्व में दिये गये पांच लाख रुपये से निर्मित माधव हाल का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा सबसे बड़ा विद्या धन होता है। संघ के आदर्शो पर गांवों में पहुँचकर यह संस्कारित विद्यालय समाज को नयी दिशा दे रहे हैं। आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के हाथों में देश व प्रदेश की बागडोर है संघे शक्ति कलयुगे की वजह से हर घर पर तिरंगा फहरा रहा है पहले भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया गया था। गाँवों से लेकर कस्बों व शहर तक ऐसे 15000 स्कूल समाज को सुधारने की शिक्षा देने का काम कर रहे हैं और स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व मंत्री व विधायक मस्तराम ने सांसद का आभार व्यक्त किया और मोहान अजगैन रोड व हसनगंज रसूलाबाद मार्ग की दुर्दशा पर नाराजगी व्यक्त कर जल्द मानक व गुणवत्ता के अनुसार निर्माण कार्य पूरा कराने का पत्र साक्षी महराज को दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक राजकुमार सिंह, सदस्य मनीषा सिंह, ओम कुमार साहू, मनीष राठौर, राकेश कृष्ण साहू, प्रदीप कुमार सिंह, सजीवनलाल, विनोद रावत, देवेंद्र सिंह, हरीलाल सिंह, डा उदित कुमार, मनोज सिंह, संजय विमल, अखिलेश अवस्थी, अवनीश कुमार सिंह, संतोष दिवेदी, प्रशांत कुमार, भूपेंद्र सिंह, अरविंद, सौम्या, आरती, शिवानी, अर्चना शैलकुमारी व सपना आदि शिक्षक शिक्षिकाये मौजूद रहे।

# जश्ने-मेराज उन नबी की सजी महफिल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

शुक्लागंज में शनिवार को राजधानी मार्ग पर शेरे पंजाब कंपाउंड के सामने तंजीम फलाह उल मुस्लिमीन के द्वारा जश्ने-ए-मेराज उन नबी स0अ0 की महफिल राजधानी मार्ग पर सजी। जलसे की रहनुमाई कर रहे हाजी सूफी नौशाद अहमद खान बरकाती की अगुवाई में और मौलाना कारी अब्दुल मजीद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी सदारत ताजुशरिया मौलाना अलहाज मुफ्ती मोहम्मद इलियास



खान नूरी मौलाना शहर काजी कानपुर मुफ्ती मोहम्मद हनीफ खान बरकाती किबला कानपुरी मौलाना सूफी मोहम्मद मेराज खान सुल्तानपुर इलाकाई उलेमा हजरत कारी मो0हनीफ मो0नईम चिश्ती मो0अरशद अमीन व दिगर उलेमाओ ने अपने खिताब ए नायाब प्रवचन से तमाम इंसानों को सैराब किया। हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम की पवित्र जीवनी व वाक्या ए मेराज पर रोशनी डाली तथा हिंदुस्तान में मुसलमानों व तमाम हमवतन भाइयों देशवासियों को अमन व शांति का पैगाम ए मोहम्मदी पहुंचाया। इस मौके पर तमाम हजरात में नात शरीफ व मिलाद के अशआर पढ़े। जलसे की निजामत का काम आसिफ हबीबी ने अंजाम दिया। इस जलसे में हाफिज मो0 लारेब बरकाती हाफिज मो0 सादिल मंसूरी की दस्तार ए फजीलत से नवाजा गया। इस जलसे के कार्य को करने में नौजवानों ने इस मौके पर इस्लामुद्दीन शाहनवाज इमरान अहमद रजा रौनक फिरोज दानिश युसूफ बैग आदि लोग बढ़ चढ़कर नें हिस्सा लिया।

# नगर में धूमधाम से निकली भव्य सतरंगी निशान शोभायात्रा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

शुक्लागंज में सांवरिया परिवार सेवा समिति ने रविवार को विशाल भव्य सतरंगी निशान शोभा यात्रा निकाली। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ। श्री श्याम मंदिर पहुंचकर बाबा खाटू श्याम को निशान अर्पण किए। शुक्लागंज राजधानी मार्ग स्थित राधाकृष्ण मंदिर में निशांत ध्वज की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। बाबा श्याम रथ पर सवार होकर डीजे व ढोल की थाप के साथ निशान यात्रा प्रारंभ हुई। भक्तों ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा राजधानी मार्ग से पानी रोड



होते हुआ श्रीनगर श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में श्याम भक्त श्याम नाम की पताका लिए व 551 निशांत ध्वज श्याम भक्त निशान लहराते हुए भजनों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। पूरा क्षेत्र फाल्गुन महोत्सव पर्व पर केसरिया रंग में रंगा दिखा। फाल्गुन सतरंगी निशान ध्वज यात्रा की धूम पूरे नगर देखने को मिली है। समिति के अध्यक्ष गौरव सिंह व मीडिया प्रभारी शोभित सिंह ने बताया कि फागुन का बाबा श्याम को अतिप्रिय है। इसीलिए फाल्गुन उत्सव के तहत तमाम श्याम भक्तों ने निशान यात्रा निकाली। श्याम भक्त पैदल नंगे पांव चलकर श्री नगर खाटू श्याम मंदिर पहुंचे और श्याम प्रभु को निशान अर्पण किए। तो वहीं इस दौरान भजन गायक सर्वप्रथम कानपुर के प्रसिद्ध हर्ष गौड़ ने पदयात्रियों व श्याम निशान धारियों को श्याम बाबा के तथा बालाजी महाराज के भजन सुनाते हुए उन्हें स्फूर्ति प्रदान करते रहे व श्याम नाम समा बांध रखा। साथ ही पूरे रास्ते महिला भजन गायिका निक्की गौड़ ने भजन प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले केश, कलयुग के बाबा खाटू नरेश। हारे का सहारा है, मेरा श्याम प्रभु व श्रृंगार तेरा बाबा कहो किसने सजाया है तो वहीं भजन गायक नीरज गौड़ ने प्रभु का गुणगान करते हुए कहा कि श्याम हमारी पूजा-अर्चना कृपा कर स्वीकार करें।

# भारत की बेटी तुर्किये में बनी मानवता की देवी

मुसीबत या बीमारी कभी बता कर नहीं आती लेकिन जिस पर आती है तबाही छोड़कर आगे चली जाती है। पिछले दिनों तुर्किये में आया भूकंप इतना कुछ तबाह कर गया कि वहां संभलना मुश्किल हो रहा गया लेकिन एक होकर अगर मुसीबत, बीमारी या भूकंप का सामना किया जाये तो सब कुछ हो सकता है। केंद्र बिन्दु में भारत है जिसकी एनडीआरएफ टीम अर्थात राष्ट्रीय आपदा राहत टीम ने तुर्किये के भूकंप पीड़ित इलाकों में जाकर मानवता की ऐसी तस्वीर पेश की है कि लोग इस टीम को जी भर कर दुआएं दे रहे हैं। यह वही तुर्किये है जिसका कल तक नाम तुर्की था। कोई भी राहत टीम या फिर कोई भी दल बिना किसी टीम वर्क के संभव नहीं है। भारतीय एनडीआरएफ टीम में 14 डाक्टर, 86 पैरा मैडिकल स्टाफ शामिल थे जिसने तुर्किये में जाकर भूकंप गुजर जाने के बाद तबाह हुई इमारतों में जिंदगी को तलाशा और घायलों के लिए राहत अस्पताल स्थापित किए और वहां सबका इलाज किया। इस टीम में एक मेजर हैं वीना तिवारी जो अकेली महिला अधिकारी हैं और उनकी तस्वीरें पूरे तुर्किये में जगह-जगह वायरल हो रही हैं। उन्हें मानवता की देवी कहा जा रहा है। भूकंप आने के चौबीस घंटे बाद ही एनडीआरएफ ने वहां मोर्चा संभाला था और इस राहत टीम ने भूकंप के तीन-चार दिन बाद वहां कई लोगों को जो मलबे में दबे पड़े थे उन्हें बचाया भी। देश की इस बेटी का उल्लेख इसलिए कर रहे हैं कि वह एक मैडिकल आफिसर है और उनके दादा सेना में सूबेदार थे और पिता कुमाऊं इंफेंट्री में कार्यरत थे। कुल मिलाकर राष्ट्र सेवा ही उनका धर्म है। जिस भूकंप में लगभग बीस हजार लोगों की जान चली गयी हो वहां घायलों को बचाना एक बहुत बड़ा काम था। एनडीआरएफ ने अपने राहत काम को 'ऑपरेशन दोस्त' का नाम दिया और मेजर डाक्टर बीना कुमारी ने छोटे बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों का शानदार इलाज और अपने बेहद सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार से सबका दिल जीत लिया। पूरा तुर्किये उसके लिए दुआएं मांग रहा है। इसके साथ ही भारत का मदद के लिए हाथ बढ़ाने का सेना और एनडीआरएफ का जो ऑपरेशन दोस्त था वह सार्थक हो उठा। इस महिला ने जिन घायलों का बड़ी संवेदनशीलता के साथ उपचार किया तो वहां उनके परिजनों ने देखा कि एक महिला हमारे अपनों के लिए इतना कुछ कर रही है। छोटे बच्चों को वह गोदी में उठा रही है, बड़े बुजुर्गों की बात सुन रही है और उन्हें हौंसला दे रही है साथ ही इलाज भी कर रही है यानि दुआ और दवा साथ-साथ काम कर रही है तो फिर उसका लोकप्रिय होना तो बनता है। तुर्किये के लाखों लोगों के बीच यह मानवता की देवी सबका दिल जीत चुकी है। वायरल फोटो में दिखाई दे रहा है कि कितनी ही बुजुर्ग महिलाएं और छोटी बच्चियां उसके गालों पर किस कर रही हैं। डाक्टर बीना तिवारी देहरादून की रहने वाली हैं। उम्र सिर्फ 28 वर्ष और दिल्ली के आर्मी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस में ग्रेजुएट हैं। उनकी टीम जो तुर्किये में तैनात है कर्नल युद्धवीर सिंह की कमांड में वह सेवा कर रही है। उनके पति भी डॉक्टर हैं और मेडिकल ऑफिसर हैं। इंसानियत का इससे बड़ा उदाहरण कोई और स्थापित नहीं कर सकता। सोशल मीडिया पर जिस तरह और जिस सकारात्मकता तथा संजीवता और सम्मान के साथ वीना तिवारी को इतने आशीर्वाद मिल रहे हैं कि वह मानवता की एक नई उदाहरण बन चुकी हैं। हमारा मानना है कि जब आप परोपकार की भावना के साथ जरूरतमंद के लिए आगे बढ़ते हैं तो भगवान आपका साथ देता है। कोरोना के दिनों में भारतवर्ष के डाक्टरों, नर्सों, मैडिकल कर्मियों को मोदी सरकार ने कोरोना वॉरियर घोषित किया था और सब मिलजुल कर डटे रहे और देश से एक बड़ी मुसीबत तथा कोरोना का घातक असर टल गया। सामाजिक जीवन में ऐसी मेडिकल सेवा को विशेष रूप से डाक्टर बीना तिवारी को इस कलम का सलाम है जो घायलों को मरहम पट्टी के साथ-साथ एक डॉक्टर और एक बेटी के रूप में अपना प्यार कुर्बान कर रही हैं। घायल को इसी की जरूरत होती है। देश की इस बहादुर बेटी बीना तिवारी को कोटि-कोटि नमन है।

# हिंडनबर्ग मामले में विश्वास का संकट


प्रेम शर्मा

**सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह विशेषज्ञ समिति गठित करने में सरकार का सहयोग लेने से इनकार किया, इससे उसने उस पर अविश्वास ही प्रकट किया। इसके साथ-साथ उसने सरकारी एजेंसियों पर भी अविश्वास प्रकट किया। उसके रवैये से ऐसा कुछ ध्वनित होना स्वाभाविक है कि वह पारदर्शिता के नाम पर समानांतर व्यवस्था बनाना चाहता है। सुप्रीम कोर्ट का मंतव्य कुछ भी हो, लेकिन सरकार और उसकी एजेंसियों पर अविश्वास प्रकट करना ठीक नहीं। पता नहीं, सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित होने वाली विशेषज्ञ समिति में कौन सदस्य होंगे, लेकिन प्रभावी जांच के लिए उसमें नियामक एजेंसियों के लोग होने ही चाहिए।अदाणी मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित की जाने वाली समिति से केवल यही अपेक्षित नहीं है कि वह हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और उसके प्रभाव का आकलन करे, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि वह ऐसे उपाय सुझाए, जिससे शेयर बाजार पर निवेशकों का भरोसा बढ़े और भविष्य में हिंडनबर्ग जैसी कोई रिपोर्ट किसी भारतीय कंपनी और हमारे शेयर बाजार पर नकारात्मक प्रभाव न डाल सके। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह आशंका बढ़ गई है कि भविष्य में हिंडनबर्ग सरीखी संस्थाओं की ओर से अपने निहित स्वार्थों को पूरा करने के लिए भारतीय कंपनियों को निशाना बनाया जा सकता है। यह आशंका इसलिए और बढ़ गई है, क्योंकि हाल में अमेरिका के अरबपति निवेशक जार्ज सोरोस ने नए सिरे से मोदी सरकार पर निशाना साधा है। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने आलोचक हैं। इसमें हर्ज नहीं, लेकिन यह चिंता की बात है कि वह भारत में हस्तक्षेप करने के इरादे से लैस नजर आ रहे हैं।**

अडानी हिंडनबर्ग रिपोर्ट मामले में कांग्रेस भी सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को लेकर ये चौथी याचिका है। हिंडनबर्ग को लेकर सरकार के तर्कों को दरकिनार कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने सरकार और सरकारी एजेन्सियों के प्रति अविश्वास का संकट पैदा कर दिया है। इस पर आश्चर्य नहीं कि सुप्रीम कोर्ट अदाणी मामले पर विशेषज्ञ समिति का गठन करने जा रहा है, जो अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और उसके प्रभाव की जांच करेगी। निःसंदेह इसकी तह तक जाने की आवश्यकता है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में कितनी सत्यता है, क्योंकि उसने भारतीय शेयर बाजार पर गहरा प्रभाव डाला है। इस रिपोर्ट के चलते जहां अदाणी समूह को हानि उठानी पड़ी, वहीं शेयर धारकों को भी। सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि वह अपने अनुसार विशेषज्ञ समिति का गठन करेगा।

आखिर जब सरकार स्वयं विशेषज्ञ समिति गठित करने के सुझाव से सहमत थी, तब फिर उसका सहयोग लेने से मना क्यों किया गया? अदाणी मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित की जाने वाली समिति से केवल यही अपेक्षित नहीं है कि वह हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और उसके प्रभाव का आकलन करे बल्कि यह भी अपेक्षित है कि वह ऐसे उपाय सुझाए जिससे शेयर बाजार पर निवेशकों का भरोसा बढ़े। यह ऐसा मामला है जिसके कारण भारत की वैश्विक शाख के साथ भारतीय अर्थव्यस्था पर खतरा उत्पन्न हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह विशेषज्ञ समिति गठित करने में सरकार का सहयोग लेने से इनकार किया, इससे उसने उस पर अविश्वास ही प्रकट किया। इसके साथ-साथ उसने सरकारी एजेंसियों पर भी अविश्वास प्रकट किया। उसके रवैये से ऐसा कुछ ध्वनित होना स्वाभाविक है कि वह पारदर्शिता के नाम पर समानांतर व्यवस्था बनाना चाहता है। सुप्रीम कोर्ट का मंतव्य कुछ भी हो, लेकिन सरकार और उसकी एजेंसियों पर अविश्वास प्रकट करना ठीक नहीं। पता नहीं, सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित होने वाली विशेषज्ञ समिति में कौन सदस्य होंगे, लेकिन प्रभावी जांच के लिए उसमें नियामक एजेंसियों के लोग होने ही चाहिए।अदाणी मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित की जाने वाली समिति से केवल यही अपेक्षित नहीं है कि वह हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और उसके प्रभाव का आकलन करे, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि वह ऐसे उपाय सुझाए, जिससे शेयर बाजार पर निवेशकों का भरोसा बढ़े और भविष्य में हिंडनबर्ग जैसी कोई रिपोर्ट किसी भारतीय कंपनी और हमारे शेयर बाजार पर नकारात्मक प्रभाव न डाल सके। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह आशंका बढ़ गई है कि भविष्य




में हिंडनबर्ग सरीखी संस्थाओं की ओर से अपने निहित स्वार्थों को पूरा करने के लिए भारतीय कंपनियों को निशाना बनाया जा सकता है। यह आशंका इसलिए और बढ़ गई है, क्योंकि हाल में अमेरिका के अरबपति निवेशक जार्ज सोरोस ने नए सिरे से मोदी सरकार पर निशाना साधा है। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने आलोचक हैं। इसमें हर्ज नहीं, लेकिन यह चिंता की बात है कि वह भारत में हस्तक्षेप करने के इरादे से लैस नजर आ रहे हैं। कई देशों में अनुचित हस्तक्षेप करने और वहां की सत्ताओं को अस्थिर करने के आरोपों का सामना कर रहे जार्ज सोरोस के इरादे ठीक नहीं, इसका पता इससे चलता है कि उनके हालिया बयान की निंदा कांग्रेस को भी करनी पड़ी। अब जब सुप्रीम कोर्ट अदाणी मामले में जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने जा रही है, तब उचित यह होगा कि कांग्रेस संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की अपनी मांग का परित्याग करे।केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि शेयर बाजार के लिए नियामकीय तंत्र को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञों की समिति गठित करने के प्रस्ताव को लेकर उसे कोई आपत्ति नहीं है।

शीर्ष न्यायालय हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद अडानी समूह के शेयरों में गिरावट के मामले की सुनवाई कर रहा है। केंद्र सरकार ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया था कि व्यापक हित को देखते हुए वह सीलबंद लिफाफे में समिति के लिए विशेषज्ञों के नाम और उसके कार्यक्षेत्र की जानकारी देना चाहती है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस सुझाव को मानने से मना कर दिया है। हिंडनबर्ग मामले की सुनवाई में केंद्र सरकार और बाजार नियामक सेबी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि रेगुलेटर और अन्य वैधानिक इकाइयां हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद उपजी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा था, सरकार को समिति बनाने में कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन विशेषज्ञों के नामों का सुझाव हम दे सकते हैं। हम सीलबंद लिफाफे में नाम सुझा सकते हैं। मेहता ने आशंका जताई थी कि पैनल बनने पर किसी भी 'अनजाने' मैसेज का धन प्रवाह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी के बाद शीर्ष अदालत ने निवेशकों को नुकसान पहुंचाने और अडानी समूह के शेयरों को कृत्रिम तरीके से गिराने संबंधी दो जनहित याचिकाओं (पीआईएल) को शुक्रवार को सुनवाई के लिए लिस्ट किया था। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ने अडानी समूह के शेयर बाजारों में गिरावट की पृष्ठभूमि में 10 फरवरी को कहा था कि भारतीय निवेशकों के हितों की रक्षा की जरूरत है।

न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित कर नियामकीय तंत्र को मजबूत करने के लिए विचार करने के लिए कहा था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, हम कोई सीलबंद कवर नहीं चाहते हैं। हम पूरी पारदर्शिता चाहते हैं... अगर हम इन सुझावों को स्वीकार करते हैं, तो इसे सरकार की ओर से नियुक्त समिति के रूप में देखा जाएगा, जो हम नहीं चाहते। फैसला हम पर छोड़ दें। कुल मिलाकर अब तक हिंडनबर्ग को लेकर विपक्ष, सरकार, सुप्रीम कोर्ट की जो भी भूमिका नजर आ रही है उसे देखकर यह अवश्य कहा जा सकता है कि भारत की अर्थव्यवस्था में उथल पुथल मचा देने वाले इस मामले में अब दूध का दूध और पानी का पानी करने का समय आ चुका है।

जहॉं तक सरकार एवं सरकारी एजेसिंयों पर विश्वास का संकट उत्पन्न हुआ है उसे अपरिहार्य कारणों से दरकिनार कर इस मामले की सच्चाई को सामने लाना सरकार एवं जिम्मेदारों का फर्ज है।

विचार

# श्रम का कोई शॉर्टकट या विकल्प नहीं

संजीव

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी।

हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैस जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निःसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंस सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंस मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा, आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए स यदि व्यक्ति की आकांक्षा, सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैस जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैस यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है, मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंस सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य, करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैस भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत, ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी, नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था। परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी न बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है। आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है।

सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता है, अन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

साहित्य

झरोखा




## मुझे चाहिए पूरी पृथ्वी...

अशोक वाजपेयी

मुझे चाहिए पूरी पृथ्वी
अपनी वनस्पतियों, समुद्रों
और लोगों से घिरी हुई,
एक छोटा-सा घर काफी नहीं है।

एक खिड़की से मेरा काम नहीं चलेगा,
मुझे चाहिए पूरा का पूरा आकाश
अपने असंख्य नक्षत्रों और ग्रहों से भरा हुआ।

इस जरा सी लालटेन से नहीं



मिटेगा
मेरा अंधेरा,
मुझे चाहिए
एक धधकता हुआ ज्वलंत सूर्य।

थोड़े से शब्दों से नहीं बना सकता
मैं कविता,
मुझे चाहिए समूची भाषा -
सारी हरीतिमा पृथ्वी की
सारी नीलिमा आकाश की
सारी लालिमा सूर्योदय की।



# राशिफल

**मेष**:- विरोधियों प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयां संभव। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी।

**बृषभ**:- नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र। नैतिक-अनैतिक सोचने वाला मन भौतिक परिवेश ताल-मेल बिठाने में असमर्थ होगा। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

**मिथुन**:- आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा, अतः इसे सुधारें। किसी सहकर्मी खराब व्यवहार से कष्ट संभव। परिवारिक संबंधों कटुता दुश्मनी जैसा न बननें दें।

**कर्क** :- दूसरो की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंह**:- अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। रोजगार के क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है।

**कन्या**:- किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। किसी बिपरीत लिंगी संबंध में आकर्षण बढ़ेगा।

**तुला**:- कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें।

**वृश्चिक**:- कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

**धनु**:- नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता और निर्थक दूसरों की आलोचना भी ठीक नहीं है।

**मकर**:- अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी थोड़ धैर्यपूर्वक वक्त का इन्तजार करें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**कुंभ**:- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग। सुन्दर भावनात्मक अभिब्यक्ति संबंधों मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होंगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मीन**:- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

# उद्धव : न तीर न कमान

डॉ. सत्यवान सौरभ

महाराष्ट्र में शिवसेना की स्थापना 1966 में प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट और राजनीतिज्ञ बाला साहेब ठाकरे ने की थी। उसके बाद शिवसेना महाराष्ट्र में मजबूत क्षेत्रीय दल बन गई। कभी बाला साहेब ठाकरे का सिक्का चलता था। बड़े से बड़े राजनीतिज्ञ उनसे मिलने उनके आवास पर जाते थे। शिवसेना के गठन के समय बाला साहेब ने नारा दिया था, ''अंशी टके समाजकण, बीस टके राजकरण यानि 80 प्रतिशत समाज और 20 फीसदी राजनीति।'' शिवसेना ने बाद में हिन्दुत्व के मुद्दे को अपना लिया। क्षेत्रवाद के गर्भ में जन्मी राजनीतिक पार्टी ने वैचारिक समानता के चलते भाजपा से गठबंधन किया। शिवसेना के दो नेता मनोहर जोशी और नारायण राणे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। हालांकि नारायण राणे अब शिवसेना से अलग हो चुके हैं। शिवसेना ने बड़े उतार-चढ़ाव देखे लेकिन बाला साहेब ठाकरे ने कभी किंग बनने की नहीं सोची, वे हमेशा किंगमेकर ही बने लेकिन उनके अवसान के बाद पार्टी की कमान उनके पुत्र उद्धव ठाकरे ने सम्भाली।

शिवसेना के घटनाक्रम से हर कोई परिचित है। मैं शिवसेना के इतिहास में नहीं जाना चाहता। पार्टी की स्थापना के बाद यह पहली बार हुआ है जब शिवसेना की कमान ठाकरे परिवार के हाथों से निकल चुकी है। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धड़े वाली शिवसेना को असली शिवसेना माना। आयोग ने पार्टी का नाम और चिन्ह 'धनुष तीर' भी शिंदे को अलाट कर दिया। चुनाव आयोग के इस फैसले से उद्धव ठाकरे को करारा झटका लगा है। उद्धव ठाकरे ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सुप्रीम कोर्ट में जाने की बात कही है लेकिन चुनाव आयोग ने फैसला अपने अधिकार क्षेत्र में रहते हुए दिया है। चुनाव आयोग ने 77 पेज का फैसला बहुमत परीक्षण के आधार पर दिया है। शिवसेना के कुल 67 विधायकों और विधान परिषद सदस्यों में से 40 शिंदे गुट के पक्ष में थे। संसद के दोनों सदनों के 22 सांसदों में से 13 शिंदे के पक्ष में थे। चुनाव आयोग ने अपने फैसले में कहा कि सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि शिवसेना का मौजूदा संविधान अलोकतांत्रिक है। बिना किसी चुनाव के पार्टी के पदाधिकारियों को अलोकतांत्रिक रूप से नियुक्त करके इसे विकृत कर दिया गया है। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि चुनाव आयोग ने पाया कि शिवसेना के संविधान में 2018 में बदलाव किया गया ध्लेकिन इसकी कोई जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी गई। ऐसे में ये बदलाव लागू नहीं होते हैं। चुनाव आयोग ने यह भी देखा कि 1999 में चुनाव आयोग द्वारा शिवसेना के मूल संविधान के अलोकतांत्रिक मानदंडों को स्वीकार नहीं किया गया था। इन अलोकतांत्रिक मानदंडों को गुप्त तरीके से वापस लाया गया। इसकी वजह से पार्टी एक जागीर के समान हो गई।

उद्धव गुट ने चुनाव आयोग के फैसले की



आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है लेकिन जनता उनके साथ है लेकिन एकनाथ शिंदे गुट ने चुनाव आयोग के फैसले को सत्य की जीत बताया है। एकनाथ शिंदे ने पार्टी के ज्यादातर विधायकों को अपने साथ लेकर उद्धव ठाकरे का तख्ता पलट दिया था और भाजपा के समर्थन से सरकार बना ली थी।

चुनाव आयोग के फैसलों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। उद्धव के पास न तो तीर है न कमान। इस बात में कोई संदेह नहीं कि वह पिता की विरासत को सम्भालने में विफल रहे। भाजपा को छोड़ कांग्रेस और राकंपा के साथ गठबंधन करना उन्हें महंगा पड़ा। अतीत में भी ऐसा होता आया है। राजनीतिक दलों में फूट कोई नई बात नहीं। पार्टियां दो फाड़ होती आई हैं। पार्टियों में इस तरह की लड़ाई के कई उदाहरण हैं। कभी लड़ाई कुछ महीने में खत्म हो गई तो कभी ये वर्षों चली। कभी चुनाव आयोग ने बागी गुट को असली पार्टी माना, कभी बागी गुट को पार्टी और सिब्बल दिया। कभी दोनों गुटों को नया सिंबल मिला। ऐसे कई उदाहरण हैं जिनमें बगावत होने पर पार्टी उस धड़े के पास गई जिसके पास ज्यादा विधायकों और सांसदों का समर्थन था।

जैसे 1969 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पार्टी से निकाला गया तब उनके धड़े को कांग्रेस आर नाम मिला। 1971 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा की पार्टी को दो बैल की जगह गाय और बछड़ा चुनाव चिह्न मिला। बाद में इंदिरा का धड़ा ही असली कांग्रेस के रूप में स्थापित हुआ। इसी तरह 1995 में एन. चन्द्रबाबू नायडू, 2016 में अखिलेश यादव ने बगावत की। बगावत के वक्त इन लोगों के पास ज्यादातर विधायकों का समर्थन था। मामला चुनाव आयोग में जाने पर इन्हें ही पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह मिला। क्षेत्रीय पार्टियां भी दोफ्फाड़ होती रही हैं। 1989 के लोकसभा चुनावों से पहले गठित जनता दल भी दो फाड़ हुआ। अभी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में जाएगा। देखना होगा कि कानूनी रूप से अंतिम फैसला क्या आता है। अब सवाल सामने है ध्कि चुनाव आयोग के फैसले से किसको फ्यदा होगा। क्या उद्धव ठाकरे गुट को विक्टिम कार्ड खेलने से राजनीतिक फायदा होगा या शिंदे गुट और मजबूत होगा। लोकतंत्र में सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि जनता किसके साथ है। क्या जनता बाला साहेब ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे का साथ देगी या एकनाथ शिंदे का। फैसला जनता ही करेगी।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# आम से खास बना परिषदीय विद्यालय राजापुर, वर्णमाला के जाप से हो रहा गूंजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों की दशा व दिशा बदली तो लोगों की सोच भी बदल रहे है। खीरी जनपद के संचालित परिषदीय विद्यालयों में हुए नौनिहालों के नामांकन में बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। लोगों का भरोसा सरकारी स्कूल की व्यवस्थाओं पर बढ़ा है।

स्कूल भवन के आकर्षण कक्ष, यूनिफार्म में पढ़ते विद्यार्थियों में शिष्टाचार, साफ सफाई के साथ विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई। ऐसी नजारा परिषदीय विद्यालय राजापुर का है। प्रधानाध्यापिका ऋतु अवस्थी व उनकी टीम ने विद्यालय की सूरत ही बदल दी। शिक्षकों की लगन से इस विद्यालय में सुविधाएं किसी निजी विद्यालय से कम नहीं हैं।



- प्रधानाध्यापक की रंग लाई मेहनत, सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बना इंग्लिश मीडियम राजापुर
- डीएम के प्रयास से आमजन की सोंच में आया बदलाव, कायाकल्प से विद्यालय भवनों का हुआ कायाकल्प

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल ÷ड्ढद्दद्वह्ल ह्यष्द्धश्शद्य श्शद्ध ह्लद्धद्ग 2द्गद्गद्म÷ के तहत इस सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनने का खिताब अपने नाम दर्ज किया।

प्राथमिक विद्यालय में बने रामानुजन कक्ष की दीवारों पर कुछ बच्चे अबेकस पर नंबरों का अभ्यास करते मिलेंगे, बच्चों का एक समूह पेपरमेशी से आकर्षक वस्तुएं बना रहा होगा, कुछ बच्चे योग मुद्रा का अभ्यास करते दिखेंगे, वही कुछ भाषा के खंड में तय कर रहे होंगे कि अंग्रेजी,संस्कृत और हिंदी में किस भाषा के शब्द उन्हें अधिक आकर्षित करते हैं। यह सब सम्भव हुआ है ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए रचनात्मक बाला पेंटिंग्स के कारण।

इंग्लिश मीडियम में संचालित प्राइमरी स्कूल राजापुर में एक कक्षा अभिनय की चल रही है तो एक कक्षा नृत्य व संगीत की क्योंकि बच्चे विद्यालय के वार्षिकोत्सव की तैयारी में मशगूल हैं। एक छोटे से परिसर में विशाल छात्रों की संख्या के समूह को समेटे, विद्यालय निरंतर प्रयत्नशील है कि बच्चों में छिपी हर प्रकार की योग्यता को अवसर उपलब्ध करा सके और उनका सर्वांगीण विकास कर सके , संभवत विद्यालय में लगातार बढ़ती छात्रों की संख्या इसी का परिणाम है, वर्तमान समय में विद्यालय में 381 छात्र छात्राएं नामांकित हैं।

### अभिभावकों को लुभाती विद्यालय की खूबियां

प्राइमरी स्कूल राजापुर में ऑपरेशन कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटर पूरे है। विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम शिक्षण की सुविधा संचालित होने के साथ–साथ ऑपरेशन कायाकल्प से बाला पेंटिंग्स में थीम आधारित परिवेश (गणित के लिए रामानुजन कक्ष, भाषा एवं सामान्य ज्ञान के लिए अलग–अलग कक्षों पर रोचक, ज्ञानवर्धक पेंटिंग्स) जिनको बच्चे न केवल देख सकते हैं अपितु अभ्यास भी कर सकते हैं। बच्चों के व्यक्तित्व के सभी पहलुओं पर कार्य करते हुए बच्चों को शिक्षण के साथ–साथ विभिन्न रचनात्मक कार्य, अभिव्यक्ति कला सिखाने के लिए अभिनय, नृत्य, संगीत की नियमित कक्षाएं क्रियान्वित है। शासन के निपुण कार्यक्रम के साथ साथ प्रत्येक माह मासिक टेस्ट, उनके परिणामों को अभिभावकों के साथ नियमित रूप से साझा किया जा रहा है। विद्यालय का गत वर्षों का नामांकन एक नजर....प्रधानाध्यापक ऋतु अवस्थी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय राजापुर में सत्र 2018–19 में 221, सत्र 2019–20 में 224, सत्र 2020–21 में 264, सत्र 2021–22 में 366, सत्र 2022–23 में 381 है। बताते चले कि खीरी जिले में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने परिषदीय विद्यालयों में गुणात्मक विकास के लिए सदैव संजीदगी दिखाई। आपरेशन कायाकल्प के सफल क्रियान्वयन के बाद उन्होंने शैक्षिक स्तर सुधारने पर जोर दिया। आपरेशन कायाकल्प को सफलता पूर्वक अमलीजामा पहनाने के कारण परिषदीय विद्यालयों को आकर्षक रूप मिला। इससे प्रभावित होकर अभिभावकों ने अपने बच्चों को बेहतर सुविधाओं से लैस परिषदीय विद्यालयों में भेजना मुनासिब समझा। परिषदीय विद्यालयों को निखारने सजाने संवारने के लिए डीएम नित नए प्रयास कर रहे हैं।

# नाबार्ड फगुआ महोत्सव का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

20, 21 और 22 फरवरी 2023 को जिला सहकारी बैंक लखीमपुर खीरी, मुख्य कार्यालय के प्रांगण मे (सहपुरा कोठी के सामने) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा (नाबार्ड) द्वारा तीन दिवसीय नाबार्ड फगुआ महोत्सव-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले मे नाबार्ड द्वारा प्रशिक्षित एवं एनआरएलएम द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहो तथा कृषक उत्पादक संगठनो द्वारा उत्पादित वस्तुओं के प्रदर्शन एवं विपणन की व्यवस्था की गयी है। मुख्य रूप से थारु क्राफ्ट, चिकनकारी, जरी व जरदोजी, स्वच्छता किट, गुड़, शहद, सिरका, आचार, पापड़, मुरब्बा, मशरूम, सेनीटरी पैड, नमकीन, गारमेंट, चप्पल, मिललेट से निर्मित वस्तुए, सेमल तकिया, मसाले, अगरबत्ती, धूपबत्ती इत्यादि। इसके अलावा क्विज प्रतियोगिता, लकी ड्रॉ, लोक चित्रकारी व मिट्टी के चाक का लाइव प्रदर्शन, जादू का शो जैसे कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शिनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय श्री अजय मिश्रा टेनी, सांसद तथा केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा 20 फरवरी 2023 को सुबह 11 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के अलावा अन्य विभाग तथा बैंकों के अधिकारी उपस्थित होंगे। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक लखीमपुर खीरी द्वारा क्रेडिट कैंप के अंतर्गत डेयरी, मुर्गी पालन, बकरी पालन तथा ट्रैक्टर के दीर्घ अवधि के ऋणों के चेक बाटे जाएंगे। इस अवसर पर समूहो और संगठनो के संवर्धन एवं उत्साह वृद्धि हेतु प्रदर्शिनी मे भाग लेकर राष्ट्र के समृद्धि में अपनी बहुमूल्य योगदान देने की कृपा करे।

## खबरें एक नजर में

### प्रदेश अध्यक्ष ने की जिला कार्यकारिणी की उद्घोषणा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिला कार्यकारिणी का गठन हो गया है जिसमें बीरेंद्र तिवारी को जिला अध्यक्ष, ओमकार नाथ यादव को महासचिव, विशाल रस्तोगी, तुषार मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, सतीश आर्य को सचिव, संजय पुरी, पंकज भारतीय, आलोक तिवारी,मनोज त्रिवेदी,पवन कुमार सिंह को जिला उपाध्यक्ष व सुरेंद्र धीरेंद्र रोहित मिश्रा डी के शास्त्री शिवम गुप्ता आयुषी मिश्रा, आदि लोग मौजूद रहे।

### हनुमंत हरि दक्षिणमुखी कारससेवा समिति का हुआ गठन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत एट में पुराने थाने के बगल में विराजमान हनुमंत हरि दक्षिणमुखी कारसदेव मंदिर समिति रजिस्टर्ड की बैठक अच्छेलाल की अध्यक्षता में आहूत हुयी जिसमें सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया जिसमें संरक्षक शिवदयाल, अध्यक्ष श्याम सुंदर राठौर, उपाध्यक्ष रामलखन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अच्छेलाल, सुरेश कुमार, परवेंद्र सिंह, बिहारी लाल व शिव सिंह, महामंत्री अजय कुमार, उपमंत्री श्रीराम कुशवाहा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, आडीटर चंद्रभान व सदस्य शैलेंद्र कुमार को बनाया गया। अंत में सभी ने निर्णय लिया कि समिति पदाधिकारियों ने समय–समय पर धार्मिक क्रियाकलाप आयोजित कराने का संकल्प लिया।

### रात्रि दस बजे के बाद डीजे बजाने पर होगी कड़ी कार्यवाही : थानाध्यक्ष



**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** थाना कुठौंद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी बरात घर मालिकों एवं डीजे बजाने वाले संचालित करने वाले मालिक को के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार द्विवेदी, उप निरीक्षक राजेश कुमार उप निरीक्षक बलराम शर्मा, उप निरीक्षक रिंकू चौधरी, उप निरीक्षक सर्वेश कुमार यादव ने थाना परिसर में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सभी को अवगत कराया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को पालन करने हेतु एवं पुलिस मुख्य निदेशक के दिशा निर्देशन मैं इस गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डीजे वालों को निर्देशित किया गया कि वह रात्रि 10 बजे तक ही अपने डीजे बजाये। यदि रात्रि दस बजे के बाद किसी भी विवाह घर या धार्मिक स्थल पर डीजे बजाया तो 5 लाख रुपये का जुर्माना के साथ ही कठोर से कठोर कार्यवाही करते हुए डीजे उपकरण जप्त किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने साफशब्दों में कहा कि उक्त नियम का पालन करना सभी की जिम्मेदारी बनती है। फ्रि चाहे गेस्ट हाउस के अंदर या फ्रि धार्मिक स्थल क्यों न हो सभी के लिए एक नियम संयम पालन करना अनिवार्य है। इसके बाद यदि कहीं किसी डीजे बजाने वाले को किसी भी प्रकार से परेशान किया जाता है तो थाना प्रभारी निरीक्षक या सीयूजी नंबर पर कॉल करके अवगत कराएं इसके बाद आप लोगों की किसी भी प्रकार की समस्या के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक तत्पर तैयार हैं। थाना कुठौंद में आए हुए बरात घर मालिकों एवं डीजे संचालित करने वाले सभी का आभार प्रकट करते हुए इस गोष्ठी का समापन किया गया इस बात को लेकर सभी ने सहमत दिखाते हुए आदेश का पालन करने के लिए जिसमें खासतौर से माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड प्रयागराज एवं पढ़ने वाले अभ्यर्थियों कि खासतौर पर परीक्षा को लेकर कड़ी से कड़ी चेतावनी दी गई आए हुए सभी लोगों ने थाना प्रभारी निरीक्षक का दिया गया आदेश पालन करने को कहा है।

# वाहन स्टंट करने वालें छात्रों की 12 कारों को किया गया सीज

- कुल 2,14,500 रुपये का शमन शुल्क किया गया अधिरोपित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

16 फरवरी 2023 को थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत डॉन बास्कों स्कूल के इंटरमीडिएट में पढने वाले कुछ छात्रों का स्कूल में हुई फेयरवेल पार्टी के पश्चात विनय ग्रीन सीटी में कारों से खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए स्टंट करने का एक वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।



पुलिस अधीक्षक श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा वायरल वीडियों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस टीम खीरी व प्रभारी निरीक्षक यातायात पुलिस खीरी को वायरल वीडियों को ट्रेस करते हुए विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।आज 19 फरवरी 2023 को सर्विलांस टीम व यातायात पुलिस द्वारा वायरल वीडियों को ट्रेस करते हुए स्टंट करने वाले छात्रों की 12 कारों को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज करते हुए कुल 2,14,500 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया है।

# मानकों को दरकिनार कर खुलेआम चल रही देसी शराब की दुकान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर-सीतापुर हाईवे पर स्थित मुड़िया खेड़ा में रोड पर खुलेआम मानकों के विपरीत देसी शराब की दुकान चल रही है जिससे वहां पर स्थित मार्केट के दुकानदारों व ग्राहकों तथा वहां से गुजरने वाले राहगीरों खासकर महिलाओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि सुबह शाम वहां पर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है।ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी आबकारी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को नहीं है। बता दें कि हाईवे पर ड्राइवरों द्वारा शराब पीकर वाहन



चलाने से होने वाले एक्सीडेंट में कमी लाने हेतु शराब की दुकानों को हाईवे पर प्रतिबंधित कर दिया गया था। मानकों के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की दुकानें हाईवे से लगभग 220 मीटर की दूरी पर होनी चाहिए। लेकिन फिर भी मानकों को धता बताकर उसके विपरीत खुलेआम हाईवे के किनारे कई देशी शराब की दुकान चल रही है।

### प्रवचन कर रहे पंडित को कस्ता विधायक ने माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड बेहजम कस्बे में गौरीशंकर मंदिर पर ग्यारहवीं रुद्र महायज्ञ के कार्यक्रम में कथा भागवत में श्रवण करने पहुंचे कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू।


विधायक सौरभ सिंह सोनू प्रवचन कर रहे पंडित प्रशांत जी महाराज को माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और यज्ञ आयोजक पंडित संतोष अवस्थी भोले को यज्ञ में सदैव यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। राम कथा कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित पूर्व ब्लाक प्रमुख मितौली राजीव वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जुआ के फड़ पर एसओजी टीम का छापा, दर्जन भर जुआड़ी पकड़े

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी में लंबे समय से सज रहे जुआ के फड़ पर मुखबिर की सटीक सूचना पर रविवार को एसओजी टीम ने कार्रवाई करते हुए हजारों रुपये का जुआ पकड़ा गया। सूत्रों की मानें तो करीब एक दर्जन जुआरी एसओजी टीम के हत्थे चढ़े। जिन्हें कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस पकड़े गए जुआरियों के खिलाफकार्रवाई कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी में काफी समय से जुआ का अड्डा सज रहा था। एसपी डॉ. ईरज राजा के निर्देश पर एसओजी प्रभारी योगेश पाठक के नेतृत्व में एसओजी टीम ने



मांडरी गांव में कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर चल रहे जुए के अड्डे पर धावा बोला। सूत्रों के अनुसार एसओजी टीम ने मौके से लगभग एक दर्जन जुआरियों को पकड़ा है। जिनके बाद से हजारों रुपये की नगदी भी बरामद की गई है। टीम ने पकड़े गए जुआरियों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस पकडे गए जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी।

# कारागार मंत्री ने निवेशकों से किया संवाद

- निवेशकों की समस्याओं का अधिकारी तत्काल करें समाधान

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जनपद के प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति ने यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 जनपद के निवेशकों से विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में संवाद किया व निवेशकों को निवेश से संबंधित लगभग 7 मिनट की वीडियो क्लिप दिखायी गयी साथ ही निवेशको की समस्याओं का निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, व मुख्यमंत्री का विजन है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया जाये। उन्होंने कहा कि यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 आयोजन राज्य सरकार ने कराया जिसमें 21 देशों से सहभागिता की गयी जिसमें से 10 देशों जैसे नीदरलेण्ड, यूनाइटेड, किंगडम, डैनमार्क, सिंगापुर, जापान, संयुक्त अरब अमीरात, आस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, इटली एवं मॉरीशस ने यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 में पार्टनर्शिप की। उन्होंने कहा कि समस्त सहभागी देशों ने समिट के दौरान प्रर्दशनी में अपनी व्यवसायिक क्षमता का प्रदर्शन किया साथ ही 41 देशों के लगभग 1000 से अधिक प्रतिनिधियों ने समिट में भाग लिया। राज्य सरकार ने 16 देशों के 21 शहरों में अंतर्राष्ट्रीय निवेशक बैठक की। इन देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, बेल्जियम, स्वीडन, नीदरलेण्ड, फ्रांस, मैक्सिकों, ब्राजील, अर्जेन्टीना, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया आदि सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि मुम्बई, दिल्ली, चेन्नई, बैंगलुरू, हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, नागपुर और चण्डीगढ़ सहित भारत के 10 शहरों में राज्य सरकार द्वारा रोड-शोज निवेशक संपर्क अभियान आयोजित किये गये साथ ही प्रदेश के सभी 75 जनपदों में जिला स्तरीय रोड-शो तथा 25 विभागीय क्षेत्र विशिष्ट इन्वेस्टर्स मीट आयोजित की गयी। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार ने आईटी/आईटीईएस डेटा सेन्टर, ईएसडीएम डिफेंस और एयरोस्पेस इलेक्ट्रिक वाहन, वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल एमएसएमई आदि सहित कई सेक्टर में निवेश आकर्षित करने के लिये 25 नीतियों को तैयार करके विकास के लिये एक समग्र इकोसिस्टम बनाने के लिये कदम उठाये। उन्होंने कहा कि लगभग 170 एमओयू पर विदेश कम्पनियों द्वारा हस्ताक्षर किये गये ऐसी कम्पनियों से प्रस्तावित निवेश की धनराशि लगभग 6,85,000 करोड़ रूपये हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी(वि.रा.) पूनम निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव, सहायक उपायुक्त उद्योग योगेश कामेश्वर सहित निवेश मौजूद रहे।

### बुंदेलखंड, पूर्वांचल को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा

कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने पूर्वांचल एवं बुन्देलखण्ड को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में उद्योग स्थापित कर रहे है ताकि युवाओं को रोजगार, उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में 4804 निवेश प्रस्ताव, 687040.67 करोड़ का निवेश, बुन्देखण्ड में 908 निवेश प्रस्ताव, 368098.18 करोड़ से निवेशकों द्वारा निवेश किया जायेगा जिससे युवाओं को अधिक रोजगार प्राप्त होगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रति एक क्षेत्र में जनपद में निवेश आकर्षित हुआ। निवेश सारथी पोर्टल के माध्यम से सम्पूर्ण प्रदेश में 33.52 लाख करोड़ के कुल 19250 एमओयू हस्ताक्षर किये। पूर्वांचल में 10821 निवेश प्रस्ताव, 1769788.84 करोड़ का निवेश, मध्यांचल में 2713 निवेश प्रस्ताव, 362625.33 करोड़ का निवेश एवं विभिन्न स्थानों में 04 निवेश प्रस्ताव, 165000 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। उन्होने कहा कि बुंदेखण्ड के सभी 07 जिलों में निवेशकों द्वारा निवेश किया जा रहा हैं बांदा में 117 एमओयू, प्रस्तावित निवेश 9982.77 करोड़, चित्रकूट में 208 एमओयू, प्रस्तावित निवेश 63158.50 करोड़, हमीरपुर में 111 एमओयू, प्रस्तावित निवेश 2069.90 करोड़, जालौन में 62 एमओयू, प्रस्तावित निवेश 50672.78 करोड़, झांसी में 223 एमओयू, प्रस्तावित निवेश 185921.50 करोड़, ललितपुर में 90 एमओयू, प्रस्तावित निवेश 216389.64 करोड़, महोबा में 97 एमओयू, प्रस्तावित निवेश 23268.68 करोड़ से निवेश किया जा रहा है।

# भजन संध्या में 51 कलाकारों, नागरिकों का समाजसेवियों ने किया सम्मान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

रामलीला रंगमंच के सुप्रसिद्ध व्यास गंगादीन मास्टर एवं आकाशवाणी कलाकार सरयू प्रसाद भारती की पावन स्मृति में महाशिवरात्रि के पर्व पर क्षेत्रीय ग्राम क्योलारी कैलाश नगर में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 51 कलाकारों, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। डॉ. रामशंकर भारती एवं संजय भारती द्वारा आयोजित संगीत एवं साहित्य संगोष्ठी में भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। झांसी मंडल से आए ओमप्रकाश उदैनिया ने सरस्वती पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते



हुए कहा कि पर्वजों को श्रृद्धांजलि देते हुए कार्यक्रमों के आयोजन से वह हमारी स्मृति में बने रहते हैं। इसलिए इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। संगीत संध्या में रमेश मास्टर तिगरा झांसी ने शिव अर्चना, लोकगीत विधा के सशक्त हस्ताक्षर बृजेश कुमार संगीताचार्य ने बुंदेली भाषा में ''परौ के रए ते दादा, बाई से करके वायदा, मौड़ा को करने ब्याओ जेठ में'' सुनाकर महफिल लूट ली। रचनाजी ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को आनंदित किया। मंजूलता जालौन ने भजन व गजलों की प्रस्तुति देकर महफिल में चार चांद लगाए। संगीत वाद्य यंत्रों पर बुंदेली केसरी नाथूराम मास्टर ताडौल झांसी ने ढोलक वादन, रामजीवन कडौर खिरिया ने बैंजो परसंगत प्रदान की। अंत में आयोजकों ने संगीत कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. असेंद्र राव ने किया। इस मौके पर सियाराम जाटव प्रधान महतवानी, बुद्ध सिंह प्रधान क्योलारी, वीपी सिंह गुर्जर करहियापुर, अवनीश बुटौलिया कोंच, पारसमणि अग्रवाल कोंच, धर्मेंद्र रामपुरा, अशोक कुमार ईगुई, एनडी नेता ईगुई, हीरालाल जाटव, सियाशरण बुधौलिया, नाथूराम राठौर, बैजनाथ भारती, हिमांशु भारती आदि मौजूद रहे।

# मिशन की भावना से जनहित में पत्रकारिता करें : शशिकांत

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

यूपी श्रमजीवी पत्रकार एसोसिएशन सीतापुर के सौजन्य से एक कार्यक्रम का आयोजन प्रयाग दर्शन कार्यालय विजयलक्ष्मी नगर स्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपी श्रमजीवी पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से एकत्रित पत्रकारों ने अंगवस्त्र व माला पहनाकर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। बैठक में अनेकों मुद्दों पर सार्थक वार्ता की गई।जिसमें मुख्य रूप से पत्रकारों के हितों उनकी सुरक्षा और प्रशासनिक व राजनीतिक दबाव का सामना आदि विषयों पर विस्तृत वार्ता हुई। इन बिन्दुओं पर पदाधिकारियों ने अपने अपने सुझावों से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त सामाजिक सरोकार के निर्वहन हेतु सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समवेत स्वर में संकल्प

- यूपी श्रमजीवी पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

लिया।

समाज में समभाव और भाईचारा बनाए रखने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों एवं गोष्ठियों के आयोजन पर चर्चा की गई साथ ही जनजागरण अभियान के चलते समाज के निम्नतम स्तर का जीवन निर्वहन करने वाले व्यक्ति को उसके अधिकारों और सुविधाओं को दिलाने पर विशेष चर्चा की गई।आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत शुक्ला ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में सबसे बड़ा संगठन अपना यूपी श्रमजीवी पत्रकार एसोसिएशन है। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि जिस लगन व मेहनत से आप काम करते है उसी का प्रतिफल है कि हम प्रदेश के



बड़े संगठनों में एक है। राष्ट्रीय सचिव आशीष शुक्ला(घायल)ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अब भ्रष्टाचारी अधिकारियों के बनाए चक्रव्यूह में अब कोई अभिमन्यु नहीं फसेगा। बल्कि वीर अर्जुन जैसी कलमकार सेना स्वयं चक्रव्यूह का भेदन करेगी वह अर्जुन जैसे वीर योद्धा की सेना तैयार और श्री कृष्ण के रूप में मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत शुक्ला के रूप में सारथी मिल गया है । जिला अध्यक्ष बीरेंद्र तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनपद सीतापुर के पत्रकार एशोसिएशन के साथ है। हम किसी पत्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके लिए यदि संघर्ष करना पड़ेगा तो संघर्ष भी किया जाएगा। सम्बोधन करने वालों में यूपी श्रमजीवी पत्रकार एशोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, मीडिया प्रभारी सूर्यांश शुक्ला,प्रदेश सदस्य बृजेश कुमार ओझा, प्रदेश सचिव गार्गी प्रसाद मिश्रा प्रमुख थे। इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ पत्रकार अनूप मिश्रा, ओमकार नाथ यादव, विशाल रस्तोगी, आलोक तिवारी, तुषार मिश्रा, सतीश आर्य, संजय पुरी, प्रभाकर मिश्रा, पंकज भारतीय, मनोज त्रिवेदी, आयुषी मिश्रा, अंशिका तिवारी अमरदीप, शिवम् सिंह, राजेंद्र कुमार वर्मा, कमलाकांत त्रिवेदी, दीपक कुमार, सूरज कुमार, राजेश कुमार, दीपक कश्यप, द्विव्या रजनी,सिराजुद्दीन, गोल्डी मिश्रा, बीके सिंह (भयंकर), देवेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में जनपद व क्षेत्रीय पत्रकार उपस्थित थे।

### रंजिशन पड़ोसियों ने की बेटियों से मारपीट, दी जानमाल की धमकी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी सिराज पत्नी शरीफ ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी रमजान उनके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते वह अक्सर झगड़ा करते रहते हैं। शनिवार की रात करीब 10 उक्त रमजान उसके घर आए और अकारण ही गाली, गलौज कर झगड़ा करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उन्होंने लाठी, डंडे लेकर फैजान व अबजाल को बुला लिया। तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसे बचाने छोटी बहिन गुलब्शा आई तो उसके साथ भी मारपीट की। जिसमें दोनों चोटें आई हैं। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख तीनों आइंदा जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित का तहरीर पर पुलिस ने पीड़िताओं का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महाशिवरात्रि पर सेठ देवेश्वर दयाल में सजी झाकियां

**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

सेठ देवेश्वर दयाल मान्टेसरी स्कूल में महाशिवरात्रि पर्व पर दिव्य झांकियों का आयोजन विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ जी के संयोजन मे किया गया। मुख्य अतिथि विधायक निर्मल वर्मा ने विद्यालय मे स्थापित भगवान महेश्वर महादेव व झांकियों की आरती की। कार्यक्रम में जिला प्रचारक विकास जी की गरिमामयी उपस्थित रही। झांकियो में अमरनाथ गुफा,र ामेश्वरम् की स्थापना, माता काली का स्वरूप,समुद्र मंथन व शिव विवाह के मनमोहक दृश्यों ने दर्शको का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि निर्मल वर्मा ने कहा कि भगवान शिव विश्व का कल्याण करने वाले देवता है उन्होंने विष को पीकर जनजीवन की रक्षा की थी। विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा ने कहा कि ये झांकी का कार्यक्रम विगत 30 वर्षो से विद्यालय मे मनाया जा रहा है इसमें सर्वधर्म समभाव की भावना का विशेष दर्शन होता जिसमें मुस्लिम परिवार के बच्चे भी बढ़चढ़कर कर हिस्सा लेते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य डा सविता मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के सहप्रबंधक कवि आनन्द खत्री ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में दीपक शुक्ला, पंकज गुप्ता, कैप्टन बी एल वर्मा, मकसूद अली, साहित्यकार संदीप सरस, अरुण मिश्र, नीलेश यादव, विवेक सिन्हा, अजरा खान,नीति तिवारी, शैलेन्द्र बाजपेयी, रामकुमार, कश्यप, स्मृति श्रीवास्तव, रीतू मिश्रा, रूखसार, खुशनुमा, समीरा, आरती अवस्थी, यश श्रीवास्तव सहित नगर के गणमान्य नागरिक व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता शीघ्र दिखाया जाएगा

## जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़**





जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन की मासिक बैठक विकास भवन पथरिया मोहल्ला डंगहर रविदास मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई बैठक में कई विषय पर चर्चा हुई जिसमें स्वास्थ्य संबंधित और विकास कार्यों के संबंधित भारत सरकार की योजनाएं के विषय में गरीब असहाय बेसहारा लोगों तक पहुंचाने की चर्चा की गई और साथ ही साथ बैठक में जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन की निष्क्रिय कार्यकर्ताओं के ऊपर भी सवाल उठे जिसमें संगठन के जिम्मेदार साथियों के बातों को सुनकर संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद ने निर्णय लिया कि जो कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों को नहीं निभा पा रहा है उस कार्यकर्ता को पद मुक्त करके सदस्य के रूप में संगठन में रखा जाएगा और जो सदस्य एक्टिविटी के साथ कार्य कर रहा है उसे पद नियुक्त किया जाएगा इसी के साथ मिर्जापुर के रहने वाले साथी अनिल कुमार विश्वकर्मा जो कि स्वास्थ्य विभाग से जोड़कर कार्य करने वाले साथी को पूर्वांचल प्रभारी की पद से नियुक्ति दिलाई गई जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन के ऑडी कार्ड देकर और संगठन व समाज में एक अच्छा कार्य करने की शपथ दिलाई गई बैठक में उपस्थित महिला जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता ने बताया कि बहुत जल्द महिलाओं की टीम गठित करके समाज में हो रहे महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार अन्याय जैसे कई समस्याओं से लड़ने के लिए जल्द ही जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन की महिलाओं की टीम मिर्जापुर जनपद में कार्य करने में लगेगी जिला विधि सलाहकार अध्यक्ष जूल कदर द्वारा सभी सम्मानित पदाधिकारी कार्यकर्ता गण को एकजुट होकर मानव जाति के लिए समाज में कार्य करने की सलाह और विधि परामर्श द्वारा कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर विधि सलाहकार अध्यक्ष जुलकादर द्वारा हर्ष समस्याओं का समाधान कराने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे बैठक में उपस्थित राजू भारती जुल कदर फिरोज अहमद अनीता गुप्ता प्रेरणा गुप्ता अंजली देवी शोएब अंसारी ओम प्रकाश प्रजापति राजकुमार चतुर्वेदी वारिस अली अवधेश मौर्या शहजाद अली कमलेश कुमार एजाज अहमद दिनेश सिंह मोहम्मद जाबिर राजू मंसूरी नियाज अहमद कमलेश सोनकर दीपा वर्मा रेखा गुप्ता आलोक सिंह वकील अहमद मुस्ताक अहमद तमाम पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जूनियर शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न

**देवरिया, समृद्धि न्यूज़**



उत्तर प्रदेश के जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय। शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं चुनाव गौरी बाजार, रामपुर कारखाना एवं पथरदेवा में आयोजित किया गया।गौरी बाजार ब्लाक में पर्यवेक्षक । लक्ष्मण एवं सुधाकर गुप्ता जी की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ जिसमें रामानंद यादव जी को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। विश्वजीत मल को ब्लॉक मंत्री एवं चंद्रशेखर को कोषाध्यक्ष चुना गया। पथरदेवा ब्लॉक में अजय यादव एवं उमेश चंद्र की देखरेख में अधिवेशन का कार्य प्रारंभ हुआ। यहां पर मतदाता सूची अपूर्ण एवं त्रुटि पूर्ण होने के कारण चुनाव को लेकर अध्यक्ष प्रत्याशी रमेश प्रसाद व मंत्री प्रत्याशी राज कपूर प्रसाद द्वारा आपत्ति व्यक्त की गई। जिसका वर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र सिंह एवं मंत्री अशरफ अली द्वारा काफी शोरगुल एवं विरोध प्रकट किया गया। काफी गहमागहमी के बीच पर्यवेक्षक श्री अजय यादव ने चुनाव पर्चा वितरित कर दिया और एकतरफा रूप से नरेंद्र सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष ,अशरफ अली को ब्लॉक मंत्री और महिमा प्रसाद को कोषाध्यक्ष घोषित कर दिया। जिसका विरोध रमेश प्रसाद एवं राज कपूर द्वारा किया गया और इसे जिला कार्यकारिणी से अवगत कराया गया।जिला कार्यकारिणी के निर्देश पर तुरंत ही मामले को संज्ञान में लेते हुए चुनाव को स्थगित कर दिया गया और बाद में नई तिथि घोषित करने को कहा गया।इसके साथ ही ब्लाक कार्यकारिणी को चुनाव होने तक निरस्त कर दिया गया। रामपुर कारखाना ब्लॉक में चुनाव पर्यवेक्षक श्री राकेश मणि एवं अख्तर अली के देखरेख में चुनाव संपन्न कराया गया। यहां अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवारों को बराबर मत प्राप्त हुए जिसके कारण यहां पर अध्यक्ष का चुनाव पुनः अगले अगले तिथि में कराने केअगले तिथि में कराने की घोषणा की गई।मंत्री पद पर श्री हृदयानंद भारती एवं कोषाध्यक्ष पद पर सैफुद्दीन अंसारी को निर्वाचित घोषित किया गया। जिला महामंत्री श्री ज्ञान प्रकाश मिश्र एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष वरिष्ठ नगर चौहान रामपुर कारखाना के अधिवेशन में उपस्थित रहे।

# अलादादपुर में हुई नव उमंग की काव्य गोष्ठी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

अलादादपुर (लोनीकटरा) स्थित बी एस कोचिंग सेंटर पर साहित्यिक संस्था नव उमंग साहित्य संस्थान द्वारा कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। अमेठी से पधारे वरिष्ठ कवि सुशील चन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता व वेद प्रकाश सिंह प्रकाश के संचालन में कविगोष्ठी की शुरुआत श्रवण बाजपेयी की वाणी वंदना से हुई।तत्पश्चात सौरभ वर्मा ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता करो काम जो भी वतन के लिए हो पढ़ी तो रत्नेश राज अनुराग ने सामाजिक विसंगतियों का चित्रण बद से बदतर मानवों के कर्म हो गए से किया।जबकि वर्तमान समय की विसंगतियों पर अमेठी के लोक गीतकार रवि शंकर मिश्र ने फोन किहिन कल्लू कै माई चले आवव लागै न जियरा हमार गीत सुनाया।वहीं वरिष्ठ कवि सन्त प्रसाद जिज्ञासु ने मोरे प्रियतम से कहियो संदेश बयरिया फगुना ऊधुम मचावै लोकगीत से विभोर किया। कवि व पत्रकार सुनील वाजपेयी शिवम् ने बासंती परिवेश पर दूर दूर तक फैली हरियाली लगती कोई बिछा बिछौना कविता व सतरंगी बहार ले आई होली गीत सुना कर प्रकृति का चित्रण किया।तो वरिष्ठ कवि वेद प्रकाश सिंह प्रकाश ने पायउ है जीवन सच्चा वहै जियौ,सब जानि जानि कै बवालु न करौ से मानवीय संवेदनाओं का रेखाँकन किया।

# पुलिस ने पांच तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों तथा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सफदरगंज पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर अम्बौर स्थित ज्वालामुखी मंदिर के निकट से 5 शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 689 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। मैनुअल इंटेलीजेंस की सूचना पर थानाध्यक्ष सफदरगंज अभिषेक तिवारी , वरिष्ठ उपनिरीक्षक अमर बहादुर सिंह उपनिरीक्षक संजीव कुमार हेड कॉन्स्टेबल प्रशान्त त्रिपाठी, कैलाश यादव थाना विष्णु तिवारी, आशीष सिंह, सन्तोष सिंह ने ज्वालामुखी मंदिर के निकट से मार्फीन तस्कर डम्बा उर्फ डम्मा उर्फ इस्लाम पुत्र शहबान निवासी मोहल्ला कजियाना सतरिख , शाहिद अली पुत्र उम्मेद निवासी आलापुर कोतवाली नगर राधेश्याम पुत्र स्व0 हरिनाम , विनोद कुमार पुत्र स्व0 मैकूलाल निवासीगण रमवापुर थाना जैदपुर . विजयराज पुत्र स्व0 रामसनेही निवासी कोटवा सड़क थाना रामसनेहीघाट को गिरफ्तार 689 ग्राम अवैध मारफीन बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्तगण, मादक पदार्थ की तस्करी कर अवैध रुप से धनोपार्जन करते है। अभियुक्तगण डम्बा व शाहिद के विरुद्ध जनपद बाराबंकी में कई आपराधिक मामलें पंजीकृत हैं। वहीं सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय कुमार ने कस्बा बदोसरांय में बनाये जा रहे कचरा निस्तारण केन्द्र मे करवाये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

### कौशल के नशा मुक्ति अभियान को गति दे रहे शिव स्वामी

# सैकड़ों लोगों को दिलाई शपथ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

युवा पीढ़ी नशे से नाता तोड़ अपना भविष्य उज्वल करे।कौशल अभियान से युवा प्रेरणा ले ,उक्त बाते आज केंद्रीय राज्य मंत्री/ सांसद कौशल किशोर के नशा मुक्त अभियान कौशल का के अंतर्गत आज विधानसभा रामनगर में जिला संयोजक शिव स्वामी वर्मा ने व्यक्त किया श्री वर्मा ने आगे कहा की यह अभियान गाँव गाव पंचायत करके जनजागरण का कार्य करेगा और लोगो को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे ।श्री वर्मा ने उपस्थित लोगो को नसें से दूर रहने का संकल्प दिला कर गाव गाव नशा मुक्त के लिए प्रचार प्रसार हेतु बाइक रैली को हरि झंडी दिखा कर रवाना भी किया मुख्य रूप से अतिथि पारख संघ के ज़िलाध्यक्ष श्री शुशील रावत ने कहाँ कि आज लोगो को नशा अपने तरफ़ घसीट रहा है।

# रोड की दैनिक स्थिति से आए दिन हो रहे हैं घटनाएं

**विढ़मगंज, समृद्धि न्यूज़**



स्थानीय थान क्षेत्र के अंतर्गत कोन रोड कटिंग के पास भूसा से लदा ट्रैक्टर ट्राली पलटने से रोडवेज बस ने प्राइवेट बस को मारी टक्कर यात्री बाल बाल बचे रोडवेज बस के और प्राइवेट बस के सवारी ट्रैक्टर मालिक अखिलेश यादव अपने ट्रैक्टर पर कचनारवा से भूसा लोड करके रमना झारखंड की ओर जा रहा था कि रात्रि लगभग 11ः00 बजे कोन रोड कटिंग जंगल में रास्ता खराब होने की वजह से ट्रैक्टर का ट्राली पलट गई जिससे रोड बाधित हो गया।

ग्रामीण रूपेश कुमार प्रजापति ने बताया कि यह रोड लगभग 6 महीने के आस-पास बना हुआ है और रोड पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है और आए दिन एक्सीडेंट होते रहता है इस पर किसी भी अधिकारी व प्रशासन का ध्यान नहीं रहता है ठेकेदार अपने मन मुताबिक काम करके चला जाता है उस पर भी कोई आवाज नहीं उठा पाते हैं ठेकेदार दबंग किस्म का होने की वजह से जनता की आवाज बाहर नहीं आ पाते हैं। अधिकारियों की मिलीभगत के वजह से जनता को यह कठिनाई का सामना करना पड़ता है इसमें जनता पूरी तरह से झेल रही है रोडवेज बस क्क 65ष्टड्ढ 2206 और प्राइवेट बस श्च 64ढ्ढ 3675 यह बस आपस मे टकरा गई यह लगभग सुबह 5ः00 बजे की रोडवेज चालक संजय कुमार ने बताया कि भुस्सा से लगा ट्रैक्टर ट्राली पलट गई इसके कारण मेरी रोडवेज बस चढ़ाई था और मेरा रोडवेज बस का ब्रेक नहीं लगा लगा पीछे खड़ा प्राइवेट बस मे जा टकराई जिससे बस का नुकसान हो गया।

# धरती का रिहाईड्रेशन रोकने के लिए सभी को लेना होगा जिम्मेदारी : मुख्य सचिव

## आंखों के पानी सूखने से धरती का सूख रहा पानी-राजेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय जल विमर्श की दो दिवसीय सेमिनार में जुटे जल योद्धा

**बाराबंकी/अमेठी, समृद्धि न्यूज़**



### जल विमर्श के सत्र में वर्तमान जल चुनौतियां

कारण एवम् निवारण विषय पर वक्ताओं ने जल बचाने, भूगर्भ जल बढ़ाने के मुद्दों पर चिंतन किया। सात जिलो के जल योद्धाओं ने जल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बाराबंकी के सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश कुमार ने भी रिपोर्ट प्रस्तुत किया, जिन्हें सम्मानित किया गया।

अमेठी जल विरादरी के द्वारा अमेठी के आरआर पीजी कालेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय जल विमर्श में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने पर्यावरण व जल संरक्षण को लेकर काफी गम्भीर दिखे। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि हम आरण्यक संस्कृति के उपासक हैं, हम पानी को देवता मानते हैं। हमारे जीवन मे बढ़ते जल संकट को दूर करने के लिए रेड्यूज, रीयूज और रिसाइकिल के फार्मूले को अपनाना पड़ेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि जिस तरह से मनुष्य के शरीर मे पानी की कमी हो जाती है तो कहते हैं कि रिहाईड्रेशन हो गया है, आज धरती का रिहाईड्रेशन हो रहा है उसे रोकना होगा।

मुख्य सचिव ने जल दर्पण स्मारिका का विमोचन करने में पुस्तक को ढकने वाले पेपर का आवरण हटाने के बाद कूड़े में तब्दील हुए पेपर को इंगित करते हुए कहा कि हम मिनिमम कूड़ा करें। मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि हमें संकल्प से ही सिद्धि मिलेगी। उन्होंने अटल भूजल योजना, वाटर सिक्योर सिटी, अर्बन योजना, पीएम आवास योजना, नमामि गंगे, अमृत सरोवर आदि कई योजनाओं का जिक्र कर सरकारी तौर पर जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। जल विरादरी के राष्ट्रीय प्रमुख व मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित, बाढ़, सुखाड़ विश्व जल - जन आयोग के अध्यक्ष, जल पुरुष राजेन्द्र सिंह ने लोगों से ÷ नीर, नारी, नदी। नारायण, नारायण, नारायण÷ का नारा लगवाते हुए कहा कि हमारे नेताओं की आंखों में पानी आये, हमारे प्रशासनिक अधिकारियों की आंखों में पानी आये तब जल विमर्श का महत्व बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि जब लोगों की आंखों का पानी सूखता है तो धरती का पानी सूखता है। राजेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत विश्व गुरु कभी था, उस वैभव को पाने के लिए जल ही एक रास्ता है। राजेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारी शिक्षा अडानी बनाती है, विवेकानंद नही। जब तक विवेकानंद बनाने की विद्या का विकास नही होगा, हम विश्व गुरु नही बन सकते। राजेन्द्र सिंह ने कहा कि दुनिया की सारी सभ्यता का जन्म पानी के किनारे हुआ, जिस दिन पानी खत्म होगा, सभ्यता खत्म हो जाएगी। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह और मंडलायुक्त गौरव दयाल ने भी जल विमर्श पर अपने वक्तव्य दिए। अमेठी जल विरादरी के संयोजक, आयोजक डॉ अर्जुन पाण्डेय ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए जल विमर्श का विषय प्रवर्तन किया।

# गोला के शिवालयों में हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**गोला-गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

शनिवार महाशिव रात्रि पर्व पर गोला क्षेत्र के मंदिरो पर हर-हर महादेव की गुंज सुनाई दिया। मंदिरो पर भव्य मेले और विभिन्न भक्ति,फरूहाई व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। क्षेत्र के बिसरा राघवेन्द्र स्वामी ठाकुर जी मंदिर व विशेश्वर नाथ मंदिर, घोड़ालोटन में बरमैनी झारखण्डी महादेव मंदिर,सुअरज शिवालय, गोला सरयू तट स्थित शिवालय, रामामऊ मंदिर शिवालय,बेवरी स्थित राम जानकी मंदिर,सराय स्थित शिव शंकर मंदिर, सेमरी शिवालय, रामपुर गड़री शिवालय, शरम शिवालय सहित अनेकों मंदिरों पर श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान भोले शंकर का विधि-विधान से पूजन-अर्चन व आरती कर जलाभिषेक किया। इसके अतिरिक्त सुअरज स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल, एलपीएम पब्लिक स्कूल, अतरौरा स्थित लाल बहादुर शाष्त्री निजी आई टी आई व चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल,भडसरा स्थित सेन्ट जेवियर्स स्कूल सहित अनेक विद्यालयों पर बच्चों व शिक्षकों ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया।

## महाशिवरात्रि पर्व पर कीर्तन व भंडारे का आयोजन

गोला तहसील परिसर स्थित शिव मंदिर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर तहसील प्रशासन की देखरेख में श्री हरिकिर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। हरिकिर्तन एवं भंडारे में तहसील के अधिकारी, कर्मचारी व अधिवक्ता समेत क्षेत्रीय गणमान्य श्रद्धाभाव के साथ शामिल भगवान शिव की आराधना करने के साथ ही भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम संयोजक तहसीलदार गोला बृजमोहन शुक्ल ने बताया कि तहसील परिसर स्थित भगवान शिव आदि देव है। महाशिवरात्रि पर्व उनकी आराधना का विशेष दिवस है। महाशिवरात्रि पर्व पर तहसील परिसर स्थित शिव मंदिर पर स्थापना काल से चली आ रही परंपरा के तहत इस साल भी श्री हरिकिर्तन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया था। और यह आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला, बार एसोसिएशन तहसील अध्यक्ष गिरजेश शाही, वरिष्ठ अधिवक्ता भारद्वाज पांडेय, हरिकेश यादव, गणेश शंकर भारती, श्रीनिवास पांडेय, रामलखन राय, घनश्याम कुमार, राजेश पांडेय, राकेश कुमार यादव, बसंत कुमार यादव, राजकुमार हिंदुस्तानी, राम गोपाल राय, धनंजय सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, राजेश यादव, अनूप सिंह राजन मिश्र, व विनय कुमार तथा सुधीर श्रीवास्तव, चंदन कुमार, सतीश कुमार, राजेश कुमार यादव, कमलेश यादव, राममिलन यादव, बैजनाथ यादव, श्रीनिवास पांडेय, हरि सिंह व मोनू शुक्ला, गणेश पाण्डेय,सहित अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता पत्रकार समेत क्षेत्रीय गणमान्यों उपस्थित रहें।

# समिति की बैठक अम्बेडकर पार्क में सम्पन्न

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जिला पेयजल एव जल संरक्षण स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को ग्राम बड़ागांव स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद की अध्यक्षता में समुदाय की बैठक श्रद्धा सेवा समिति अयोध्या के तत्वावधान में आयोजित की गयीं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने ग्रामीणों को बताया गया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर नल और हर घर जल अभियान के तहत सभी लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। बैठक में उपस्थित महिलाओ एव पुरुषों को सम्बोधित करते हुए श्रद्धा सेवा समिति के समन्वयक अजय कुमार ने कहा कि शासन की मंशा है प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ एव शुद्ध जल मिले जिसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पानी टँकी का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सभी लोग शुद्ध पेयजल का इस्तेमाल करगे तभी परिवार को बीमारियों से बचाया जा सकता हैं। जिससे परिवार के लोग कम बीमार होंगे और बीमारी में खर्च होने वाले व्यय से बचा जा सकेगा साथ ही आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। संजय कुमार ने हर घर जल पर चर्चा करते हुए कहा कि गांव स्तर पर पानी टँकी के निर्माण के बाद लोगो को शुद्ध जल मिलेगा तथा आई एसए शांति देवी एव नगमा ने जल संचयन पर जोर देते हुए जल के संरक्षण के मुद्दे पर चर्चा की।

## अमावस्या पर भंडारा आज

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** श्री राणी सती दादी जी सेवा संस्था द्वारा सोमवार को अमावस्या के उपलक्ष में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। संस्था से जुड़े राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि सोमवार 20 फरवरी को लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर स्टेट बैंक के सामने स्थित संजीव गोयल के प्रतिष्ठान पर दोपहर बाद 3ः00 बजे से दादी जी की इच्छा से दादी को प्रसाद के रूप में पूरी सब्जी का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजक संजीव गोयल द्वारा दादी भक्तों से बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को दी गई दवाएं

**कोटवाधाम बाराबंकी।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवाधाम मे संजीव रत्न एल टी आशीष त्रिपाठी ने 35 मरीजो के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवाये दी है। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवाधाम मे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 35 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवाये दी।टीबी विभाग के राजमल ने चार मरीजो के बलगम जांच की।इस मौके पर उर्मिला मौर्या,आशाबहू प्रतिमा तिवारी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता रावत,अज्जू आदि उपस्थित रहे।

## पोखर मंदिर प्रांगण स्थित चंदन के पेड़ को फिर लगी चोरों की नजर

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** गौरवाउसमानपुर के रामेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से एकबार फिर बेशकीमती चंदन का पेड़ अज्ञात चोर काट ले गए। मंदिर लोनीकटरा थाना क्षेत्र के गौरवा उसमानपुर के पोखर पर स्थापित है। राजकालीन इस महादेव मंदिर परिसर में एक के बाद एक बेशकीमती तैयार होते चंदन के पेड़ लगातार चोरी से कटते रहने का यह चौथा वाकया ग्राम वासी व मंदिर के श्रद्धालु बताते हैं। इस बार चंदन का पेड़ चोरों द्वारा काट ले जाने की जानकारी महाशिवरात्रि पर्व पर वहाँ जलाभिषेक करने गए श्रद्धालुओं को हुई तो चर्चा आम हुई।

## अज्ञात डम्फर की चपेट से बाइक सवार घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर अज्ञात डंपर द्वारा ठोकर मार देने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के थाना शिवगढ़ अंतर्गत कोटवा गांव निवासी 55 वर्षीय राम सजीवन पुत्र हिरई कुछ सामान खरीदने हैदरगढ़ आए थे और दोपहर बाद वापस घर जा रहे थे कि तभी मनीपुर गांव के पास हैदरगढ़ की ओर से जा रहे डंपर द्वारा पीछे से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी गई। एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाने के दौरान ही सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायल बाइक सवार की जेब से मिले ?3670 कागजात एवं पर्स दरोगा संजय यादव द्वारा परिजनों को सौंप दिए गए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जली मोटरसाइकिल

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हैदरगढ़ औसानेश्वर मार्ग पर दांदूपुर गांव के निकट बीती रात एक मोटरसाइकिल संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ही गौरा गांव निवासी सौरभ शुक्ला अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे कि तभी दांदूपुर गांव के निकट उनकी मोटरसाइकिल धू धू कर जलने लगी और देखते ही देखते बाइक के तमाम पार्ट जलकर राख हो गए। ग्रामीणों के बीच चल रही चर्चाओं को सही माने तो युवक नशे में था और नशे में स्वयं ही बाइक को आग लगा दी।

## सफाई कर्मी के साथ की गई मारपीट, पुलिस को दी तहरीर

**हैदरगढ बाराबकी।** कूडा उठाने के विवाद को लेकर एक युवक ने सफाईकर्मी के साथ गाली गलौज करते हुए उसे पीट दिया पीडित सफाईकर्मी ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की है । पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत मे लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है ।मामला नगर पंचायत सुबेहा का है जहां पर गढी वार्ड निवासी प्रदीप कुमार पुत्र लड्डन जो की नगर पंचायत सुबेहा मे ही सविदा सफाईकर्मी के पद पर तैनात है। पीडित की तहरीर के मुताबिक रविवार की सुबह कस्बा सुबेहा के ही किला दरवाजा मे सफाई करने गया हुआ था। जहाँ पर कूडा उठाने के विवाद को लेकर उक्त वार्ड निवासी रहमत उल्ला पुत्र किफायत उल्ला ने वाद विवाद करते हुए उसको मारा पीटा और जातिसूचक गलिया दी। वही शिकायत करने पर जान से मारने की धंमकी भी दी। पीडित सफाईकर्मी ने स्थानीय पुलिस से शिकायत कर लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक प्राथमिक दर्ज कर आरोपी को हिरासत मे लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सन्जीत कुमार सोनकर ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत मे लेकर कार्यवाही की जा रही है।

## ओपन जिम और मनरेगा पार्क का राज्यमंत्री किया शुभारंभ

**सिद्धौर बाराबंकी।** विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सकतपुर में ओपन जिम तथा मनरेगा पार्क का राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शुभारंभ किया और निर्माणाधीन गौआश्रय स्थल का निरीक्षण कर निर्माण शीघ्र पूर्ण कराए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। खंड विकास अधिकारी बनीकोडर रविशंकर पांडेय के साथ पहुंचे राज्यमंत्री ने निर्माणाधीन गौआश्रय स्थल को समय से पूरा करने का निर्देश दिया ।उन्होंने कहा कि गौआश्रय स्थल का निर्माण सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है ।सरकार गांव गरीबों के विकास के प्रति संकल्पित है। इस अवसर पर राकेश लोधी सुरेन्द मिश्र रूपेश प्रताप सिंह लकी, पंकज तिवारी, छेददन रावत, संतोष सिंह, रामानन्द शुक्ला, राहुल सिंह, पप्पू मिश्रा, सनी सिंह और संतोष पाण्डेय सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।


## सूचना

ग्राम पंचायत सुल्तानगंज खरेटा वि0ख0 शमशाबाद की निविदा सूचना 18/02/2023 को प्रकाशित हुई थी। जिसमे क्रम सं0 1 में **कार्य-** ग्राम पंचायत में आंगनवाडी केंद्र का निर्माण कार्य, **लागत-** मनरेगा (6.39 लाख), आई0सी0डी0एस0 (2 लाख) भूलवश प्रकाशित हो गई थी।

**इसके स्थान पर मनरेगा (6.38 लाख), आई0सी0डी0एस0 (2 लाख) पढ़ा जाये।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अमैयापुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः-मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांक 19/02/2023

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत अमैयापुर की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/02/2023 से दिनांक 26/02/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 26/02/2023 सायं 2 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में ) | जमानत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा/राज्य /केंद्रीय वित्त | देवेन्द्र के घर से राजपाल के घर तक साइड वाल, इंटरलाकिंग कार्य | ईट, सीमेन्ट, मौरम, गिट्टी आदि | 383009=00 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | मनरेगा/राज्य /केंद्रीय वित्त | राजेन्द्र के घर से अरविन्द के घर तक साइड वाल, इंटरलाकिंग कार्य | ईट, सीमेन्ट, मौरम, गिट्टी आदि | 378948=00 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3 | मनरेगा/राज्य /केंद्रीय वित्त | नेत्र पाल के घर से राजीव के तक साइड वाल, इंटरलाकिंग कार्य | ईट, सीमेन्ट, मौरम, गिट्टी आदि | 393241=00 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4 | मनरेगा/राज्य /केंद्रीय वित्त | जोगेन्द्र के घर से तिराहे तक साइड वाल, इंटरलाकिंग कार्य | ईट, सीमेन्ट, मौरम, गिट्टी आदि | 258330=00 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(रामसिंह यादव)** ग्राम प्रधान-अमैयापुर, राजेपुर

**(मुनीश चन्द्र यादव)** सचिव-अमैयापुर, राजेपुर

# बेकाबू ट्रक गुमटी में घुसा, मासूम की मौत व चार जख्मी

- नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पड़मई गांव में हुई दुर्घटना
- दुर्घटना से नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने लगाया जाम



बांदा, नरैनी। समृद्धि न्यूज

**बेकाबू** ट्रक (कंटेनर) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गुमटी में घुस गया। इसमें एक बच्चे की दबकर मौके पर मौत हो गई। जबकि गुमटी के पास खड़े चार बच्चे घायल हो गए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इसी बीच नरैनी विधायक भी मौके पर पहुंच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक बालक को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। पुलिस ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। ग्रामीणों का कहना था कि चालक नशे में था।

नरैनी कोतवाली के पड़मई गांव निवासी रामसजीवन घर के ही पास सड़क किनारे पान गुटखा और अन्य सामान की गुमटी रखे हुए है। इसी से वह अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार की दोपहर करीब एक बजे वह अपनी गुमटी में बैठा था। इसी बीच कई बच्चे सामान लेने के लिए खड़े हुए थे। इसी बीच अतर्रा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर गुमटी में घुस गया। नजदीक खड़ा रामसजीवन का नाती बसंत (5) पुत्र अवध बिहारी मलबे में दब गया। वहीं नजदीक खड़े मनप्यारे के तीन बच्चे खुशबू (8), अमर (3), राज (2) और छोटू (3) पुत्र शिवमंगल, गुमटी में बैठा रामसजीवन (50) घायल हो गए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मलबे में दबे बसंत को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव देखते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर जाम लगा दिया। सूचना पाकर क्षेत्रीय विधायक अमरमणि वर्मा भी मौके पर पहुंच गई। जाम दो घंटे तक लगा रहा। सूचना पाकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। परिजनों व ग्रामीणों का कहना था कि मृतक बच्चे के परिजनों को मुआवजा और जमीन दी जाए। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी मनोज शुक्ला, क्षेत्राधिकारी नितिन और उप जिलाधिकारी उमाकांत त्रिपाठी मौके पर पहुंच गए। जाम लगाए परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उप जिलाधिकारी ने मृतक के पिता को मुआवजा और पट्टे की जमीन देने की बात कही। साथ ही सभी घायलों का समुचित इलाज की जिम्मेदारी ली।

## खून से लाल होती रहीं सड़कें, पांच दिन में 12 लोगों की मौत

**बांदा।** सड़कों पर बेतहाशा दौड़ रहे वाहनों की गति पर लगाम नहीं लग पा रही है। आए दिन कोई न कोई सड़क हादसे में अकाल मौत का शिकार हो रहा है। करीब पांच दिन में दंपति समेत 12 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। लगातार हो रही मौतों से लोग खासे हलाकान हैं। चित्रकूट के कामदगिरि निवासी शिवशंकर गुप्ता को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं बारातियों से भरी दो गाड़ियां आपस में भिड़कर चकनाचूर हो गईं। इसमें पांच बाराती प्रभात पांडेय, उमेश सिंह, अभिनय सिंह, कुलदीप सिंह, अतुल सिंह की अकाल मौत हो गई थी। वहीं जसपुरा थाना क्षेत्र के नांदादेव गांव निवासी होमगार्ड रामविशाल को भी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, उसकी भी मौके पर मौत हो गई थी। इधर, छतरपुर जिले के पड़वार गांव निवासी सुधीर सिंह (28) पुत्र राजाराम अपनी पत्नी अनीता (25) और बेटी मिट्ठी (8 माह) के साथ बाइक में बैठकर गांव आ रहा था। बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे तीनो की मौके पर मौत हो गई। वहीं महोबा जिले के खजुरिया पहरा निवासी दीपक (20) पुत्र छोटेलाल को ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। वहीं नरैनी के पड़मई गांव निवासी बसंत (5) पुत्र अवध बिहारी को रविवार की दोपहर ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। इस तरह से पांच दिन में 12 लोगों की मौतें सड़क हादसों में हुई हैं।

# श्रीअन्न के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान हुए सम्मानित



**बांदा।** नरैनी विकासखंड में कालिंजर स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक दुर्ग की तलहटी में 17 फरवरी से आयोजित हो रहे कालिंजर महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन योजना के तहत जनपद स्तरीय श्री अन्न (मिलेट्स) महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग की ओर से किया गया। उप कृषि निदेशक ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषि वैज्ञानिकों अधिकारियों एवं प्रतिभागी कृषकों का आभार जताया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उनके द्वारा बताया गया कि पहले मिलेट्स फसलों को मोटा अनाज कहते थे, अब प्रधानमंत्री द्वारा इनका नामकरण बदल कर श्रीअन्न कर दिया है। श्रीअन्न फसलों में ज्वार बाजरा सावा कोदो रागी चीना आदि फसलें आती हैं। जनपद का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित है जहां पर श्रीअन्न फसलों के उत्पादन की प्रबल संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय बांदा से आए डा. आनंद सिंह द्वारा कृषकों को वर्तमान में तीन-चार वर्षों से लगाए गए बागों में सहफसलों की खेती कर अतिरिक्त आय प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा बताया गया कि जनपद झांसी में किनोवा की खेती की जा रही है। कृषि वैज्ञानिक डा. देवकुमार द्वारा श्रीअन्न फसलों में वर्मी कंपोस्ट के माध्यम से खेती कर अधिक उत्पादन प्राप्त करने की सलाह कृषकों को दी गई। डा. सौरभ द्वारा मानव पोषण में श्रीअन्न फसलों के महत्व की जानकारी देते हुए उनके द्वारा बताया गया कि आज जो लोगों को मधुमेह रक्ताल्पता हड्डियों में कमजोरी एनीमिया विटामिन-ए की कमी पाई जा रही है। श्रीअन्न फसलों के सेवन से इन से निजात पाई जा सकती है कृषकों को अंतर्राष्ट्रीय मिनट्स वर्ष का भरपूर लाभ उठाने के प्रेरित किया गया। डा. अनिकेत कोल्हापुरे द्वारा ज्वार बाजरा की खेती करने की विस्तृत जानकारी दी गई। डा. मयंक दुबे पशुपालन विभाग के कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक द्वारा उपस्थित कृषकों को बताया गया कि जहां के पशुओं का स्वास्थ बेहतर होगा, वहां के किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी पशुपालन के संबंध में उनके द्वारा चारा प्रबंधन अपनाने के मंत्र बताए गए जिसमें से नस्ल प्रबंधन पोषण प्रबंधन आवास प्रबंधन एवं स्वास्थ्य प्रबंधन अपनाकर पशुपालन आय प्राप्त करने की सलाह दी गई।

## खबरें एक नजर में

### भगवान भोलेनाथ की बारात का नगर में हुआ भ्रमण

**इटावा।** शिवरात्रि के अवसर पर शहर के तलैया मैदान सिस्थति शिव मंदिर पर शिव पार्वती विवाह धूमधाम से सम्पन्न हुआ, मुहल्ला साबित गंज स्थित युवा व्यापार मंडल की महिला जिलाध्यक्ष दीपिका गुप्ता के आवास पर रोका, लगुन, तेल, तिलाई आदि रश्मों की अदायगी हुई। भगवान भोलेनाथ की बारात, आर्य कन्या स्कूल से शुरू होकर, शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई, पुरबिया टोला शिव मन्दिर पर पहुंची, जहां बारातियों का मुहल्ले वासियों नें पटका पहना कर जोरदार स्वागत किया, तथा व्रत के स्वल्पाहार की व्यवस्था की,शिव बारात में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरूषों नें हिस्सा लिया, भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, महामंत्री आकाश दीप जैन,कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, उपाध्यक्ष नीतीश पुरवार, युवा अध्यक्ष पावेन्द शर्मा,लाइनपार अध्यक्ष संजीव पांडेय,महिला जिलाध्यक्ष अंजू यादव, रीना जैन, अनीता शर्मा, अर्चना कुशवाहा, मंजू यादव,चंदन सिंह,गार्गी गुप्ता, चौधरी ओमप्रकाश सिंह, गौरव वर्मा, अभिलाषा सिंह, अर्चना सिंह, संध्या चौहान आदि मौजूद रहे।

### विश्व जैन संगठन ने जताया राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला फूंकने पर विरोध

**इटावा।** झारखण्ड के कनारी पंचायत में विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन का पुतला जलाने के विरोध में विश्व जैन संगठन इटावा इकाई एवं सकल जैन समाज ने अपना आक्रोश व्यक्त किया। विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष आकाशदीप जैन ने कहा कि जैन धर्म की आस्था के प्रतीक पवित्र पावन पारसनाथ पर्वतराज पर स्थित जैन मंदिरों को तोड़ने की धमकी देकर धर्मपरायण झारखण्डवासियों की धार्मिक भावनाएं को भड़काने का कार्य झारखण्ड के पूर्व सांसद सालखन मुर्मू द्वारा किया जा रहा है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला जलाकर ओछी राजनीतिक करना संगठन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। लोकतंत्र में सरकार से अपनी मांग करना सभी का अधिकार है। लेकिन किसी धर्म विशेष के पूज्य धार्मिक स्थल को राजनैतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए तोड़ने की धमकी देकर वर्षो से प्रेमपूर्वक साथ रहते आये दो समुदायों को आपस में लड़वाना चिंतनीयए अनुचित और लोकतंत्र में दंडनीय है। आकाशदीप जैन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन द्वारा पारसनाथ पर्वतराज के पर्यावरण संरक्षण और पवित्रता की मांग की थी जिसके लिए केंद्र व झारखंड सरकार से मांग की गयी थी। जिसके सभी प्रमाणिक कागजात उपलब्ध है लेकिन पूर्व सांसद मुर्मू द्वारा भ्रामक व गलत प्रचार किया जा रहा है जिसकी सत्यता जल्द सभी के सामने आएगी। विरोध प्रकट करने वालों में महामंत्री राजीव जैन, मनोज जैन, नितिन जैन, प्रिंसू जैन, अंशू जैन, मन्नू जैन, शेखर जैन, विशाल जैन, गौरवकान्त जैन, मयंक जैन, उदित जैन, अर्पित जैन सहित सकल जैन समाज के लोग प्रमुख है।

### खनिज अधिकारी की बोलेरो से कुचलकर दंपति समेत तीन की मौत

**बांदा।** शादी समारोह में शामिल होने के बाद पत्नी और बेटी के साथ बाइक से घर लौट रहे दंपति को बेकाबू बोलेरो ने टक्कर मार दी। इससे दंपति और उसकी मासूम बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना करके मौके से भाग रही बोलेरो को मुरवल पुलिस चौकी ने पकड़कर कब्जे में ले लिया। चालक को हिरासत में ले लिया गया है। परिजनों का कहना है कि बोलेरो खनिज अधिकारी की है। पुलिस ने रविवार को तीनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छतरपुर जिले के पड़वार गांव निवासी सुघर सिंह उर्फ रज्जू (28) पुत्र राजाराम अपनी पत्नी अनीता (25), मासूम बेटी मिट्ठी (आठ माह) को बाइक में बैठाकर शनिवार की रात मझिला गांव से वापस अपने गांव जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक अलिहा गांव के पास पहुंची ही थी कि बांदा से बबेरू की तरफ जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने तीनो को टक्कर मार दी। इससे तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना को देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एंबुलेंस के जरिए सभी को उठाकर जिला अस्पताल में दाखिल कराया। वहां डाक्टरों ने देखने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राजाराम ने बताया कि सुघर सिंह मजदूरी करता था। 15 फरवरी को उसकी चचेरी साली की शादी थी। वह शादी में शामिल होने मझिला गांव गया था। इसके पहले 31 जनवरी को उसकी सगी साली सुधा देवी की शादी थी। पत्नी अनीता पहले से वहां मौजूद थी। शादी निपटाने के बाद सभी लोग वापस घर आ रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। एक साथ हुई तीन लोगों की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। बताया जाता है कि करीब छह वर्ष पहले सुघर सिंह के बड़े भाई अमर सिंह की पत्नी श्यामबाई की मौत हो चुकी है। अनीता ही घर का देखभाल करती थी। सड़क हादसे में सुघर का ही पूरा परिवार अकाल मौत के मुंह में समा गया।

### ग्रामीण अंचलों में महा शिवरात्रि का पर्व बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया

**मैनपुरी।** नगर एवं ग्रामीण अंचलों में महा शिवरात्रि का पर्व बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया।नगर के शिव मन्दिरोंको श्रद्धालुओं ने बड़े ही आकर्षण ढंग से सजाया गया था शनिवार को प्रातः से नगर के सोमेश्वर नाथ मंदिर लक्ष्मी नारायण मंदिरएजगत नगर में स्थित शिव मंदिर सहित शिव मंदिरों श्रद्धालुओं की लंबी लम्बी कतारे लगना शुरू हो गया था जो देर सायं तक लगी रही महिला पुरुषों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना कर अपनी अपनी मनोतिया बाबा शिव से माँगी। नगर के आलू मंडी में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर कार्यक्रम आयोजक संजीब भाराजद्वाज की देख रेख माहा रुद्राभिषेक भोले बाबा का किया गया जिसमें कथा बाचक देवेंद्र दीक्षित ने वेदमन्त्रों उच्चारणों के साथ श्रद्धालुओं ने रुद्रा भिषेककिया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि अंकुर अग्निहोत्री ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के अलाबा भाजपा के बरिष्ठ नेता एवं समाज सेबी आशीष तिवारी सभासद असतेंद्र गुप्ता भल्लू चौहान सागर चौहान आदि लोगों को संजीब भाराजद्वाज रितिक भाराजद्वाज ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया इस मौके पर संजय शर्मा असलम नेता जी सुरेंद्र ओमी आदि लोग मौजूद थे।

# सक्षम संस्था ने दिव्यांग को वितरित की ट्राई साइकिल

इटावा। समृद्धि न्यूज



**समदृष्टि** क्षमता विकास एवं अनुसन्धान मण्डल कानपुर प्रान्त की इटावा इकाई द्वारा नगर पंचायत इकदिल के हाल में अधिवेशन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सक्षम के प्रांतीय सह सचिव पंकज तिवारी ने कहा कि दिव्यांग किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है द्य दिव्यांग अपने आपको अक्षम नही सक्षम समझे द्य उन्होंने कहा कि सक्षम का उद्देश्य है कि हर क्षेत्र में दिव्यांगजन आगे बढे और मानसिक रूप से अपने आपको मजबूत बनाएं द्य सक्षम औरैया के जिला उपाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि दिव्यांग एक जुट हों और संगठित रहकर कार्य करें। सक्षम इटावा के महामंत्री डा. सुशील सम्राट ने कहा कि सक्षम संस्था का यह सराहनीय कार्य है कि वह दिव्यांगों को सक्षम बनाने का कार्य कर रही है। राज्य अध्यापक पुरुस्कार से सम्मानित रमेश चंद राजपूत ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नही है हम सभी को समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ना है। नारायण दिव्यांग सेवा संस्थान इकदिल के अध्यक्ष जीपू शाक्य ने कहा कि दिव्यांग जनों को जागरूक होकर अपने हक के लिए आगे आना होगा। कार्यक्रम में एक दिव्यांग को ट्राई साइकिल प्रदान की गयी। इस अवसर पर चतुर सिंह, कमलेश कुमार, उमेश चंद, साहब सिंह, हजूरी सिंह, योगेंद्र कुमार, प्रकाश बाबू हरदीप सिंह यादव, गौरी शंकर दोहरे आदि दिव्यांग जन उपस्थित रहे।

### बाइक की टक्कर से घायल

**मैनपुरी।** बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए पीछे से टक्कर मारकर युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना बिछवां के गांव सुरजनपुर निवासी निहाल सिंह पुत्र गोरे लाल पैदल जा रहा था जैसे ही वह घिरोर रोड़ तिराहा के नजदीक पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इटावा।** नगला हरचंद्र जसवन्तनगर में बीती रात विवाहिता ने घर की पीछे खड़े पेड़ से रस्सी बाधकर फांसी लगा ली। मृतका के भाई का आरोप है कि मेरी बहिन राधा देवी उर्फ स्वेता को आए दिन ससुराली जन परेशान करते थे इस कारण उसने यह कदम उठाया। उक्त गांव के रहने वाले सुशील शाक्य पुत्र स्वर्गीय शिवनाथ का विवाह नवंबर 2014 में सरसई नावर थाना ऊसराहार निवासी रामकिशन की पुत्री श्रीमती राधा देवी उर्फ श्वेता के साथ हुआ था बीती रात उसका पति गांव की एक बारात में गया हुआ था वह घर पर नहीं था और सास, देवर, देवरानी कमरे में थे बच्चे सो रहे थे। राधा देवी ने मौका पाकर घर के पीछे खड़े बकायन के पेड़ से फांसी लगा ली। उसका पति सुशील जब बरात से लौटा तो उसने अपनी पत्नी राधा देवी को कमरे में ना पाकर खोजा तो वह पेड़ पर लटकी मिली इसके बाद उसने इस घटना की सूचना मृतिका के परिजनों को दी।

# दबंगों ने बुजुर्ग को हमला करके किया घायल

**इटावा।** ग्राम पंचायत मोदी भरथना में ग्राम के ही आरोपियों ने बगीचे मे बुजुर्ग श्रीकृष्ण सिंह को हमला करके घायल कर दिया। श्री कृष्ण के नाती रामलाल जयपुर में किसी प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता है। कुछ दिन पूर्व वह घर छुट्टी लेकर आया था। कुछ महीने पहले दबंग के साथ बुजुर्ग व उनके नाती रामलाल की कहासुनी हो गई थी। जब रामलाल जयपुर से छुट्टी लेकर घर आया और घर में किसी के बीमार होने की वजह से वह भरथना बकेवर रोड पर अस्पताल से दवा लेने एक बगीचे के रास्ते से जा रहा था तभी वहां पहले से घात लगाए आरोपी ने रामलाल को पकड़कर एक तरफ खींच ले गए और बगीचे में उसके साथ बर्बरता से मारपीट की यह बात जब किसी राहगीर द्वारा किशन सिंह के घर पर बताई गई तो बुजुर्ग दौड़ते भागते हुए बगीचे में पहुंचे वहां देखा बच्चों को आरोपी मारपीट कर रहे हैं किशन सिंह बुजुर्ग हैं उनकी उम्र लगभग 75 वर्ष है उन्होंने अपने नाती को बचाने का प्रयास किया इस पर गुस्साए दबंग ने रामलाल पर ईट से प्रहार किया। जिससे रामलाल झुक गया और बुजुर्ग किशन सिंह के सर में ईट लग जाने के कारण उनका सर फूट गया। आनन-फानन में उनके परिवारी जन बगीचे में दौड़े और उनको लेकर भरथना कोतवाली पहुंचे जहां से एक दीवान उनको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले गया और उनका उपचार कराया इसके पश्चात उन्होंने एक प्रार्थना पत्र भी थाना कोतवाली में दिया है ग्रामीण बताते हैं कि आरोपी जनार्दन ने भी इटावा जाकर प्रार्थना पत्र एसएसपी को दिया है।

# आप ने किया बुलडोजर हवन यज्ञ



**चित्रकूट।** कानपुर देहात कांड के विरोध में जिले में बुलडोजर आहुति यज्ञ व आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर समीक्षा बैठक जिला कार्यालय में आप जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला व जिला प्रभारी नरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान बुंदेलखंड महासचिव अंकित सिंह मौजूद रहे। इस दौरान श्याम बाबू त्रिपाठी ने मंत्र उच्चारण कर 'बुलडोजर आहुति यज्ञ' कराया। सद्बुद्धि देने के लिए मां मंदाकिनी व प्रभु श्री कामतानाथ जी से प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कानपुर देहात की घटना दिल दहलाने वाली है। बुलडोजर गरीबों की झोपड़ी में चलाया गया। जिससे मां बेटी की आग में जलकर मौत हुई। आम आदमी पार्टी ने मांग किया कि पीड़ित परिवार के दोनों बच्चों को सरकारी नौकरी व एक करोड़ की सहायता राशि के साथ दोषियों को उच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई से जांच कराकर दंडित किया जाए। इस मौके पर प्रेमचंद सिंह पटेल, दिलीप सिंह पटेल, नर्मदा प्रसाद यादव, लवलेश केशरवानी, बच्चाराम बौद्ध, राजबहादुर साहू, रामबाबू विश्वकर्मा, अजय कुमार, शिव प्रकाश सिंह, शिव सिंह, विनोद कुमार, चंद्रशेखर, योगेंद्र कुमार रैकवार, सूरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# क्षत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

इटावा। समृद्धि न्यूज



**पुरबिया** टोला स्थित ऐतिहासिक तलैया मैदान पर स्थापित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर कुर्मी समाज के महिलाओं पुरुषों बच्चों ने माल्यार्पण कर शिवाजी महाराज जयंती का जयघोष किया।

समाज के सभी नागरिक के के इंटर कालेज से ढोल नगाड़ा बैंड बाजा के साथ हाथों में ध्वज लेकर जय जिजायू जय शिवायू का नारा लगाते हुए तलैया मैदान पर पहुंचकर शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया , इसके उपरांत के के इंटर कॉलेज के हाल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एल पी पटेल मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया। डा. श्रीकान्त वर्मा ने स्वागत उद्बोधन एवं कुर्मी समाज की धरोहर/संपत्ति के बारे में विस्तार से बताया,श्री स्वदेश डी कोस्टा, बाबा करतार, रामसरन तबला वादक एवं दीपे ने जगदीश विजय नाटक क्लब द्वारा आयोजित किए जाने वाले नाटक की आरती प्रस्तुत की इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अजय वर्मा अरुण वर्मा, राजेश वर्मा ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर, शाल पहनाकर एवं मोमैंटो देकर स्वागत किया, स्वदेश डी कौस्टा एवं सौम्य वर्मा द्वारा एक पक्ष से रिहर्सल करा रहे कुर्मी समाज के होनहार 16 बच्चों का नृत्य गायन का प्रस्तुतीकरण किया गया सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान करने वाले पूर्व सभासद आशीष पटेल, हरीशंकर पटेल, सभासद सचिन वर्मा, अंकित वर्मा, शशांक पटेल, डा. विशेष सिंह, राज कुमार वर्मा, राजेश वर्मा, कुलदीप आदि सक्रिय सदस्य रहे। विगत वर्ष 2022 में समाज के मेधावी/प्रतिभावान 14 विद्यार्थियों को स्वाजातीय अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, कुर्मी समाज की धरोहर के के डिग्री कालेज के के इंटर कालेज नानक चंद ट्रस्ट जू हाई स्कूल उदासीन अखाड़ा गुरुद्वारा बाबा अतर दास की बगिया नाथ बाबा की बगिया नैना बगिया पक्का तालाब स्थित राम मंदिर शिव मंदिर के संरक्षक/कमेटी को कुलदीप वर्मा अजय वर्मा स्वदेश डी कोस्टा मुनिराज परिधि वर्मा त्रिशाल वर्मा आदि ने शाल पहनाकर सम्मानित किया। मंच का संचालन योगेश कुमार वर्मा ने किया, कार्यक्रम में कुर्मी समाज की महिलाओं पुरुषों बच्चों की भागीदारी बहुत अच्छी रही।

# प्रभु श्रीराम पूर्णमासी की रात्रि पहुंचे थे चित्रकूटः संत भूपिन्दर

- व्याख्यान माला में विद्वानों ने रामकथा पर रखे विचार
- राष्ट्रीय रामायण मेला का दूसरा दिन

चित्रकूट। समृद्धि न्यूज




**राष्ट्रीय** रामायण मेला के स्वर्ण जयंती समारोह में विभिन्न भाषाओं एवं प्रदेशों के रामायण के विद्वानों के व्याख्यान सभा की अध्यक्षता पंजाब पटियाला से पधारे संत बाबा भूपिन्दर सिंह ने की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को अयोध्या का राज्याभिषेक होने वाला था। यह सुनकर भगवान श्रीराम को कोई हर्ष नहीं हुआ। बल्कि जब संदेश मिला कि वनगमन करना है तो उनकी मां कौशिल्या को चिंता अवश्य हुई, लेकिन श्रीराम को किसी भी तरह का विशाद नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि जब भगवान राम, सीता, लक्ष्मण के साथ चित्रकूट पहुंचे तो चित्रकूट की वनदेवी ने उनका स्वागत किया। वन देवी को भगवान श्रीराम ने आदेश दिया कि वह जिस रास्ते से आए हैं वहां कांटा हटा दें, क्योंकि उनका भाई भरत मिलने अयोध्या और जनकपुर के सभी पारिवारिक लोगों के साथ मिलने आने वाला है। संत बाबां भूपिन्दर सिंह ने बताया कि भरत भगवान श्रीराम से चित्रकूट पूर्णमासी की रात्रि पहुंचे थे। उन्होंने पंजाबी भाशा में गुरुनानक जी की वाणी का भी वखान किया। बताया कि शबरी आदिवासी थी। उसे उनके गुरु कश्यप ऋषि ने कहा था शबरी तुमसे मिलने राम जरूर आएंगें उनका स्वागत करना। उन्होंने अहिल्या उद्धार की भी चर्चा विस्तृत रूप से की। इस दौरान विद्वान आचार्य पं रामेश्वर त्रिपाठी वाराणसी ने बताया कि मानव जीवन पाने का मुख्य उद्देश्य परमात्मा के चरणों में अनुराग प्राप्त करना होता है। इसीलिए परमात्मा ने जीवात्मा को असीम कृपा कर मानव शरीर दिया है। उन्होने बताया कि मानव जीवन को सुंदर बनाने के लिए सत्संग अत्यधिक आवश्यक है। सत्संग के माध्यम से जब मन निर्मल हो जाएगा तभी परमात्मा के चरणों में अनुराग प्राप्त होगा। मानसकार गोस्वामी तुलसीदास जी ने उक्त संबंध में रचना की है कि निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा। मानस किंकर राम प्रताप शुक्ल बांदा ने हजारों श्रोताओं को बताया कि सत्संग रूपी रामकथा को हृदयगम करने से जो फल तीर्थराज प्रयाग जहां त्रिवेणी के रूप् में है वहां स्नान करने से चार फल धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष प्राप्त होते है। उसमें मोक्ष रूपी फल षरीर के त्याग करने के बाद ही प्राप्त होता है, परन्तु जहां पर सत्संग रूपी रामकथा होती है जिसे मानस रचयिता के अनुसार मुद मंगलमय संत समाजू जो जग जंगम तीरथ राजू। अर्थात जहां पर संतो का समाज एकत्र होता है वहां पर चलता फिरता तीर्थराज प्रयाग होता है। जिसमें श्रोता हृदयंगम होकर जीते जी अर्थात षरीर रहते हुए चारो फल पाने के अधिकारी हो जाते है। राम कथा सुनकर, समझ कर प्रसन्नचित से पान करने से शरीर के रहते चारो फल मिल जाते है। सुन समुझहि जन मुदित मन, मंज्जहि अति अनुराग, कहहि चार फल अक्षत तनु, साधु समाज प्रयाग। मुम्बई से पधारे वीरेन्द्र प्रसाद शास्त्री ने बताया कि जोग, भोग राखेहु महगोई, राम विलोकत प्रगटो सोई। जनक जी के संवाद में जोग और भोग दोनो लेकर जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन जब उन्होनें विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण का दिग्दर्शन किया तो एक महायोगी का ब्रह्मानंदी सुख बदलकर परमानंद में बदल गया। इसलिए जब निर्णुग निराकार परमात्मा साकार रूप् में आता है तो साधक का जो आनंद है वह बदलकर परमानंद में आ जाता है। इसलिए अपने जीवन में प्रभु श्रीराम की छवि छटा का दिग्दर्षन अंतःकरण में चिंतन के रूप में करते रहे तो जीवन में परमानंद बना रहे। सागर विश्व विद्यालय से आए मनीषी डा. नौनिहाल गौतम ने राम का सुमिरन और गायन और राम के गुणों का निरंतर श्रवण इस संसार सागर से पार उतारने वाला है। राम और सामान्य जन एक दूसरे के प्रति निकट से निकटतम हो गए है। दोनो की कहानी मानो एक कहानी हो गई है। जनता राम के गुणों को गाते-गाते स्वयं राम को ही गाने लगी है। दुनिया का सर्वाधिक आत्मीय गान बन गए हैं राम। डा. श्रीलाल पचौरी ग्वालियर ने कहा कि जनकपुर से अयोध्या सीता जी के आगमन पर अपनी समस्त रानियों व चेरियों से कहा था कि बधू लरिकिनी पर घर आई, राखेहु नयन पलक की नाई। अर्थात बहू और बेटी को एक समान समझना चाहिए। उन्होंने चित्रकूट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व में जितने भी तीर्थ और महातीर्थ हैं उन सबसे महत्वपूर्ण चित्रकूट है।

# नकलविहीन बोर्ड परीक्षा कराने के लिए प्रशासन चौकन्ना

▶ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में हुई आवश्यक बैठक, सचलदल दस्तों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की बोर्ड परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराए जाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी चौकसी बरती जा रही है। रविवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में परीक्षा के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई।

बैठक मे परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा के अलावा सभी सचल दल प्रभारियों को परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों की सुरक्षा एवं स्वच्छता के दृष्टिगत विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरते जाने के संबंध में 5 टीमों का गठन किया गया। बैठक में कई बिन्दुओं पर चर्चा हुई। साथ ही आवश्यक निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि स्ट्रॉग रुम एवं डबल लॉक आलमारी को खोलने एवं बन्द करने के समय को एवं अन्य आवश्यक विवरणों को अंकित करने हेतु एक लॉग बुक रजिस्टर तैयार किया जाएगा। जिसमें केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा हस्ताक्षर किये जाएंगे तथा स्ट्रॉग रूम में प्रश्न पत्रों के रखरखाव हेतु डबल लॉक युक्त आलमारी के एक ताले की चाबी



बैठक में उपस्थित अधिकारी समृद्धि न्यूज

केन्द्र व्यवस्थापक के पास रहेगी तथा दूसरे ताले की एक-एक चाबी वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास रहेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्र हेतु उपलब्ध करायी गई उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखते हुए उनकी क्रमांक संख्या के साथ उनकी प्राप्ति एवं वितरण को तथा प्रतिदिन अवशेष बची उत्तर पुस्तिकाओं के विवरण को एक पंजिका में प्रतिदिन अवश्य अंकित किया जायेगा। जिस पर प्रति दिन केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे। स्ट्रॉग रुम के प्रवेश द्वार की चाबी स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास रहेगी। कन्ट्रोल रुम सह प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला ने बताया कि मुख्य परीक्षा प्रथम पाली हाई स्कूल गृह विज्ञान पंजीकृत परीक्षार्थी 7239 एवं इंटर लेखाशास्त्र 94 द्वितीय पाली इंटरमीडिएट भूगोल 2678 को देखते हुए एक आवश्यक बैठक की गई, जिसमें परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति समीक्षा एवं सभी सचल दल प्रभारियों को परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों की सुरक्षा एवं स्वच्छता के दृष्टिगत विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरते जाने के संबंध में 5 टीमों का गठन किया। जिसमे प्रधानाचार्य कप्तान सिंह प्रधानाचार्य शिव मोहन सिंह, प्रधानाध्यापक राजेश्वर सिंह प्रवक्ता अजय कुमार व सहायक अध्यापक अमरेंद्र को नियुक्त किया गया। यह पांचो टीमें परीक्षा समाप्ति के बाद देर रात तक निगरानी करने हेतु विद्यालयों के स्ट्रांग रूम को स्वयं की फोटो सहित चेक करेंगे। बताया कि 20 फरवरी 2023 को प्रथम पाली में 99 परीक्षा केंद्रों एवं द्वितीय पाली में 84 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी।

# महाशिवरात्रि पर्व पर गंगा तट पर हुआ भोलेनाथ का जगराता

▶ बम बम भोले के जयकारों से गूंजा पांडाल

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

गुगरापुर क्षेत्र के गौरी बांगर गंगा तट पर स्थित सिद्ध गौरीनाथ मंदिर अम्बिका देवी दरवार में महाशिवरात्रि पर्व भोलेनाथ का जगराता हुआ। संचालक श्रीनाथ गौड़ के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम से निकाली गई शिव बारात। बम बम भोले के जयकारों से गूंजा पांडाल। जगराता में बाहर से आए कलाकारों ने भक्तिमय किया पाण्डाल। सुल्तानपुर से आए गायक अजय मिश्रा ने माँ शारदे गीत गाकर पांडाल की बड़ाई रौनक। कानपुर से आयीं गायिका नैना किंकर ने भी अपने गीतों से भक्तों को खूब रिझाया। छिबरामऊ से आयीं गायिका चित्रा सक्सेना ने भी शिव पार्वती की शादी की सालगिरह पर भक्तों को सुनाए शिव पार्वती गीत। इटावा से आए झांकी कलाकारों ने खूब दिखाई झांकियां। जागरण में प्रधान अनिल कुमार, अवनीश पाल, गजेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान मंगूलाल यादव, डॉ कंचन सिंह कुशवाहा,पवन, ब्रजभूषण सिंह, हेमनाथ गौड़, रमाकांत दुबे, अरुण कुमार उर्फ बाबा, डॉ पप्पी व अशोक भोजवाल समेत आदि भक्त मौजूद रहे।



जगराते में नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### विकास प्रदर्शनी में कवि सम्मेलन आज

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में 20 जनवरी दिन सोमवार को रात्रि 8 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन महेंद्र पाटकार मृदुल की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। जिसमें हास्य, वीर, सौंदर्य रस के कवि अपने काव्य पाठ्य के माध्यम से श्रोताओं को आनंदित करेंगे। यह जानकारी मेला अधिकारी देवेंद्र कुमार ने दी है।

### सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित तीन लोग घायल

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन लोग घायल हुए। घायलों को इलाज के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनुआं निवासी श्यामरूप किसी काम के चलते जालौन आए थे। रात्रि करीब 8 बजे वह वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह बाइक लेकर उदोतपुरा बंबी के पास पहुंचे तो सामने से आ रही बाइक के चालक ने अनियंत्रित होकर उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में श्यामरूप गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पत्नी पूजा ने कोतवाली में बाइक व अज्ञात चालक के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम हदरूख निवासी श्रकृष्ण बाइक से उरई गए थे। वापस लौटते समय रात्रि करीब 10 बजे उनकी बाइक में देवनगर चौराहे के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे श्रीकृष्ण व सुमन देवी पत्नी हर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### एम्बुलेंस कर्मियों ने बीच रास्ता में कराया गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अस्पताल जा रही गर्भवती को रास्ते में प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस स्टाफने सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के उपरांत जच्चा बच्चा दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कि रविवार की सुबह तहसील क्षेत्र के गांव छानी खास निवासी राममोहन ने स्वास्थ्य विभाग के एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर पर अपनी पत्नी प्रीति देवी के प्रसव पीड़ा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस के साथ पहुंचे चालक अंकित यादव व ईएमटी जगपाल गर्भवती महिला एबुंलेंस से सीएचसी के लिए लाने लगे। रास्ते में लौना के पास गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा तेज होने पर स्टाफने एंबुलेंस रोक दी, गर्भवती महिला का परिजनों की उपस्थिति में आशा बहू व चिकित्सा स्टॉफद्वारा एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। प्रसव उपरांत जच्चा बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं। दोनों को सीएचसी में भर्ती किया गया है। वहीं, जच्चा बच्चा के सुरक्षित होने पर परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### शिव भक्तों ने नगर में जगह-जगह कराया भंडारे का आयोजन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि पर्व के समापन पर नगर में जगह जगह हवन-पूजन के साथ प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने बड़ी संख्या में पहुंच कर भंडारा चखा। शनिवार को नगर में शिवरात्रि के मौके पर जगह जगह धार्मिक आयोजन किए गए। मंदिरों व घरों में श्रीराम चरित मानस का अंखड पाठ किया गया। श्रीवीर बालाजी हनुमानजी मंदिर में देर रात भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक आयोजन शुरू हुआ जो मध्य रात्रि तक चला। मोहल्ला ओझा स्थित शिव मंदिर, काशीनाथ में अवनींद्र श्रीवास्तव, जोशियाना में उमेश दीक्षित के आवास व हनुमानजी मंदिर, बिरिया खेड़ा मंदिर, नर्मदेश्वर मंदिर औरैया रोड, फर्दनवीस, नारोभास्कर, चौधरयाना समेत कई मंदिरों व भक्तों के आवास पर राम चरित मानस के पास का पाठ हुआ। राम चरित मानस के समापन के बाद रविवार को हवन-पूजन के साथ प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा भोलेनाथ नगर सेवा समिति द्वारा मोहल्ला चौधरयाना में, जोशियाना में उमेश दीक्षित, चुर्खीबाल में बालजी गुर्जर समेत विभिन्न स्थलों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद को ग्रहण किया।

# खेत में मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तिर्वा तहसील क्षेत्र के ग्राम सुक्खापुरवा निवासी युवक का शव खेत में पड़े मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक एक दिन पहले महाशिरात्रि का मेला देखने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे बीती रात उसका शव खेत में पड़ा मिला जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुक्खापुरवा निवासी गोपीनाथ का 25 वर्षीय पुत्र रवि एक दिन पहले मेला देखने की बात कह कर घर से निकला था। शिवरात्रि पर वह मेला देखने तिर्वा के शिव मंदिर गया था, लेकिन वह देर रात तक अपने घर नहीं लौटा, जिससे परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने रात में ही उसकी खोजबीन शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कहीं पता नहीं चला। परिजन उसकी खोजबीन करते हुए शनिवार की रात्रि करीब 1 बजे तिर्वा के दौलेश्वर धाम मन्दिर पहुंचे। तभी उनकी नजर मन्दिर के पीछे खेत में पड़े शव पर पड़ी। खेत में उसका शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना तिर्वा कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी महेशवीर सिंह घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर मृतक युवक के शव को कब्जे में ले लिया और राजकीय मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। रविवार की सुबह शव को पीएम के लिए भेजा। वहीं परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि युवक का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मेला देखने के बहाने वह युवती से मिलने गया था। जिस कारण युवती के परिजनों ने उसकी हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया होगा। कोतवाली पुलिस घटना के सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।





मृतक का फाइल फोटो व घटनास्थल पर मौजूद लोग समृद्धि न्यूज

# बीमारी के चलते वरिष्ठ पत्रकार का निधन

▶ नगर में उमड़ी शोक की लहर

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**

युवा पत्रकारों को अनुशासित रहने एवं जनसमस्याओं सहित प्रशासनिक सिस्टम की कमियों को प्रमुखता से प्रकाशित करने के लिए प्रेरित करने वाले वरिष्ठ पत्रकार राकेश चंद्र श्रीवास्तव का बीती शाम बीमारी के चलते निधन हो गया। जिससे नगर सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

शनिवार की शाम नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी 70 वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार राकेश चंद्र श्रीवास्तव का बीमारी के चलते बनारस स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर नगर सहित क्षेत्र में शोक की लहर उमड़ पड़ी। रविवार की सुबह जैसे ही उनके शव को आवास पर लाया गया, तो परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार की दोपहर परिजनों द्वारा उनके पार्थिव शरीर को जलेसर गंगा घाट पर ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया। गंगा घाट पर मौजूद लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इस दौरान एडवोकेट श्वेतांक तिवारी, युवा सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता, मनोज अग्रवाल एडवोकेट पीयूष चतुर्वेदी, अजीत मिश्रा, रजनीश गुप्ता, गगन गुप्ता, तरुण गुप्ता, पंडित राकेश द्विवेदी, पत्रकार केके श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र गुप्ता, प्रदीप पाठक, पंकज वर्मा, मनोज गुप्ता, आशीष शर्मा, कैलाश सैनी, अंशु पंडित आदि मौजूद रहे।



(फाइल फोटो) पत्रकार राकेश चन्द्र श्रीवास्तव

# ई-कोर्ट परियोजना आधारित दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



प्रशिक्षण कार्यशाला में मौजूद न्यायालयों के कर्मचारी समृद्धि न्यूज

▶ जनपद न्यायालय सभागार में आयोजित हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

सर्वोच्च न्यायालय व न्यायिक प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, लखनऊ के निर्देशन में रविवार को जनपद न्यायालय के सभागार में ई-कोर्ट परियोजना आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जनपद न्यायालय कन्नौज के सिस्टम अधिकारी प्रदीप कुमार यादव द्वारा न्यायालयों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। रविवार को जनपद न्यायालय के सभागार में ई-कोर्ट परियोजना आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ इस दौरान जनपद न्यायालय कन्नौज के सिस्टम अधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने ई-कोर्ट प्रोजेक्ट का संक्षिप्त विवरण बताया। साथ ही ई-फाइलिंग, आईसी जेएस माड्यूल, एनस्टेप माड्यूल तथा ई-पेमेंट के माध्यम से न्यायालय शुल्क जमा किया जाना आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी ऋषिपाल, आईसीटी स्टाफसंदीप तथा न्यायालयों के पेशकार, कार्यालयों के लिपिकगण व नजारत अनुभाग के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## किशोरी को भगाने का मुकदमा दर्ज





**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** एक नाबालिग किशोरी को युवक अपने परिजनों के सहयोग से कहीं बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम उसकी 17 वर्षीय पुत्री को तिर्वा रोड निवासी सनी गुप्ता पुत्र सीताराम गुप्ता अपनी मां पूजा देवी के सहयोग से कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

# कबड्डी में सौरिख ए की टीम रही विजई

▶ शहर के बोर्डिंग मैदान में चल रही है सांसद खेल स्पर्धा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शहर के बोर्डिंग मैदान मे बीती 9 फरवरी से आयोजित सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत रविवार को कबड्डी व वॉलीबॉल खेल का फाइनल आयोजन हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता में सौरिख ए के खिलाड़ियों ने फ़ाइनल जीता। वहीं वॉलीवाल सेमी फाइनल का प्रथम मैच तुलसीपुर और मढ़पुरा के मध्य हुआ, जिसमें तुलसीपुर टीम 2-0 से विजयी रही। विजेता टीम को सांसद सुब्रत पाठक ने सभी खिलाड़ियों की हौसलाफजाई करते हुए नगद प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया।

रविवार को सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत बोर्डिंग ग्राउण्ड में कबड्डी का मैच सौरिख ए व सौरिख बी तथा, नेरा, व योद्धा के बीच हुआ, जिसमें फ़ाइनल मैच सौरिख 'ए' और सौरिख 'बी' के बीच हुआ, परिणाम स्वरूप सौरिख 'ए' ने फ़ाइनल मैच जीता। वहीं वालीबॉल सेमीफाइनल का प्रथम मैच तुलसीपुर और मढ़पुरा के मध्य हुआ, जिसमें तुलसीपुर 2-0 से विजयी रही, दूसरा मैच आजाद नगर और समधन के मध्य हुआ जिसमें समधन 2-0 से विजयी रहा। इसके उपरांत फाइनल मैच तुलसीपुर और समधन के मध्य हुआ, जिसमें समधन 2-0 से विजयी रहा। सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना से प्रतिभाग किया और खेल में कई जगह रोमांचक पल आये। विजयी टीमों को तथा सभी अन्य खेलों के विजयी खिलाड़ियों को सांसद सुब्रत पाठक ने हौसलाफजाई करते हुए नगद प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया। निर्णायक के रूप में चंद्रभान यादव, शिवम सिंह, पुनीत पांडेय, नरेंद्र खैरवार, अभिषेक वर्मा, वीरेश गुप्ता, सुरजीत तोमर और शैलेन्द्र राणा ने निभाई। इस मौके पर अवनीश बेरिया, सौरभ मिश्रा, आनंद मिश्रा, सजल सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करते हुए खिलाड़ी समृद्धि न्यूज

# श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर भंडारे का हुआ आयोजन



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालुगण समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कस्वा के मोहल्ला पठकाना स्थित बाबा बर्फानी मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा रविवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन अवसर पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य से पधारे कथा वाचक आचार्य अवधेश चंद्र द्विवेदी ने सात दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। सात दिवसीय चलने बाले धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में धर्म प्रेमियों ने पहुंच कर धर्म लाभ लिया व श्रीमद् भागवत कथा के संपन्न होने पर प्रसाद ग्रहण भी किया। वहीं कथावाचक अवधेश चंद्र द्विवेदी ने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। कथावाचक ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण व वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। साथ ही व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान व वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। इस दौरान ब्रजेश शुक्ला, श्यामकिशोर पाठक, रामरूप, अबधेश मिश्रा, अजीत दुबे, गीता पाठक, ओमप्रकाश, आशीष पाठक, गौतम दुबे, शिवकांत अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग स्थानों पर भूमि व डीजे बजाने के विवाद में दो पक्षों में संघर्ष

▶ शांतिभंग की आशंका पर महिला सहित नौ लोगों पर हुई कार्रवाई

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्रामों में भूमि व डीजे बजाने के विवाद को लेकर लोगों मे गाली गलौज के साथ झगड़ा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत चौकी नौरंगपुर के ग्राम सददूपुर निवासी अनूप, राजीव, वीरभान, जगपाल व स्नेहलता के बीच पैतृक भूमि की विरासत दर्ज कराने को लेकर रविवार को गाली गलौज के साथ ही मारपीट व झगड़ा हो गया। इसी प्रकार जसोदा अन्तर्गत ग्राम सरैया तेरारागी निवासी तेजराम, कुलदीप, सतेन्द्र, सुरेन्द्र के बीच डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया।

लोगों में गाली गलौज के साथ मारपीट व खींचतान होने लगी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला सहित नौ लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की आशंका पर कार्रवाई की है।



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी समृद्धि न्यूज

# सूदखोरों के जाल में फंसे गरीब व जरूरतमंद

▶ बिना पंजीकरण के कई लोग कर रहे सूदखोरी का धंधा

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीमारी एवं भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जाने अनजाने में जरूरतमंद लोगों को सूदखोरों के जाल में फंस कर जहां एक और बड़ी आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। तो वहीं दूसरी ओर ब्याज की मोटी रकम ना चुका पाने के कारण कई लोगों को जिंदगी को भी दांव पर लगाना पड़ता है।

बताते चलें कि नगर व क्षेत्र में तमाम ऐसे सूदखोर है जो बिना पंजीकरण के खुलेआम मनचाहे ब्याज पर लोगों को रकम दे रहे हैं। उसके बदले 10 से लेकर 15 फीसदी तक ब्याज लेने के साथ-साथ चक्रवृद्धि ब्याज भी वसूला जा रहा है। एक बार इनके भंवर जाल में फंसे लोग असल तो दूर बल्कि जीवन भर प्याज ही नहीं चुका पाते हैं। जिसके कारण सूदखोर की प्रताड़ना के चलते कई बार लोगों को अपनी जिंदगी को भी दांव पर लगाना पड़ता है। सूदखोरों के शिकंजे में फंसे गरीब बेबस लोगों को जमीन, जेवर सहित अन्य कीमती सामान भी बेचना पड़ रहा है। जब इससे भी इन की रकम पूरी नहीं होती है। तो लोग जिंदगी का दांव भी लगाने पर मजबूर हो जाते हैं। उधर उच्च अधिकारियों की अनदेखी के कारण सूदखोरी का धंधा दिनों दिन तेजी से फल-फूल रहा है। उच्चाधिकारियों द्वारा गैर कानूनी कार्य करने वाले सूदखोरों के विरुद्ध कार्यवाही ना होने से उनके हौसले बुलंद हैं। जिससे उनके दलाल सूद वसूलने के नाम पर खुलेआम गरीबों का शोषण कर रहे हैं।

## पुलिस ने अवैध शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** शनिवार की शाम हमराह सिपाहियों के साथ शांति व्यवस्था में गश्त कर रहे हैं। कोतवाली के उपनिरीक्षक अविनेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम खांडेदेवर में कब्रिस्तान के निकट छापेमारी कर एक युवक के पास से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम सूरज गिहार बताया है। पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# पीएचसी पर लगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, परीक्षण के बाद वितरित की दवाएं



मेले में मरीजों की जांचकर परामर्श देते डॉ. अनिल समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

शासन की मंशानुसार प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रविवार को जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जसपुरापुर, अनौगी व जलालाबाद पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन हुआ। मेले में उपचार कराने के लिए विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त मरीज पहुंचे। जिन्हें चिकित्सकों ने परामर्श दिया। जिसमें पीएचसी जसपुरापुर में 25,अनौगी में 30 तथा जलालाबाद में 46 तीन पीएचसी में कुल 101 मरीजों को उपचार मिला। मेले में मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण हुआ। चिकित्सकों द्वारा बदलते मौसम में वायरल फीवर के बढ़ते प्रकोप व सेहत के प्रति सचेत रहने की सलाह दी गई। वहीं मेले में चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी विशेष परामर्श भी दिया, साथ ही जसपुरापुर पीएचसी पर मौजूद डॉ अनिल यादव ने सभी मरीजों की विधिवत जांच के बाद निःशुल्क दवा एवं उचित परामर्श देने का कार्य किया। फार्मासिस्ट नवीन सचान ने मरीजों की विधिवत देखभाल करने एवं दवा वितरण में भरपूर सहयोग किया। इस दौरान डॉ माजिद, डॉ इफ्राक हुसैन, फार्मासिस्ट सीमा सचान, ओमकार, एलटी चंद्रप्रकाश, रवि कुमार समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# गृह कलह से क्षुब्ध महिला ने लगायी फांसी, हालत गंभीर


अस्पताल में भर्ती महिला

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** गृह कलह से क्षुब्ध महिला कमरे में फांसी का फंदा बनाकर गले में डाल रही थी, तभी आंगन में खेल रहे भतीजे ने देख लिया और वह जोर-जोर से रोने लगा। आवाज सुनकर महिला का पति दौड़कर आया और महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नगला फार्म निवासी अनीता पत्नी शिवरतन ने गृह कलह से क्षुब्ध होकर आत्महत्या के उद्देश्य से पंखा के सहारे फांसी लगा ली, तभी आंगन में महिला की डेढ़ साल की पुत्री व जेठानी का पुत्र खेल रहा था, तभी बच्चे जोर-जोर रोने लगे और बालक चाची को बचाने की आवाज लगाने लगा। चीखपुकार की आवाज सुनकर बाहर बैठा महिला के पति शिवरतन ने दौड़कर महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# गवाही देने की रंजिश में युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मुकदमे में गवाही देने की रंजिश में युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अतरौली पट्टी निवासी सुधांशु गुप्ता पुत्र प्रेमचंद गुप्ता ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया उसकी भाभी बबली गुप्ता दिनांक 18 जनवरी को थाना कमालगंज में मुकदमा दर्ज कराने गई थी। पुलिस ने अपराध संख्या 26/2022 धारा 323, 307 आईपीसी में विपिन भूरे उर्फ अरविंद पुत्रगण लक्ष्मीचंद्र एवं लक्ष्मीचंद पुत्र स्वर्गीय रामस्वरूप के विरुद्ध दर्ज कराया था। उक्त मुकदमे की जांच करने दो सिपाही समय लगभग 5.30 पर गए थे। जिसकी जांच के बाद मेरे पिता प्रेमचंद्र एवं मेरी बहन के हस्ताक्षर कागजात पर करा लिये। इसी रंजिश में समय करीब 6.30 पर नशे में धुत होकर विपिन, भूरे उर्फअरविंद, स्वतंत्र उर्फ रमन पुत्रगण लख्मीचंद एवं लख्मीचंद्र पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र निवासी अतरौली थाना कमालगंज सभी एक राय होकर पीड़ित के घर आये और उसे मां-बहन की गालियां देते हुए मारपीट करने लगे और बोले गवाही दी, तो बबली के साथ तुम लोगों को जान से मार देंगे। उक्त घटना के संबंध में तहरीर पीड़ित ने कमालगंज पुलिस को दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी। तब पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# शहादत दिवस पर याद किये गये नबाव तफज्जुल हुसैन खां

- शहीद महावीर सिंह की भतीजी का किया गया अभिनंदन


शहीद महावीर सिंह की भतीजी को सम्मानित करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नबाव मोहम्मद खां बंगश बेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में नबाव तफज्जुल हुसैन खां के शहादत दिवस पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बहादुरगंज तराई स्थित बारादरी संस्था कार्यालय पर नबाव काजिम हुसैन की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के दौरान कालापानी के शहीद महावीर सिंह की भतीजी स्नेहलता राठौर को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इतिहास के विद्वान डा0 रामकृष्ण राजपूत जनपद में नबावो द्वारा अंग्रेजों के साथ किये गये संघर्ष पर प्रकाश डाला। हिन्दू मुस्लिम एकता, काला पानी फांसी, जेल आदि के बारे में बताया और वर्तमान दौर में देश को बचाने के लिए तैयार रहने की अपील की। पंजाब से आये लेखक विजय सागर ने भारत के इतिहास में फर्रुखाबाद की शहादत विषय को रेखांकित किया। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष अनीस अहमद खां एडवोकेट ने संचालन किया। कार्यक्रम में जवाहर सिंह गंगवार, डा0 जुनैद खां बंगश, बिलाल सफीकी, डा0 मोहम्मद मोहसीन, युसूफ खां आदि ने विचार व्यक्त किये।

# फतेहगढ़ महोत्सव की युवा समिति टीम गठित


फतेहगढ़ महोत्सव समिति की बैठक में मौजूद युवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ महोत्सव समिति की युवा टीम का गठन समिति के सदस्य युनुस अंसारी के आवास पर किया गया। अध्यक्ष साबिर हुसैन व महामंत्री जाहिद खां जुम्मन को बनाया गया। फतेहगढ़ महोत्सव को भव्य बनाने के लिए इस बार युवाओं को भी जिम्मेदारी दी गयी है।

फतेहगढ़ महोत्सव युवा समिति के अध्यक्ष साबिर हुसैन ने अपनी युवा टीम में महामंत्री जाहिद खां जुम्मन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता, उपाध्यक्ष निहाल खान, उपाध्यक्ष नाजिम, उपाध्यक्ष शिवाशीष तिवारी को बनाया है। सचिव की जिम्मेदारी अमित अवस्थी, ताज खां, सैय्यद जहाजैब अली, अलीम अब्बासी को जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा युवा कमेटी में सदस्य भी बनाये गये हैं। फतेहगढ़ महोत्सव को शानदार बनाने के लिए युवाओं ने इस बार जिम्मेदारी संभाली है। महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आयेंगे। इस बार कवि सम्मेलन में मुशायरा को स्व0 मुलायम सिंह यादव की याद में मनाया जायेगा। कार्यक्रम में क्रास कंट्री रेस, महिला सम्मेलन, कवि सम्मेलन व मुशायरा, छात्र सम्मान, मेधावी सम्मान, फर्रुखाबाद प्रतीक संसद, हॉकी मैच, किस्सा गोष्ठी, जंग-ए-आजादी पर सेमिनार, सर्व धर्म सम्मेलन, पत्रकार चिकित्सक एवं अधिवक्ता सम्मान आदि कार्यक्रम होंगे। फर्रुखाबाद, फतेहगढ़ एवं कन्नौज के इतिहासों को जोड़ते हुए फतेहगढ़ हमारी विरासत स्मारिक का विमोचन किया जायेगा।

# भाविप के दृष्टि सुरक्षा कैंप में 18 मरीज आपरेशन के लिए भेजे गये कानपुर

- 40 अन्य मरीजों का परीक्षण कर दी गयी दवायें


कैंप में नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद् महीयसी महादेवी शाखा द्वारा संत राकेश गौड़ की स्मृति में जवाहर लाल रोहतगी नेत्र चिकित्सालय कानपुर के सहयोग से पांचाल घाट रोड स्थित बालाजीपुरम में एक दृष्टि सुरक्षा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल विद्यार्थी एवम् डॉक्टर राज आर्यन अग्निहोत्री की टीम ने 58 नेत्र रोगियों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। इन रोगियों में से 18 रोगियों के नेत्र में मोतियाबिंद पाया गया। मोतियाबिंद के रोगियों से आधारकार्ड की छाया प्रति और उनके परिजन का मोबाइल नंबर लेने के बाद ऑपरेशन के लिए बस द्वारा कानपुर भेज दिया गया। उक्त रोगियों का कल ऑपरेशन करने के पश्चात दवाएं एवम् चश्मा देकर मंगलवार को बस द्वारा फर्रुखाबाद पहुंचा दिया जाएगा। कैंप की व्यवस्था भारत विकास परिषद् के सह संगठन सचिव गौरव मिश्रा के साथ ही अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, अनुज गुप्ता, राजीव पुरवार, आलोक रायजादा, डॉक्टर सुमित प्रजापति, दीपक दीक्षित, विजय गौर आदि ने व्यवस्था में पूर्ण सहयोग किया।

## दबंगों ने मां-बेटे को पीटा, एनसीआर दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जानवर खेत में जाने से रोकने की बात कहने पर दबंगों ने युवक व उसकी मां को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली। राजू यादव निवासी ग्राम कुण्डपुरा ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 14 फरवरी को गांव के रिंकू यादव, संजीव, मनोज से खेत में जानवर रोके जाने की बात कहने पर विवाद हो गया। दबंगों पीड़ित व उसकी मां को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# खबरें चलते-चलते

## पति व ससुर पर मारपीट की एनसीआर दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** महिला ने पति व ससुर पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरु कर दी है। कविता पत्नी शंकर दीक्षित निवासी ग्राम श्रंगीरामपुर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि पति शंकर सिंह पुत्र विजय नारायण, ससुर विजय नारायण पुत्र नामालूम ने उसके साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

## यात्रा निकाल शिवाजी की मूर्ति का किया दुग्धाभिषेक



**फर्रुखाबाद (सं.)।** सरदार पटेल युवा मंच फाउंडेशन ने विशाल रैली निकालकर शिवाजी संस्थान पहुंचकर वहां स्थापित छत्रपति शिवाजी की मूर्ति का दुग्धाभिषेक किया व फूल मालाएं चढ़ाई। संस्था के अध्यक्ष गौरव कटियार के नेतृत्व में निकाली गयी यात्रा में विनोद गंगवार, पीयूष गंगवार, रिन्कू कटियार, अभय कटियार, गौरव कटियार, शरद कटियार, रीतू कटियार, शालू कटियार, पंकज, पवन कटियार, टनू, मयंक कटियार, नितिन गंगवार, उत्कर्ष कटियार, शिव मोहन, गोपाल, अर्पित कटियार, बंटी ठाकुर, हर्षवर्धन शामिल रहे। सरदार पटेल युवा वाहिनी के अध्यक्ष पवन कटियार एवं सदस्यों द्वारा मूर्ति अनावरण में सरदार पटेल युवा मंच फाउंडेशन के सदस्यों का उत्साहवर्धन तथा शिवाजी के जयकारे लगाये।

# अंतरा इंजेक्शन के लाभार्थियों की बढ़ी संख्या


महिला को टीका लगाती एएनएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवीन गर्भनिरोधक साधनों में महिलाओं की पहली पसंद बना त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा। जहां बच्चों के जन्म में अंतर रखने में बेहद कारगर व सुरक्षित है, वहीं गर्भाशय, अंडाशय व स्तन के कैंसर से भी रक्षा करता है। त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा अपनाने वाली लाभार्थी रेशमा (काल्पनिक नाम) महिलाओं के लिए रोल मॉडल बनी हुई हैं। रेशमा अब तक तीन माह के अंतर पर 16 डोज अंतरा इंजेक्शन के लगवा चुकी हैं। इस साधन के प्रयोग से इनको कोई परेशानी नहीं हुई है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन के साधनों में अब लोगों का झुकाव परिवार नियोजन के साधनों के प्रति बढ़ रहा है।

जिला परिवार नियोजन परामर्शदाता विनोद कुमार बताते हैं कि इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनवरी तक 7102 महिलाओं ने इसको अपनाया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 21- 22 में 4387 महिलाओं ने तो वित्तीय वर्ष 20-21 में जनवरी 2285 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन को अपनाया था। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा सक्सेना ने बताया कि अंतरा प्रत्येक तीन महीने पर इंजेक्शन द्वारा दिया जाता है, जो महिलाएं गर्भनिरोधक गोली नहीं खा सकतीं है वह इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर महिला को घर में घुसकर पीटा



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर दबंगों ने जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट कर दी। आसपास के लोगों के आ जाने पर जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव चौंसपुर निवासी अतरा देवी पत्नी गंगा चरन ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बीते दिवस गांव के करुण कुमार, स्नेह कुमार, अंचल कुमार पुत्रगण ब्रह्मदत्त, ओम पुत्र स्नेह कुमार, धन देवी पत्नी स्नेह कुमार, माधुरी पत्नी करण कुमार तथा इनकी भांजी गोल्डी जमीन पर अवैध कब्जा करने के उद्देश से गाय बांधने लगे। जिसका पीड़िता विरोध किया तो दबंगों ने जाति सूचक गालियां देते हुए घर में घुसकर लाठी-डंडों से पीटा। चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के कई लोग मौके आ गये। जिन्हे देखकर आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 आई.पी.सी. के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# अर्चना राठौर ने निकाली हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

- ग्राम मौधा में हुई जनसभा


हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में भाग लेंती अर्चना राठौर व मनोज गंगवार

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के क्रम में भोजपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी अर्चना राठौर के नेतृत्व में ग्राम मौधा में एक जनसभा हुई। मुख्य अतिथि यात्रा के जिला प्रभारी अनिल यादव रहे। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज गंगवार ने की। सभा में कांग्रेस के भोजपुर विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस साल 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए इस यात्रा के काफी मायने निकाले जा रहे हैं। भाजपा सरकार की नीतियों के कारण बढ़ती आर्थिक विषमताओं, सामाजिक ध्रुवीकरण और सत्ता के केंद्रीकरण के खिलाफ एक सामाजिक लामबंदी के जरिए देश में लोकतंत्र को और मजबूत करना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। जानकारी के मुताबिक तीन महीने के इस चुनावी अभियान में कांग्रेस 10 लाख मतदान केंद्रों तक पहुंचेगी और 2.5 लाख ग्राम पंचायतें, 6 लाख गांवों और हर राज्य में जाएगी। इस डोर-टू-डोर कैंपेन मेंकांग्रेस कार्यकर्ता मोदी सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ राहुल गांधी का संदेश चिट्ठी के माध्यम से घर-घर पहुंचाएंगे। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, जिला महासचिव अभिनय गंगवार उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

- संजीव वर्मा बने नगर प्रभारी
- यज्ञ में बुलडोजर की दी गयी आहुति



कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद जिलाध्यक्ष व आप नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मलेन सम्पन्न हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष इंजी नीरज प्रताप शाक्य के नेतृत्व में बुलडोजर आहुति यज्ञ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पक्कापुल स्थित सिन्धी धर्मशाला में किया गया। कार्यकर्ता सम्मलेन में छात्र नेता संजीव वर्मा को नगर पालिका का प्रभारी नियुक्त किया गया। नगरपालिका प्रभारी संजीव वर्मा कहा कि शहर में पालिका बाजार की व्यवस्था नहीं की गयी, साथ ही टैक्सी व रिक्शा स्टैंड की व्यवस्था नहीं की गयी, शहर में जल भराव की बदहाली दूर करने की व्यवस्था नहीं की गयी, नगर पालिका के स्कूलों की उचित व्यवस्था नहीं है, आधुनिक तकनीक से शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं है, आधुनिक पद्धति द्वारा शत-प्रतिशत कूड़े का निस्तारण नहीं किया गया, शहर में वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है, बच्चों के लिए पार्कों में खेलकूद व पार्कों के सुंदरीकरण की उचित व्यवस्था नही है, आवारा पशु, बंदर, बैल, साड़, कुत्ता आदि की व्यवस्था नहीं की गयी है, सभी वार्डो व मोहल्ला में क्लीनिक की व्यवस्था नहीं की गयी, अतिक्रमण हटाने के दौरान जन प्रतिनिधि साथ क्यों नहीं आदि मुद्दे उठाये गये। इस मौके पर ठा0 कुलदीप सिंह, अदनान शाह, रमाकांत शाक्य, अंकित शाक्य, नदीम शाह, अजय कुमार पाल, पूर्व डिप्टी एस0पी0 राजेश सिंह यादव, दिनेश शर्मा, फैजान, रामकिशन कश्यप, ध्रुव राजपूत, अनूप वर्मा, विनीत मिश्रा, प्रमोद शाक्य, सैय्यद वसीम अली, दीपक पाल, विजय प्रताप सिंह, गौरव मलिक, रोशन जमा सर, पवन दुबे, राशिदउद्दीन सिद्दीकी, मंजेश शाक्य, काशीराम कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे कर्मी घायल

**फर्रुखाबाद (सं.)।** मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर अवस्था में एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना राजारामपुर के मूल निवासी अशीष पुत्र सियाराम हाल निवासी थाना मऊदरवाजा के गुमटी नगला नखासे के पास लाइन चेक कर रहा था। उसी समय अचानक मालगाड़ी के आ जाने पर वह उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल रेलवे कर्मी को परिजनों ने एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों के अनुसार आशीष गुमटी नंबर 158 पर कीमैन के पद पर तैनात था। 4 दिन पहले उसकी ड्यूटी लाइन चेक करने के लिए लगायी गई थी। चिकित्सिकों ने बताया कि घायल की हालत स्थिर बनी हुई है। उसका उपचार जारी है।

## एसपी ने दरोगा के खिलाफ जांच सीओ को सौंपी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव अजीजाबाद निवासी प्रधान प्रतिनिधी धर्मेंद्र राजपूत ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि अजीजाबाद हल्का क्षेत्र का दरोगा आए दिन उसके साथ व ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज तथा गांव के ही दबंग व अपराधी किस्म के लोगों से मिलकर ग्राम समाज की जमीन पर दबंगों का कब्जा करवा रहा है तथा पीड़ित व अन्य ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाने की की भी धमकी दे रहा है। जिस जमीन पर दरोगा द्वारा अल्मापुर निवासी जयवीर पुत्र तुलाराम को गैरकानूनी तरीके से कब्जा कराया गया, उक्त व्यक्ति के पास अजीजाबाद राजस्व ग्राम में कोई भी भूमि नहीं है न ही राजस्व रिकॉर्ड में उसका नाम अंकित है। वहीं दरोगा पीड़ित व ग्रामीणों को गंदी-गंदी गालियां देता है। जिससे ग्राम वासियों में रोष व्याप्त है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने दरोगा के खिलाफ मामले की जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी है।

# जय भोले बाबा कमेटी ने किया महा रुद्राभिषेक

- रुद्राभिषेक के बाद भक्तों ने भजन गाकर किया जमकर नृत्य


गंगा तट पर रुद्राभिषेक करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जय भोले बाबा कमेटी के कार्यकर्ताओं ने पतित पावनी मां गंगा के तट दुर्वासा ऋषि आश्रम पर 22वें महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया। भक्तों ने गंगा तट पर पहुंच कर साफ-सफाई कर बालू से भगवान भोलेनाथ महाकालेश्वर की आकृति बनाकर बाबा भोलेनाथ का स्वरूप देकर फूलों से भव्य श्रृंगार किया तथा मां गंगा का पूजन कर मां गंगा के तट पर पूरी रात्रि महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया और बाबा भोलेनाथ को भांग, धतूरा, फूल, दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, फल मिष्ठान आदि से भोग लगाकर बाबा भोलेनाथ और मां गंगा की आरती की। उसके बाद ठंडाई और खीर का भोग लगाकर भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। रुद्राभिषेक में पंडित अजय तिवारी शास्त्री ने मंत्रोच्चारण से बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कराया। वहीं रुद्राभिषेक के बाद भक्तों ने बाबा भोलेनाथ के भजन गाकर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। भोलेनाथ की शादी हम तो नाचेंगे, पीके शंकर जी की बूँटी गाने पर सभी भक्तों ने जमकर नृत्य किया तथा बाबा भोलेनाथ और माता पार्वती की झांकी के दर्शन कर भक्तों ने जमकर जयकारे लगाए।

रुद्राभिषेक रात्रि 10.00 से सुबह 5.00 तक मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया तथा उसके बाद आरती कर भक्तों ने अपने जीवन को कृतार्थ किया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, जीतू वाजपेई, नीरज बाजपेई, विपिन बाजपेई, नरेन्द्र वाजपेई, रज्जन बाजपेई, सुनील मिश्रा, विमल दीक्षित, प्रिंस पांडे ,सौरभ श्रीवास्तव, सागर पाण्डेय, सूरज यादव, चंदन सक्सेना, बृजेश अग्निहोत्री, रामू मिश्रा, अभिषेक सक्सेना, नितिन, नन्हे पंडित आदि महिलाएं तथा बच्चे लगभग एक सैकड़ा भक्त मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# सरे बाजार जूता व्यापारी की दुकान में तोड़फोड़ व लूट

**कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर घटी घटना**



दुकान में हुई तोड़फोड़ के बारे में जानकारी देते कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विवाद होने पर दबंगों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान दुकानदार ने अंगूठी व नगदी लूटने का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली सदर के घुमना बाजार स्थित बाटा दुकान पर दबंगों ने लेन-देन के मामले को लेकर मारपीट कर दी। दुकान मालिक का छोटा भाई क्रिस कनौजिया ने बताया कि करीब एक दर्जन युवक नई बस्ती निवासी गुड्डन पाण्डेय के साथ आये और मारपीट करने लगे। इस दौरान क्रिस ने सोने की अंगूठी व चैन लूटने व 24 तारीख से अब तक की बिक्री के पैसे व दो अंगूठिया लूट लेने का आरोप लगाया। वहीं इस घटना के संदर्भ में शहर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामला लेन-देन का था। जिससे विवाद हो गया था। दुकानदार द्वारा लूट का आरोप लगाया गया था, उसमें समझौता हो गया है।

# मार्ग दुर्घटना में युवक गम्भीर रुप से घायल, मुकदमा दर्ज



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक सवार ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर निवासी पीड़ित मुजाहिद उर्फ मुज्जन पुत्र मुन्नी खाँ ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है की मेरा पुत्र जैद खाँ खाँन पेट्रोल पम्प के सामने महताब मोटर साईकिल मैकेनिक के यहाँ काम करता है। बीते दिन करीब 6.30 बजे वह आ रहा था, तभी मोटर साईकिल चालक मोहित दुबे पुत्र नामालूम निवासी जटवारा कोतवाली कायमगंज ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मेरे पुत्र के टक्कर मार दी। जिससे मेरा पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया व मौके से मोटर साईकिल से भाग गया। आसपास के लोगों ने मेरे पुत्र को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया।

जहां डाक्टर ने गम्भीर अवस्था को देखते हुए डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# कान्हा गौशाला का डीएम ने किया निरीक्षण



गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दाना, भूसा की गुणवत्ता देखी और चरागाह बनवाने के निर्देश दिये।

नगर पंचायत में कान्हा गौशाला बनी है। जिसका रविवार को डीएम संजय कुमार ने पहुंचकर निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी कायमगंज मौजूद रहे। डीएम ने भूसा-दाना की जानकारी की। भूसा के लिए ईओ आशीष कुमार को निर्देशित किया कि नगर के व्यवसायियों से सहयोग लिया जाये। उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि अन्ना पशुओं के लिए चरागाह की व्यवस्था की जाये। 15 दिन के अंदर चारागाह के लिए जमीन दिलाने के ईओ आशीष कुमार को निर्देश दिये। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने पौधा लगाकर वृक्षारोपण भी किया।

## मारपीट में सात परिजनों पर मुकदमा दर्ज

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी रीता देवी पत्नी जसवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि रविवार को परिवार के विजय पुत्र प्रमोद, प्रमोद पुत्र मकरंद, शिवम पुत्र ब्रजराज, विकास पुत्र ब्रजराज, मोहनी पत्नी विजय, रीता पत्नी संजय, जसोदा पुत्री प्रमोद आकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर, चालक घायल





चौकी में मौजूद दोनों पक्षों के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया व कार क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के नागरिकों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला कूंचा भवानीदास निवासी अश्वनी मिश्रा पुत्र स्वर्गीय दिनेश चंद मिश्रा अपनी कार संख्या यूपी 78जीएस/3122 से आईटीआई चौराहे पर अपने निजी कार्य से जा रहे थे, तभी जसमई चौराहे के निकट गेहूं से लदे ट्रैक्टर के चालक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अश्वनी मिश्रा गम्भीर रुप से घायल हो गये व कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने दौड़कर ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया तथा घायल को अस्पताल पहुंचाया गया।

## जमीनी विवाद में दबंगों ने युवती को पीटा, एनसीआर दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने जमीनी विवाद के चलते युवती के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार गोल्डी पुत्री करुण कुमार ग्राम चौसपुर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 18 फरवरी को गंगाचरन पुत्र दुलारे, हिमांशु पुत्र गंगाचरन, राजेन्द्र पुत्र दुलारे, अच्छे कुमार पुत्र राजेन्द्र निवासीगण ग्राम गड़ाखेड़ा थाना जहानगंज ने जमीन विवाद को लेकर उसके साथ व रेखा के साथ गाली-गलौज किया तथा विरोध करने पर मारपीट कर दी और मेरा मोबाइल तोड़ दिया। थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर घटना की एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने में दो पर मुकदमा दर्ज

**पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व उसे बेंच लेने के मामले में पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा को दिये गये शिकायती पत्र में पीड़ित दिनेश कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी सलेमपुर रतन थाना मऊदरवाजा ने दर्शाया कि पीड़ित जयपुर में काम करता है। घर पर पत्नी व बच्चे रहते हैं। पड़ोस के ही गांव सिदंइया नवाबगंज का निवासी दामोदर पुत्र पातीराम पीड़ित के घर आने-जाने लगा और जर्मन पुत्र हिन्दूलाल के यहां काम करने लगा। पीड़ित के घर दोनों लोग आने-जाने लगे और एक दिन बहला-फुसलाकर उसकी पत्नी रामवीर को भगा ले गये। पीड़ित जयपुर से घर वापस आया तो पत्नी घर पर नहीं मिली तो पीड़ित ने जर्मन से पत्नी के बारे में पूछा, तो उसने कहा कि तेरी पत्नी दामोदर के पास है। दामोदर घर से फरार है।

पीड़ित ने मऊदरवाजा पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने दबंगों के प्रभाव में कोई कार्यवाही नहीं की। तब पीड़ित पुलिस अधीक्षक की शरण में गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने जर्मन व दामोदर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## विधवा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने खेत में खींचकर विधवा के जबरियन सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर दबंगों ने गालियां दी व मारपीट की और किसी को घटना बताने पर बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम छगन नगला निवासी विधवा महिला ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह 16 फरवरी को खेतों की तरफ शौच करने के लिए जा रहा थी। गांव के प्रदीप पुत्र पंचम लाल, ललित मोहन पुत्र राजकुमार ने उसे पकड़कर लिया और खेत में पड़ी झोपड़ी में ले गये। जहां उसके साथ जबरन बलात्कार किया और घटना किसी को बताने पर बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# खबरें चलते-चलते

## महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज (सं.)।** महिला की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर आये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के गांव चिलसरी निवासी ओमवती की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लाये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गाँव शंभू नगला निवासी सर्वेन्द्र, कुंवरपुर निवासी जैद व नगर के मोहल्ला पाठक निवासी रामकुमार मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सर्वेन्द्र व जैद को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## टेंपों चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के गांव बिंजी दरौरा निवासी अनिल कुमार रविंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका भाई सुनील कुमार भाभी शैलेश कुमारी पत्नी पंचम सिंह तथा भतीजी गुड़िया को बाइक से दवा दिलाने के लिए रजीपुर जा रहा था, तभी रास्ते में उगरापुर के पास रजीपुर की ओर से आ रहे टेंपो चालक शाहिद पुत्र साबिद निवासी भडौसा थाना जहानगंज ने टक्कर मार दी। जिससे भाई सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसके पैर की बिलिया टूट गई। उपचार के लिए फतेहगढ़ स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर रेफर कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर राव साहब निवासी महिला ने लिखाए गए मुकदमें में बताया बीते वर्ष मेरी पुत्री को राजू यादव पुत्र मेघनाथ निवासी महमदपुर अचला के मजरा नवादा बहला-फुसलाकर कहीं ले गया। मेरी पुत्री अपने साथ में घर पर रखे 50000 रुपये नकद तथा एक जोड़ी सोने की झुमकी, दो अंगूठी, एक चैन, एक जोड़ी झाले आदि सामान लेकर गई है। इसके साथ में वह घर का मोबाइल भी ले गई है, जबकि उस समय मैं और मेरा लड़का घर पर नहीं थी। खेत पर काम करने गए हुए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 363, 366 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

## शांतिभंग में पांच का चालान

**कमालगंज (सं.)।** पुलिस ने अशांति फैलाने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने रिंकू पुत्र प्रेम सिंह निवासी कुंडपुरा, गंगाचरण पुत्र राम दुलारे निवासी चोसपुर, करुण कुमार पुत्र ब्रह्मदत्त निवासी चौसपुर, आकाश पुत्र रमेश चंद्र निवासी मोहल्ला इंद्रानगर, दीपक पुत्र राकेश कुमार निवासी नारायणपुर गढ़िया को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।



# शिव पार्वती विवाह की लीला देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**संस्कार भारती के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम..........................**



शिवबारात में भाग लेते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के तत्वावधान में नाट्य शास्त्र के प्रणेता महर्षि भारत मुनि जयंती के उपलक्ष्य में महाशिव रात्रि के पर्व पर शिव पार्वती विवाह लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल त्रिपाठी, प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय, नवीन मिश्रा नब्बू, समरेंद्र शुक्ल आदि ने महर्षि भरत मुनि के चित्र पर पुष्पार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

नगर के प्राचीन कालीन पांडेश्वर नाथ शिव मंदिर में लीला का मंचन देखकर कथा प्रांगण में मौजूद श्रोता भाव विभोर हो गए। नाटक मंचन लीला की भूमिका में दर्शाया गया कि एक दिन राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान कर दिया। जिससे नाराज होकर माता सती ने दक्ष यज्ञ में कूद गई। इस घटना के बाद भगवान शिव तपस्या में लीन हो गए। उधर माता सती ने हिमवान के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया। सृष्टि में जब तारकासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ता जा रहा था, तभी देवतागणों ने उससे भयभीत होकर उसके वध की योजना बनाई। तारकासुर को वरदान प्राप्त था कि उसका वध सिर्फ भगवान शिव की संतान ही कर सकती है। भगवान शिव तपस्या में लीन थे, तभी सभी देवताओं ने मिलकर शिव और पार्वती के विवाह की योजना बनाई और भगवान शिव की तपस्या को भंग करने के लिए कामदेव को भेजा गया, लेकिन वह भस्म हो गए। इसके बाद देवताओं की विनती पर शिव जी पार्वती जी से विवाह करने के लिए मनाया गया । विवाह की बात तय होने के बाद भगवान शिव की बारात की तैयार हुई। बारात में देवता, दानव सभी लोग शामिल हुए। नाटक में शंकर जी नमन, पार्वती जी हर्षित, विष्णु जी स्वयं, कामदेव मोहित, राजा हिमांचल सुरेंद्र पाण्डेय, मायना अनिता द्विवेदी, नारद अरविंद, नाऊन ठाकुर नरेंद्र आदेश, आचार्य की भूमिका शरद मिश्रा आदि ने निभाई। म्यूजिक में पैड वादन शिवम शर्मा, ढोलक पर थाप श्याम जी व भजनों की प्रस्तुति नवीन मिश्रा नब्बू ने दी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष नाटककार के रूप में राज गौरव पाण्डेय को कला साधक सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके बाद वर्ष भर में आयोजित हुए कार्यक्रमों के लिए नवीन मिश्र नब्बू, अखिलेश पाण्डेय, किरण त्रिवेदी, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, रजनी लौंगवानी, आदेश अवस्थी. दिलीप कश्यप, अनिल प्रताप सिंह, साधना श्रीवास्तव, अर्पण शाक्य, अनुराग अग्रवाल, सतनाम सिंह, संजय गर्ग, भारती मिश्रा, शशीकांत पाण्डेय, आकांक्षा सक्सेना आदि को सम्मानित किया। इस मौके पर अनुभव सारस्वत, आदेश दीक्षित, गौरव मिश्रा, रविंद्र भदौरिया, पूनम पाण्डेय, कुलभूषण श्रीवास्तव, रोहित दीक्षित, मृदुल पाण्डेय मौजूद रहे।

# जेवर निकाल ले जाने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला अपने संबंधियों के साथ लाखों के जेवर लेकर घर से चली गई। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर न्यायालय की शरण ली। अदालत के आदेश पुलिस ने महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गदनपुर देवराजपुर निवासी सुभाष पुत्र सुरेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 19 जनवरी को हरदोई जनपद के थाना बिलग्राम गांव चकपुरवा निवासी विशनू पुत्र श्रीराम, राजीव व रामनिवास पुत्रगण लालाराम निवासी हनुमंतगढ़ी गुरसहायगंज थाना जिला कन्नौज अपनी कार से आये और उसकी पत्नी अनीता को बहला-फुललाकर ले गये। अनीता अपने साथ मां के रखे जेवरात तीन सोने के अंगूठी, एक सोने की चैन, चांदी की करधनी, सोने के कानों के कुंडल व 2 लाख 25 हजार रुपये ले गयी। पीड़ित के अनुसार पत्नी अनीता को मायके ले जाने की कहकर आरोपीगण ले गये। मैं दूध देने के लिए फतेहगढ़ गया था और बच्चे भी स्कूल गए हुए थे। घर पर कोई नहीं था। जब अपनी ससुराल में फोन कर जानकारी की तो ससुरालवालों ने कहा कि अनीता यहां नहीं आयी। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। कार्यवाही न होने पर डाक द्वारा पुलिस अधीक्षक को सूचना दी। कार्यवाही न होने पर न्यायालय की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने 379, 498 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# शिव परमात्मा निराकार है: बी0के0 मंजू बहन





बीबीगंज सर्चलाइट केद्र पर केक काटकर मोमबत्ती जलाकर महाशिवरात्रि मनाते अतिथिगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सर्च लाईट भवन बीबीगंज में रविवार को 87 वीं शिवजयन्ती (महाशिवरात्री) का कार्यक्रम केक काटकर मोमबत्ती जलाकर मनाया गया। मंच पर अनीता द्विवेदी, भ्राता अनिल त्रिपाठी, भ्राता रूपेश गुप्ता, डा0 शिवओम अम्वर, राजपाल महाराज महन्त ठाकुरद्वारा, बी.के.मंजू बहन मौजूद रहीं। बी.के.नीलम, बी.के.गिरिजा एवं बी.के. पूनम बहन ने एवं सौम्या मिश्रा ने भाव नृत्य की प्रस्तुति दी। संचालन शिवराम कश्यप ने किया।

मुख्य वक्ता बी.के.मंजू बहन ने कहा कि शिव परमात्मा निराकार है, परन्तु शंकर एक आकारी शरीर वाले देवता हैं। गीता में कहा गया है कि जब मैं इस धरती पर अवतरित होता हू तो मुझे कोटों में कोई एवं कोई में भी कोई विरला ही पहचान पाता है। मुख्य अतिथि अनीता द्विवेदी ने सभी को महाशिवरात्री पर्व की बहुत-बहुत बधाईयां दी। रूपेश गुप्ता ने कहा कि आज हम अपने बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं। इस कारण बच्चे ईश्वर एवं आध्यात्म से दूर होते जा रहे है। महंत राजपाल महाराज ने कहा कि गीता में भगवान ने कहा कि मैं तुम्हें जप, तप, दान, पुण्य से नहीं, लेकिन मै मनाभवन के मंत्र से मिल सकूंगा। मैं मनाभवन का अर्थ है कि हाथों से कर्म करो, लेकिन मन को मेरे में लगाओ, तो तुम मेरे पास आ जाओगे। शिवराम कश्यप ने कहा कि सारे संसार में एक देवता को भगवान की उपाधि दी गयी, परन्तु ईश्वर की उपाधि शिव परमात्म को दी गयी। जैसे रामेश्वर, गोपेश्वर आदि हैं। डॉ0 शिवओम अंबर ने कहा नाम से कोई नहीं महान से अर्थ होता है।

# छत्रपति शिवाजी के जन्मोत्सव पर प्रतिमा का हुआ अनावरण

**सरदार पटेल युवा मंच ने नेकपुर स्थित संस्थान में छत्रपति शिवाजी का मनाया 393वां जन्मोत्सव**



छत्रपति शिवाजी के जन्मोत्सव पर प्रतिमा स्थापित कराते समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को नेकपुर चौरासी स्थित शिवाजी संस्थान में 393 जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सरदार पटेल युवा मंच के संस्थापक पदाधिकारियों द्वारा मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही लोगों ने शोभायात्रा निकाल प्रतिमास्थल पर पहुंचे। सरदार पटेल युवा मंच के द्वारा प्रतिमा स्थापित व हवन पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समाज के लोगों ने हवन पूजन मे बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए आहूतियां दीं और शिवाजी को याद किया। सभी लोगों के मन में एक ही पीड़ा थी कि 20 वर्ष बीत गये, उसके बावजूद भी संस्थान में अभी तक दीवारें खड़ी हैं लेंटर तक नहीं पड़ा। अगर सभी एक जुट हो जायें, तो संस्थान को छत नसीब हो सकती है। कार्यक्रम में सुरजीत कटियार, सौरभ कटियार, महेंद्र सिंह कटियार, दीपक कटियार, संजू कटियार, संजीव कटियार, अतुल कटियार, मधुर कटियार, सौरभ कटियार, विशाल कटियार, रानू लंबरदार, विवेक कटियार, विनीत कटियार, नरजीत कटियार, अमित कटियार उर्फ लालू, अंकुर कटियार, मोनू कटियार, विकास कटियार ने हवन पूजन में भाग लिया। सभी ने शिवाजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर जवाहर सिंह गंगवार, डॉ0 वी0के0 गंगवार, सुरजीत गंगवार, विनोद गंगवार, पवन कटियार, मदारी गंगवार, वासु कटियार, आशीष कटियार, मोहित कटियार, समरजीत, इंद्रजीत, अभिनव गंगवार मौजूद रहे। साथ ही बुजुर्ग युवाओं ने कंधे से कंधे मिलाकर आगे भी सहयोग किए जाने की बात कही। जिससे संस्थान का भव्य निर्माण हो सके। सभी पदाधिकारियों ने वीर शिवाजी के जयकारे लगाये।